स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, सोमवार
2 फरवरी, 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष 1
सं. 2082 वि.
वर्ष 79, अंक - 164 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net



## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में पेश किया 53.47 लाख करोड़ से ज्यादा का बजट

# रक्षा बजट में 15% का इजाफा

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में बजट पेश कर दिया है। वे 85 मिनट बोलीं, लेकिन आम आदमी के लिए कोई बड़ा ऐलान नहीं किया। हालांकि टैक्स

- **सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बनाने की घोषणा**
- **17 कैंसर मेडिसिन ड्यूटी फ्री**

फाइल करने में सहूलियत, रेलवे प्रोजेक्ट और आयुर्वेदिक एम्स जैसी नई बातें कही हैं। बजट भाषण में कोई सीधा चुनावी ऐलान भी नहीं था। वे लोकसभा में तमिलनाडु की प्रसिद्ध कांजीवरम साड़ी पहनकर पहुंचीं जरूर, लेकिन इसी साल होने वाले पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी चुनाव पर सीधा असर डालने वाली घोषणाएं नहीं कीं।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहले बजट में सीतारमण ने जियो-पॉलिटिक्स और चुनौतियों की बात कही और देश का रक्षा बजट रु. 6.81 लाख करोड़ से बढ़ाकर रु. 7.85 लाख करोड़ कर दिया। यानी कुल रक्षा में 15.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। रक्षा बजट की खास बात यह है कि इसमें हथियार खरीदी और आधुनिकीकरण पर पिछले साल के रु.1.80 लाख करोड़ के मुकाबले इस साल रु. 2.19 लाख करोड़ खर्च किए जाएंगे। यह पूंजीगत खर्च में सीधी 22 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। सरकार ने रविवार को 2026-27 के लिए रक्षा व्यय के रूप में 7,84,678 करोड़ रुपये आवंटित किए, जबकि पिछले वर्ष यह राशि 6,81,210 करोड़ रुपये आवंटित की गई थी। कुल पूंजीगत व्यय 2,19,306 करोड़ रुपये आंका गया है। राजस्व व्यय 5,53,668 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है, जिसमें पेंशन के लिए 1,71,338 करोड़ रुपये शामिल हैं। पूंजीगत व्यय के तहत विमान और एयरो इंजन के लिए 63,733 करोड़ रुपये अलग रखे गए हैं, जबकि नौसेना बेड़े के लिए 25,023 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। सरकार ने 2025-26 में रक्षा बजट के लिए 6,81,210 रुपये आवंटित किए थे। पूंजीगत व्यय 1,80,000 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जो संशोधित अनुमान चरण में बढ़कर 1,86,454 करोड़ रुपये हो गया। अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने असैन्य, प्रशिक्षण और अन्य विमानों के निर्माण के लिए आवश्यक घटकों और पुर्जो पर मूल सीमा शुल्क से छूट देने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने रक्षा क्षेत्र की इकाइयों द्वारा रखरखाव, मरम्मत या नवीनीकरण के लिए उपयोग किए जाने वाले विमान के पुर्जों के निर्माण हेतु आयातित कच्चे माल पर मूल सीमा शुल्क माफ करने की भी घोषणा की। इन दोनों फैसलों से रक्षा और अंतरिक्ष उद्योग को मदद मिलने की उम्मीद है।

केंद्रीय बजट 2025 में रक्षा यानी डिफेंस क्षेत्र के लिए कुल 6.8 लाख करोड़ रुपये के बजट का ऐलान किया गया था।

2024 में भारत का रक्षा बजट 6.21 लाख करोड़ रुपये था। ये राशि वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 4.79 प्रतिशत ज्यादा थी। तब कुल 5.94 लाख करोड़ रुपये बजट का आवंटन किया गया था।



बजट में रेलवे, विमानन और जल परिवहन क्षेत्रों के लिए कई बड़ी और दूरगामी घोषणाएं की गई हैं, जिनका उद्देश्य कनेक्टिविटी बढ़ाना, लॉजिस्टिक्स लागत कम करना और आर्थिक विकास को गति देना है। केंद्रीय बजट 2026 में रेलवे को लेकर एक अहम फैसला लेते हुए सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के निर्माण की घोषणा की गई है। इन कॉरिडोरों के जरिए देश के प्रमुख औद्योगिक और आर्थिक केंद्रों को तेज और आधुनिक रेल नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। प्रस्तावित हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर इस प्रकार हैंः मुंबई-पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-बेंगलुरु, हैदराबाद-चेन्नई, चेन्नई-बेंगलुरु, दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलीगुड़ी।

इसके साथ ही वित्त मंत्री ने घोषणा की कि अगले पांच वर्षों में 20 नए जलमार्ग चालू किए जाएंगे। इसकी शुरुआत ओडिशा के नेशनल वॉटरवे-5 से होगी, जो तालचेर और अंगुल जैसे खनिज-समृद्ध क्षेत्रों को कलिंगनगर औद्योगिक केंद्र और पारादीप व धमरा बंदरगाहों से जोड़ेगा। इससे पर्यावरण के अनुकूल और कम लागत वाले कार्गो मूवमेंट को बढ़ावा मिलेगा। अंतर्देशीय जलमार्गों को मजबूत करने के लिए वाराणसी और पटना में शिप रिपेयर और मेंटेनेंस से जुड़ा एक आधुनिक इकोसिस्टम विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही समुद्री विमान के लिए वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) योजना शुरू करने की भी घोषणा की गई है। बजट 2026 में छोटे और मझोले उद्योगों (एमएसएमई) के लिए सरकार ने 10 हजार करोड़ रुपए का ग्रोथ फंड लाने का ऐलान किया है। इससे उद्यमियों को अपने कारोबार के विस्तार में मदद मिलेगी। इसके अलावा, टेक्सटाइल सेक्टर को भी विशेष प्रोत्साहन देने की बात कही गई है, जिससे रोजगार और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि इंफ्रा रिस्क गारंटी फंड बनाया जाएगा और कोस्टल कार्गो प्रमोशन स्कीम लॉन्च की जाएगी। साथ ही, जलमार्ग क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा करने के लिए युवाओं को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि इस सेक्टर में कुशल मानव संसाधन तैयार किया जा सके। मंत्रियों, मंत्रिमंडल सचिवालय और पीएमओ के खर्च के लिए 1,102 करोड़ रुपये का आवंटन

केंद्रीय बजट 2026-27 में मंत्रिपरिषद, मंत्रिमंडल सचिवालय, प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) तथा राज्य अतिथियों के आतिथ्य और मनोरंजन पर होने वाले खर्च के लिए 1,102 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह राशि वित्त वर्ष 2025-26 के संशोधित अनुमान 978.20 करोड़ रुपये से अधिक है। रविवार को लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट में वित्त वर्ष 2026-27 लिए मंत्रिपरिषद के खर्चों के लिए 620 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में यह राशि 483.54 करोड़ रुपये थी। यह प्रावधान मंत्रिमंडल के मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और पूर्व प्रधानमंत्रियों के वेतन, और अन्य भत्तों तथा यात्रा पर होने वाले व्यय के लिए है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 256.19 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 279.74 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। यह प्रावधान राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय के प्रशासनिक खर्चों और अंतरिक्ष कार्यक्रम को पूरा करने के लिए है। प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय के लिए 6 5 करोड़ रुपये तक आवंटित किए गए हैं, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 61.32 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे।

## आम बजट 2026 के महत्वपूर्ण प्रस्ताव

■ वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पूंजीगत व्यय बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपए ■ इलेक्ट्रॉनिक मेन्युफैक्चरिंग के लिए 40,000 करोड़ रुपए का प्रस्ताव ■ घरेलू उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए बनेंगे तीन रसायनिक पार्क, मेगा टेक्सटाइल पार्क ■ सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 के जरिये तैयार उपकरण एवं सामग्री के उत्पादन पर जोर ■ MSME क्षेत्र में चैंपियन बनने के लिए कोष बनाने का प्रस्ताव ■ ओडिशा, केरल, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु जैसे खनिज-समृद्ध राज्यों में लगेंगी रेयर अर्थ इकाइयां ■ वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी माहौल बनाने के लिए कंटेनर विनिर्माण योजना का प्रस्ताव ■ स्टील और सीमेंट जैसे क्षेत्रों के लिए 20,000 करोड़ रुपए का प्रावधान ■ नेचुरल यार्न स्कीम एवं रोजगार योजना और राष्ट्रीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प कार्यक्रम का प्रस्ताव ■ सरकारी वित्तीय संस्थानों को मजबूत करने के तहत REC, PFC के पुनर्गठन का प्रस्ताव।

## बजट 2026-27 के सबसे बड़े बिंदु

एफएंडओ ट्रेडिंग पर एसटीटी बढ़ा शेयर बाजार के ट्रेडर्स के लिए बजट में झटका लगा है। सरकार ने फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस (एफएंडओ) पर सिक्योरिटीज ट्रांजेक्शन टैक्स (एसटीटी) बढ़ा दिया है।

**विदेश यात्रा और पढ़ाई पर टीसीएस घटा**

मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए, सरकार ने विदेश यात्रा पैकेज और शिक्षा/चिकित्सा के लिए विदेश भेजे जाने वाले पैसे (एलआरएस) पर टीसीएस (टीसीएस) की दर को घटाकर 2 प्रतिशत कर दिया है। पहले यह दरें काफी ऊंची (5 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक) थीं।

**इंफ्रास्ट्रक्चर पर रिकॉर्ड खर्च**

सरकार ने बुनियादी ढांचे को मजबूती देने के लिए पूंजीगत व्यय का लक्ष्य बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये कर दिया है। वित्त वर्ष 2015 में यह मात्र 2 लाख करोड़ रुपये था, जो अब छह गुना बढ़ चुका है।

**राजकोषीय घाटा का लक्ष्य**

सरकार ने वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी का 4.3 प्रतिशत तय किया है। वित्त वर्ष 2025-26 के संशोधित अनुमानों (आई) में यह 4.4 प्रतिशत आंका गया है। एसएमई के लिए रु.10,000 करोड़ का फंड छोटे उद्योगों को चैम्पियन बनाने के लिए तीन आयामी रणनीति अपनाई गई है। सरकार ने एक समर्पित रु.10,000 करोड़ का एसएमई ग्रोथ फंड बनाने की घोषणा की है। साथ ही, ट्रेड्स प्लेटफॉर्म के जरिए क्रेडिट गारंटी सपोर्ट भी दिया जाएगा।

**शेयर बायबैक पर टैक्स नियम बदला**

कंपनियों द्वारा शेयरों के बायबैक से होने वाली आय को अब शेयरधारकों के हाथों में कैपिटल गेन्स माना जाएगा और उसी हिसाब से टैक्स लगेगा।

**इंडस्ट्री और इनोवेशन : सेमीकंडक्टर और बायो-फार्मा**

मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) 2.0 और बायो-फार्मा शक्ति (बायो फार्मा) जैसी नई योजनाओं का ऐलान किया गया है। साथ ही, रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट्स के लिए भी एक विशेष स्कीम लाई जाएगी।

**कैंसर की दवाएं और कस्टम ड्यूटी**

स्वास्थ्य सेवा को किफायती बनाने के लिए कैंसर के मरीजों के लिए 17 दवाओं और औषधियों को बेसिक कस्टम ड्यूटी (बीसीडी) से छूट दी गई है। इसके अलावा, सोलर ग्लास और लिथियम-आयन बैटरी के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले सामानों पर भी कस्टम ड्यूटी में राहत दी गई है।

**विदेशी संपत्ति का खुलासे के लिए छह महीने का मौका**

छोटे करदाताओं के लिए एकमुश्त विदेशी संपत्ति प्रकटीकरण योजना (फॉरेन असेट डिक्लरेशन स्कीम) लाई जाएगी, जो छह महीने के लिए खुली रहेगी। इसके अलावा, 20 लाख रुपये से कम की अचल विदेशी संपत्ति का खुलासा न करने पर अब मुकदमा नहीं चलाया जाएगा।

**कृषि और मत्स्य पालन**

मछुआरों को बड़ी राहत देते हुए भारतीय जहाजों द्वारा एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन (ईईजेड) में पकड़ी गई मछलियों पर ड्यूटी खत्म कर दी गई है। इसके अलावा, 500 जलाशयों और अमृत सरोवरों के एकीकृत विकास की योजना भी बनाई गई है। बजट 2026-27 स्पष्ट रूप से युवा शक्ति और उत्पादन क्षमता पर केंद्रित है। जहां एसटीटी में बढ़ोतरी से बाजार में उतार-चढ़ाव दिख सकता है, वहीं टीसीएस में कटौती और कैपेक्स में वृद्धि से अर्थव्यवस्था के पहियों को गति मिलने की उम्मीद है।




## राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान

बजट अनुमान के अनुसार, 2025-26 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि 2026-27 में यह घटकर 4.3 प्रतिशत होने की उम्मीद है। सरकार का फोकस वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए विकास को गति देने पर है।

**राज्यों को 1.4 लाख करोड़ की ग्रांट**

बजट में राज्यों के लिए भी बड़ी घोषणा की गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2027 में राज्यों को 1.4 लाख करोड़ रुपए की ग्रांट दी जाएगी। वित्त वर्ष 2027 के लिए डेट-टू-जीडीपी रेश्यो 55.6 प्रतिशत, जबकि नेट बॉरोइंग 11.7 लाख करोड़ रुपए तय किया गया है।

## शेयर बाजार में भारी गिरावट

वित्त मंत्री ने बजट भाषण के दौरान फ्यूचर्स और ऑप्शंस (एफएंडओ) ट्रेडिंग पर सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स (एसएसटी) बढ़ाने का एलान किया। इससे शेयर बाजार में जोरदार बिकवाली देखने को मिली और सेंसेक्स व निफ्टी में तेज गिरावट दर्ज की गई। बेंचमार्क सूचकांक और निफ्टी में करीब 2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1546.84 अंक या 1.88 प्रतिशत गिरकर 80,722.94 अंक पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 495.20 अंक या 1.96 प्रतिशत गिरकर 24,825.45 अंक पर आ गया।

## इनकम टैक्स में कोई बदलाव नहीं

केंद्रीय बजट 2026 पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने टैक्सपेयर्स के लिए कई अहम घोषणाएं कीं। उन्होंने बताया कि नए इनकम टैक्स एक्ट 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे और आयकर से जुड़े नियमों को पहले से अधिक सरल और पारदर्शी बनाया गया है। छोटे टैक्सपेयर्स के लिए एक नई स्कीम का भी प्रस्ताव रखा गया है, जिससे टैक्स अनुपालन आसान होगा। वित्त मंत्री ने ऐलान किया कि आईटीआर-1 और आईटीआर-2 दाखिल करने की अंतिम तारीख बढ़ाकर 31 जुलाई कर दी गई है। इससे लाखों वेतनभोगी और छोटे करदाताओं को बड़ी राहत मिलेगी। सरकार का कहना है कि फॉर्म को सरल बनाने के साथ-साथ टैक्स फाइलिंग की प्रक्रिया को भी डिजिटल और यूजर-फ्रेंडली किया गया है। वित्त मंत्री ने संसद को बताया कि सरकार ने 2021-22 में किया गया वादा पूरा कर लिया है।

## ऊंची उड़ान का मजबूत आधार है बजट



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज का बजट ऐतिहासिक है। इसमें देश की नारी शक्ति का सशक्त प्रतिबिंब झलकता है। महिला वित्त मंत्री के रूप में निर्मला जी ने लगातार नौवीं बार देश का बजट प्रस्तुत कर नया रिकॉर्ड बनाया है। ये बजट अपार अवसरों का राजमार्ग है। ये बजट वर्तमान के सपनों को साकार करता है। ये भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव को भी सशक्त करता है। ये बजट 2047 के विकसित भारत की हमारी ऊंची उड़ान का मजबूत आधार है। आज भारत जिस रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार है, इस बजट से उसे नई ऊर्जा और गति मिलेगी।

## बजट में नए भारत व विकसित भारत की संकल्पना




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतरमण ने रविवार को केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया। इस पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस बजट में नए भारत व विकसित भारत की संकल्पना साफ दिखती है। रेल कॉरिडोर, आयुष और हेल्थ सेक्टर को महिलाओं पर केंद्रित करके जोर देना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि छात्राओं या फिर कामकाजी महिलाओं के लिए, स्टैटिक्स से जुड़ी छात्राओं के लिए छात्रावास का निर्माण करना, युवाओं के सपने को नई उड़ान देने के लिए, हर सेक्टर में अवसर उपलब्ध हो, इसका ध्यान रखा गया है। सीएम ने कहा कि यह बजट आम नागरिक के जीवन को सहज और सरल बनाने में सहयोग करेगा। अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने में सहायक होगा।

## विकसित भारत का गोल्डन रोड मैप



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को केंद्रीय बजट 2026-27 की सराहना करते हुए इसे 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का रोडमैप बताया और अगले 25 वर्षों के लिए दिशा-निर्देश प्रस्तुत किए। एक्स पर एक पोस्ट में शाह ने कहा कि बजट यह दर्शाता है कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत का सपना केवल एक नारा नहीं बल्कि सरकार का दृढ़ संकल्प है।

## सुधार से इंकार करने वाला बजट



कांग्रेस सांसद और नेता विपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को मोदी सरकार द्वारा पेश किए गए आम बजट की आलोचना करते हुए कहा है कि आज युवाओं के पास रोजगार नहीं है। किसान भी परेशान हैं। यह एक ऐसा बजट है, जो सुधार करने से इनकार करता है, भारत के असली संकटों से अनजान है। इससे पहले, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में केंद्रीय बजट 2026 को पेश किया।

## आम आदमी का जिक्र है, न फिक्र : अखिलेश

केंद्रीय बजट प्रस्तुत होने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाजपाई बजट आते ही शेयर बाजार धड़ाम हो गया। सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, इस बजट में न आम जनता का जिक्र है न फिक्र। जब भाजपा सरकार से कोई उम्मीद नहीं है, तो उसके बजट से क्या होगी। हम तो भाजपा के हर बजट को 1/20 (एक बंटे बीस) का बजट मानते हैं क्योंकि वह 5 प्रतिशत लोगों के लिए होता है।

## दिशाहीन, बंगाल के लिए कुछ नहीं : ममता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे दिशाहीन बताया। केंद्रीय बजट 2026-27 दिशाहीन है, इसमें दूरदर्शिता का अभाव है और बजट में आम आदमी के लिए कुछ भी नहीं है।

# ‘संविधान के ठेकेदारों! तनिक होश में आओ’

**नवकांत ठाकुर**

**नज़र और नज़रिया**

चाणक्य नीति की नसीहत के मुताबिक ‘यो ध्रुवाणि परित्यज्य अध्रुवं परिषेवते। ध्रुवाणि तस्य नश्यन्ति चाध्रुवं नष्टमेव हि।।’ सामाजिक लोकोक्ति में इस श्लोक का भावार्थ यही है कि ‘आधी छोड़ पूरी को धावे, आधी रहे न पूरी पावे।’

लेकिन मसला है कि पूर्वजों की नसीहतों और समाज की समझाइश को उतना ही माना जाता है जितने से प्रत्यक्ष लाभ मिलता रहे। अलबत्ता जिस ज्ञान के अनुपालन में शांति, समरसता, संयम, संतोष, मर्यादा और अनुशासन की सीख छिपी हो उसकी अनदेखी कर देना ही लोग बेहतर समझते हैं। तभी तो महाभारत का युद्ध टालने के लिए पांडवों को सिर्फ पांच गांव देने का संधि प्रस्ताव लेकर आए भगवान श्रीकृष्ण को दुर्योधन ने ‘सूच्याग्रं नैव दास्यामि’ यानी सुई की नोक के बराबर जमीन देने से भी यह कह कर इनकार कर दिया कि ‘जानामि धर्मं न च मे प्रवृत्तिः, जानाम्यधर्मं न च मे निवृत्तिः।’ यानी महाभारत के महायुद्ध की वजह बनी अपनी मनमानी जिद के गलत होने की हकीकत दुर्योधन भी जानता था, लेकिन भरी सभा में उसने खुले तौर पर कहा कि उसकी धर्म में प्रवृत्ति नहीं है और अधर्म से निवृत्ति नहीं है।

काश, दुर्योधन जैसी ही साफगोई हमारे राजनेताओं में भी होती और वे खुल कर यह स्वीकार करते कि राजधर्म की अपेक्षाओं के विपरीत नीतियों पर अमल करना उनकी राजनीतिक विवशता है। यह राजनीतिक विवशता ही तो है कि विकास के नाम पर कन्विन्स करने के मुश्किल और दुरूह राह पर चलकर बहुमत जुटाने के बजाय जाति–धर्म के नाम पर कन्फ्यूज करके जनमत का अधिकतम ध्रुवीकरण करने की रणनीति अपनाई जाए। वह भी तक जबकि यह सर्वविदित तथ्य है कि जाति–धर्म की राजनीति ऐसी दो–धारी तलवार है जिसके इस्तेमाल में मामूली सी गलती भी आत्मघाती साबित हो सकती है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण मौजूदा राजनीतिक माहौल में देखा जा सकता है जिसमें परंपरागत मतदाताओं के हितों की उपेक्षा करके विरोधी खेमे के वोटरों को रिझाने की गलती का नतीजा ‘आधी मिले न पूरी पावे’ के तौर पर सामने आने से इनकार नहीं किया जा सकता।

लेकिन स्थिति यह है कि जान–बूझकर गलत कदम उठाने के बाद उसे सही बताने के लिए थेथरोलॉजी की इंतहा करने से भी गुरेज नहीं किया जा रहा है। तभी तो ‘मियां’ को पूरा मेहनताना नहीं देने की अपील करने वाले असम के मुख्यमंत्री विवाद बढ़ने पर गलती मानने के बजाय यह दलील देते फिर रहे हैं कि मियां मुसलमानों को नहीं बल्कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को कहा जाता है। इसी प्रकार माघ मेले में संतों पर लाठी भांजने, उनकी चुटिया पकड़कर घसीटने और शंकराचार्य को गंगा स्नान किए बिना ही वापस लौटने के लिए विवश किए जाने के प्रकरण में बड़प्पन दिखाते हुए गलती मान लेने के बजाय वैचारिक विरोधियों को कालनेमि बताते हुए समाज को उनसे सावधान रहने के लिए कहा जाता है। यहां तक कि सवर्ण समाज को अत्याचारी और अन्य सभी को पीड़ित मान कर बनाए गए यूजीसी के नए नियमों की विभाजनकारी सियासी हकीकत खुल कर सामने आ जाने के बाद भी उसे वापस लेने के बजाय उसका सार्वजनिक तौर पर उसका बचाव करते हुए आश्वस्त किया जाता है कि किसी को भी इसका दुरुपयोग नहीं करने दिया जाएगा।

बहरहाल, समाज को जाति और धर्म के नाम पर लड़ा–भिड़ाकर अपना सियासी उल्लू सीधा करने की जुगत भिड़ाने वालों से महावीर प्रसाद ‘मधुप’ के शब्दों में यही गुजारिश की जा सकती है कि– ‘संविधान के ठेकेदारो! तनिक होश में आओ / पद-लोलुपता की दलदल में मन को नहीं फँसाओ / तार-तार होने से माँ का आँचल आज बचाओ / चौतरफा जो आग लगी है पहले उसे बुझाओ।’

जैसी नज़र, वैसा नज़रिया।

# महिला को पीटकर नकदी समेत लाखों के जेवर लूट ले गए बदमाश

## पीड़िता ने दी तहरीर, पुलिस ने दर्ज नहीं की रिपोर्ट

**मिर्ज़ापुर -शाहजहांपुर (स्वतंत्र भारत)।** थाना क्षेत्र के ग्राम याकूतपुर डडिया निवासी रूबी पत्नी हरवीर ने पांच अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 31 जनवरी की रात करीब 12 बजे उसके घर में लाठी डंडे और बाँका लेकर घुस आए और मारपीट कर घर में रखी अलमारी के लाक तोड़कर तीन लाख की नकदी और लगभग 12 लाख रुपए मूल्य के सोने चांदी के जेबरात रखे संदूक को उठा ले गए। घटना की सूचना पर रात्रि में ही पुलिस मौके पर गई और जांच पड़ताल कर लौट गई। फिलहाल पुलिस ने समाचार लिखे जाने तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पीड़िता ने थाना अध्यक्ष सोनी शुक्ला को बताया कि वह शनिवार की रात अपने चार साल बेटे आयुष के साथ घर में सो रही थी। उसके पति ढाईघाट मेले में दुकान लगाने गए हैं। तभी रात्रि करीब 12 बजे पांच बदमाश उसके घर में घुस आए। उनके हाथों में लाठी डंडे और एक के हाथ में बाँका था। सभी बदमाशों ने उसे सोते हुए दबोच लिया। उसके शोर मचाने पर एक बदमाश ने उसकी गर्दन पर बांका रखकर कहा कि यदि आवाज मुंह से निकल गई तो तेरी गर्दन काटकर फेंक देंगे। फिर भी उसने बदमाशों के चंगुल से छूटने का प्रयास किया तो बदमाशों ने उसे लात घूंसे से जमकर मारा। उसके पास सो रहे बेटे आयुष के रोने पर बदमाशों ने उसको भी थप्पड़ मार कर खामोश कर दिया। बदमाशों ने घर में रखी लोहे की अलमारी के ताले तोड़कर उसमें रखी तीन लाख रुपए की नकदी निकालने के बाद जिस संदूक में लगभग 12 लाख रुपए मूल्य के सोने चांदी के जेबरात रखे थे उठा ले गए। संदूक के ताले खेतों में तोड़कर उसमें रखी सोने की चैन,सोने का हार,झाले, मांग वेंदा,तीन सोने की अंगूठी,दो जोड़ी पायल संदूक से निकालने के बाद उसके कानों में पहने कुंडल और पैरों में पहने पायल भी नोचकर भाग गए। पुलिस को रात में ही घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने ग्रामीणों के साथ खेतों में तलाश कर टूटा हुआ संदूक और बांका बरामद किया। रविवार सुबह घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। किंतु समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में देखे गए 19 मरीज



**मिर्ज़ापुर/परौर-शाहजहांपुर।** प्रत्येक रविवार की तरह इस रविवार को भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परौर में आयुष चिकित्सक डॉक्टर दिनेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 19 मरीज खांसी, जुकाम, जोड़ दर्द, एलर्जी, बुखार, सर्दी के देखे गए। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में एलटी आदित्य कुमार गौतम ने टाइफाइड, मलेरिया, शुगर, बीपी की जांच की । मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में स्वास्थ्य कर्मचारी योगेंद्र कुमार सिंह, एएनएम बबली चौहान, आशा महेंद्र शुक्ला के अलावा क्षेत्र की आशा बहुएं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रही।

## महिला ने खाया जहर, हालत गंभीर

**तिलहर।** थाना क्षेत्र के गांव धन्यौरा निवासी उषा देवी ने शनिवार रात निजी कारणों के चलते घर पर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। कुछ ही देर में हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। रात करीब 9 बजे किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने तत्काल सीएचसी पहुंचाया। वहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने जरूरी उपचार के बाद महिला की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टर ने राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# हिन्दू सम्मेलन: सनातनियों को धर्म रक्षा को तैयार रहना चाहिए



**पुवायां।** जाग्रत हिन्दू सेवा समिति पुवायां द्वारा हिन्दू सम्मेलन का आयोजन एक लॉन में किया गया। शुभारंभ मां भारती एवं रामदरबार के समक्ष माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रशांत प्रभु महाराज ने कहा हिन्दू धर्म सबसे प्राचीन है। हम सभी सनातनियों को अपने धर्म रक्षा के लिये तैयार रहना चाहिए। तमाम लोग कुचक्र रचकर धर्म पर आक्रमण करते रहते हैं। सनातनी परंपरा संस्कृति सम्पन्न है। मुख्य वक्ता विनोद ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में पूरे देश में हिन्दू सम्मेलनों का विभिन्न समितियों द्वारा आयोजन किया जा रहा है। हजारों की संख्या में हिंदुओं का सम्मेलन में आना इस बात का संकेत है कि हिन्दू कभी सोया नही था बस जरूरत हैतो उसको अपनी ताकत का अहसास कराना है। समिति के अध्यक्ष राजा भैया ने कहा कि हिन्दू शब्द काफी वृहद है। सनातन धर्म अपनी उच्च संस्कृति मूल्यों के लिए जाना जाता है। आज के हिन्दू हिन्दू भाव को भूल रहे हैं। उस भाव को जगाना होगा। पंच परिवर्तन समाज की दिशा और दशा बदल सकते हैं। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में हिन्दू, भाजपा जिला अध्यक्ष के सी मिश्र, विधान परिषद सदस्य डॉक्टर सुधीर गुप्ता, पुवायां विधायक चेतराम, नगर पालिका परिषद चेयरमैन संजय गुप्ता, नगर अध्यक्ष भाजपा अर्पित गुप्ता, विश्व हिन्दू परिषद प्रान्त मंत्री राजीव सिंह, डॉ. रचित अग्रवाल, रीता रानी आदि उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर की टक्कर से युवक घायल, चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव रानी खिरिया निवासी श्रीपाल ने बताया उनका पुत्र राजकुमार शनिवार रात मंदिर के ईटों के चटटा के पास बैठा था तभी तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रैक्टर की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। श्रीपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार रात करीब 8 बजे उनका पुत्र राजकुमार गांव के बाहर अधनिर्मित मंदिर के पास ईंटों के चट्टे के निकट बैठा था।इसी दौरान शाहजहांपुर के थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गांव चकरिमाली निवासी ट्रैक्टर चालक रामकुमार उर्फ पप्पू तेज रफ्तार और लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए वहां पहुंचा और राजकुमार को टक्कर मार दी।हादसे में राजकुमार के दाहिने पैर में गंभीर चोट आई, एड़ी और बाएं कंधे में भी चोटें लगीं। घटना की सूचना मिलते ही 112 पीआरबी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया।प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर ट्रैक्टर चालक रामकुमार उर्फ पप्पू के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मनाया गया विदाई समारोह




**कांट शाहजहांपुर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में भव्य रूप से विदाई समारोह मनाया गया जिसमें कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 11 12 के छात्र-छात्राओं को विदाई दी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए विद्यालय के ट्रस्टी उमेश दुबे ने सभी कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। वर्ष 2026 की जनवरी माह के अंतिम दिन ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल ,में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। एक दूसरे के अनुभवों और खट्टी मीठी यादों का संगम होता है। सर्वप्रथम कक्षा 12 के बच्चों का ससम्मान तिलक और अक्षत लगाकर स्वागत किया मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर पुष्प माला अर्पित की गई तथा रोली और अक्षत लगाकर प्रणाम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र सेठ%,अनिल मिश्रा% मैनेजिंग ट्रस्टी उमेश दुबे सहगामिनी अमिता दुबे रहे। छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, नाटक , मस्ती की पाठशाला,लघु नाटिका, नृत्य, गीत, तथा काव्य पाठ आदि रंगारंग प्रस्तुत किए गए। मैनेजिंग ट्रस्टी उमेश दुबे, प्रधानाचार्य लक्ष्मी शंकर बाजपेई ने बच्चों को आगामी परीक्षा के बारे में बताया। मिस फेयरवेल का खिताब तहूरा साजिद और मिस्टर फेयरवेल का खिताब अभय सिंह को दिया गया । शिल्पी सिंह श्रीमती दीपा सक्सेना , श्रीमती प्रतिभा श्रीवास्तव श्रीमती अंजुम, ज्ञानेंद्र सिंह , नवनीत पाण्डे वरीशा खान, विभा, प्रियंका यादव आदि सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा

# माघी पूर्णिमा पर पांच लाख श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा मैया में डुबकी



**मिर्ज़ापुर -शाहजहांपुर।** एक माह से भी अधिक समय से ढाईघाट गंगातट पर चल रहे माघ मेला रामनगरिया के मुख्य पर्व माघी पूर्णिमा के पावन पर्व पर लगभग पांच लाख श्रद्धालुओं ने हर हर गंगे के उदघोष के साथ पतित पावनी गंगा मैया में डुबकी लगाकर गंगा पुरोहितों को अन्न,वस्त्र,मिष्ठान,फल और नकद मुद्रा दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। गंगास्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मेले में साधु संतों के पंडालों में चल रहे धार्मिक कार्यक्रमों में उपस्थिति दर्ज करवाने के बाद मेले का आनंद लिया। महिला श्रद्धालुओं ने श्रृंगार सामग्री और घरेलू जरूरत के सामान की खरीददारी की। मेले में जगह जगह लगी चाट पकौड़ी, गरमा गर्म जलेबी का स्वाद लिया। बच्चों और युवाओं ने मेले में सर्कस,झूला,मिनी ट्रेन,मिक्की माउस और जंपिंग का आनंद लिया। श्रृंगी ऋषी की तपोभूमि ढाईघाट में मुख्य पर्व पर माघी पूर्णिमा पर गंगास्नान का विशेष महत्व है। जिससे लगभग चार किलोमीटर क्षेत्रफल में फैले रामनगरिया मेले में लाखों कल्पवासियों के अलावा फर्रुखाबाद,हरदोई,बदायूं,एटा,इटावा, मैनपुरी,पीलीभीत,लखीमपुर खीरी,बदायूं आदि जिलों से लाखों श्रद्धालु पर्व स्नान करने के लिए ढाईघाट गंगातट पर पहुंचे। लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ के एक साथ उमड़ने से जलालाबाद-ढाईघाट स्टेट हाइवे पर लगभग पांच किलोमीटर लम्बा जाम लग गया। हालांकि पुलिस ने जाम लगने की संभावना से मुख्य पर्व की पूर्व संध्या पर ही ट्रेक्टर ट्राली और चार पहिया वाहनों के मेले में प्रवेश करने पर रोक लगा दी थी। फिर भी श्रद्धालुओं की भी? से पुलिस व्यवस्था न काफी रही।

# हर-हर गंगे के उद्घोष के साथ रामगंगा में लगाई आस्था की डुबकी



**मिर्ज़ापुर/परौर- शाहजहांपुर (स्वतंत्र भारत)।** परौर के मंझा घाट पर रामगंगा पर सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं का रामगंगा पर स्नान का क्रम शुरू हो गया। रामगंगा पर श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे के उद्घोष के साथ राम गंगा में डुबकी लगाई। गंगा में प्रसाद चढ़ाया, मनौती पूर्ण होने पर गंगा तट पर श्रद्धालुओं ने सत्यनारायण भगवान की कथा कराई, कन्याओं को जलेबियों का भोज कराया, रामगंगा की पहराबन की। रामगंगा के दोनों किनारों पर मेला लगा था। इधर से आने वाले श्रद्धालुओं ने इस घाट पर स्नान किया तथा उस तरफ से आने वाले श्रद्धालुओं ने उस तरफ स्नान किया। रामगंगा के उत्तर और दक्षिण दोनों किनारों पर बहुत भीड़ भा? रही और श्रद्धालुओं ने अपनी श्रद्धा के मुताबिक दान पुन्य किया। सुरक्षा की दृष्टि से मेले में दोनों तरफ पुलिस के कर्मचारी तैनात रहे।

# माघ पूर्णिमा पर महादेवन मंदिर पर हुआ भंडारा

**खुदागंज शाहजहांपुर।** नगर में माघ पूर्णिमा के पावन पर्व पर श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव का अनुपम दृश्य देखने को मिला। नगर के प्रसिद्ध महादेवन मंदिर परिसर में शिव भक्तों द्वारा विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। भंडारे का शुभारंभ विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। सनातन परंपरा का निर्वहन करते हुए सर्वप्रथम कन्याओं को भोजन कराकर भंडारे की शुरुआत की गई। इसके पश्चात जैसे ही भंडारा प्रारंभ हुआ, मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कड़ाके की ठंड के बावजूद शिव भक्तों के उत्साह और आस्था में कोई कमी नहीं दिखी। श्रद्धालुओं ने अनुशासनपूर्वक कतारों में खड़े होकर प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों में भगवान शिव के प्रति अपार श्रद्धा, सेवा और समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। इस अवसर पर सभी ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और निरंतर प्रगति की कामना की। भंडारे के सफल आयोजन में सहजादे, नोखे लाल, जयवीर, धर्मेन्द्र कश्यप, हरिओम सहित अनेक शिव भक्तों की सक्रिय सहभागिता रही। स्थानीय नागरिकों और युवाओं ने सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे आयोजन पूरी तरह सफल और अनुकरणीय बना। पूरे आयोजन के दौरान महादेवन मंदिर परिसर ÷हर-हर महादेव÷ के गगनभेदी जयकारों से गूंजता रहा। भक्तिमय वातावरण ने नगर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया और माघ पूर्णिमा का यह पर्व श्रद्धा व सेवा का यादगार उदाहरण बन गया।

# राधाकृष्ण मंदिर पर हुआ भंडारा



**कांट शाहजहांपुर।** राधा कृष्ण मंदिर के सामने विशाल भंडारा एवं कन्या भोज का आयोजन कर दक्षिणा दी गई श्रद्धालुओं ने पूडी सब्जी एवं हलवा का प्रसाद ग्रहण किया। रविवार को कुर्रिया कलां के तिराहे पर राधकृष्ण मंदिर के सामने विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें श्रद्धालुओं,राहगीरों एवं ग्रामीणों ने भारी संख्या में पूड़ी सब्जी एवं हलुआ का प्रसाद ग्रहण किया।इससे पहले पास के राधाकृष्ण मंदिर पर भोग लगाकर भंडारा प्रारंभ हुआ।जिसमें सर्वप्रथम कन्याभोज कराकर विमलेश मिश्रा ने दक्षिणा दी।भंडारे में संजीव पाण्डे,मोनू चौहान,अरविंद मिश्रा,धीरज शुक्ला,अतिरेक प्रसाद,विवेक मिश्र का सहयोग रहा।

# बाइक आपस में टकराई, दो लोग घायल, रेफर

## खुटार के मोहन वर्मा और जेवा पुवायां के लालजीत उर्फ आदेश अवस्थी हुए घायल



**खुटार।** तेज रफ्तर से आ रही दो बाइक आमने-सामने से आपस में टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि दोनों बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होने के साथ ही बाइक सवार दोनों लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर दोनों लोगों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। रविवार को नगर के मोहल्ला सरोजनीनगर में रहने वाले मोहनलाल वर्मा अपनी बाइक से तिकुनिया जा रहे थे। तभी पंजाब टेंट हाउस के सामने तिकुनिया की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे के पुवायां के गांव जेवा में रहने वाले लालजीत उर्फ आदेश अवस्थी की बाइक मोहन की बाइक से टकरा गई। दोनों वाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे लोगों ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार पहुंचाया। जहां से हालत गंभीर होने की वजह से उन्हें जिला अस्पताल शाहजहांपुर के लिए रेफर कर दिया गया है। हादसे की खबर मिलते ही दिनों के परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। घायल आदेश अवस्थी की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# दलित उत्पीड़न के खिलाफ है कांग्रेस : अर्चना




**शाहजहांपुर।** महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा व पश्चिमी जोन प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी के निर्देशानुसार जनपद की महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष अर्चना कटारिया ने मनरेगा बचाव, मंहगाई, बेरोजगारी, दलित उत्पीड़न पर अपने विचार व्यक्त किए। जिला अध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि ने कहा केंद्र सरकार की मनरेगा को कमजोर करने वाली नीतियों के खिलाफ कांग्रेस विरोध करती चली आ रही है। मनरेगा केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि गरीब, मजदूर, किसान और ग्रामीण जनता के लिए सम्मानजनक रोजगार का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार बजट में कटौती, मजदूरी भुगतान में देरी और काम के अवसर घटाकर इस योजना को धीरे-धीरे समाप्त करने की कोशिश कर रही है।बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के दौर में मनरेगा आम लोगों के लिए एक मजबूत सहारा है। केंद्र सरकार की नीतियों के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार का संकट लगातार गहराता जा रहा है, जिससे गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति पर सीधा असर पड़ रहा है।केंद्र सरकार की नीतियों के चलते देश महंगाई, बेरोजगारी और लोकतंत्र में कथित गड़बड़ियों का सामना कर रहा है । इस देश में भाजपा की सरकार आई है तब से बेरोजगारी इस कदर बढ़ गई है की युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं और महंगाई ने आम लोगों का जीना मुहाल कर दिया है ।इस मौके पर महानगर अध्यक्ष सीमा गौतम व जिले की तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी शाहिना खातून, जितेंद्री,सोनम, तबस्सुम ,बेबी ,राधा,व अनुभव कटारिया मौजूद रही।

# ऊंच- नीच के भेदभाव को मिटाने के लिए संत रविदास ने किए भागीरथ प्रयास : सुबोध

## जयंती पर याद किये गये सामाजिक समरसता को जीवंत रूप प्रदान करने वाले संत रविदास



**पुवायां, शाहजहांपुर।** रविवार को गीता सिटी स्थित शिक्षक वीरपाल के आवास पर संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती प्रकाश पर्व के रूप में मनाई गई। एडवोकेट सुबोध कनौजिया के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में संत रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। सुबोध कनौजिया एडवोकेट ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी का सम्पूर्ण जीवन श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता से परिपूर्ण रहा। संत रविदास जी के विचार–समानता, प्रेम, सद्भाव और मानवता–आज भी समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य किया। ब्रजेश कुमार ने कहा कि समरसता के लिए उन्होंने ऊंच नीच के भेद-भाव को मिटाने का बड़ा काम किया है। प्रवक्ता अवनीश कुमार ने कहा कि बाहरी आडंबर को धता बताते हुए उन्होंने,÷ मन चंगा तो कठौती में गंगा जैसी लोकोक्ति को साकार करके दिखाया। सेवानिवृत्ति प्रशासनिक अधिकारी बाबूराम ने कहा कि,संत रविदास के व्यक्तित्व से प्रेरित होकर राजस्थान के राजघराने की बहू मीराबाई ने उन्हें अपना गुरु बनाया। सभी का आभार संयोजक सुबोध कनौजिया एडवोकेट ने व्यक्त किया। इस अवसर पर बाबूराम, सुनील कुमार एलआईसी, अवनीश कुमार प्रवक्ता आदर्श इंटर कॉलेज, सुनील कुमार एआरपी, दीपक कनौजिया, सचिन पटेल ,वेदराम राठौर, दीपक कुमार राजेन्द्र, एडवोकेट आदेश कुशवाहा, एडवोकेट अजीत कुमार, राहुल भारती, सुबोध भारती, शिक्षक महिपाल, पंकज दिवाकर, सुबोध कनौजिया एडवोकेट, नैतिक , नमन सहित तमाम श्रद्धालु और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कृषक दल का सत्याग्रह 42 वे दिन जारी



**तिलहर शाहजहांपुर।** रविवार को धरना स्थल पहुंचकर दर्जनों बुद्धिजीवियों,सामाजिक लोगो ने सत्याग्रह की मांगो को जनहितैषी बताते हुए अपना समर्थन दिया प्रमोद यादव ÷जनसेवक÷ने कहा तहसील एवं जिला प्रशासन के अधिकारी जनता की समस्याओं की उपेक्षा कर रहे है। प्रशासन की इस जनविरोधी लोकतंत्र विरोधी न्याय विरोधी अधर्मसंगत मानसिकता के कारनामों से प्रदेश सरकार की भी छवि धूमिल हो रही है। सत्याग्रह पर जिला अध्यक्ष भानु प्रताप गंगवार राजीव मिश्रा,अनुज मिश्र,राजेश शर्मा,राजीव यादव,रवि यादव,कमलेश कुमार,प्रदीप कुमार,ज्ञानेश सिंह,परवेंद्र सिंह,अकबर खां,अलीहसन,चेतराम प्रजापति,नरेंद्र सिंह,लज्जाराम,,राकेश सिंह,दिनेश पाल,आनंद शर्मा, उपस्थित रहे।

# शिक्षा संघ ने किया प्रभारी निरीक्षक का स्वागत



**तिलहर शाहजहांपुर।** अशासकीय मान्यता प्राप्त बेसिक विद्यालय शिक्षा संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने थाना तिलहर पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक का सम्मान किया। इस दौरान फूलमाला पहनाकर और मिष्ठान खिलाकर उनका स्वागत किया गया।अशासकीय मान्यता प्राप्त बेसिक विद्यालय शिक्षा संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शर्मा एवं जिला मंत्री अनुज मिश्रा रविवार दोपहर करीब 2 बजे अपनी टीम के साथ थाना तिलहर पहुंचे। यहां उन्होंने प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल को फूलमाला पहनाई और मिठाई खिलाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि पुलिस प्रशासन और शिक्षकों के बीच बेहतर समन्वय समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने में सहायक होता है। प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने भी सभी का आभार व्यक्त करते हुए सहयोग का भरोसा दिलाया।इस अवसर पर दीपक गुप्ता, मनीष सिंह, विकास गुप्ता, इकरार, राकेश पाल सहित संघ के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तमंचा दिखाकर विधवा को धमकाया, बेटी के अपहरण का प्रयास

**तिलहर शाहजहांपुर।** क्षेत्र की एक विधवा महिला को तमंचा दिखाकर धमकाने और उसकी बेटी के अपहरण का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। एसपी के निर्देश पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पीड़िता ने तहरीर में बताया कि गांव गुरुगवां कॉलोनी निवासी अजय कुमार ने स्वयं को वन विभाग का इंस्पेक्टर बताकर 25 जनवरी को साथियों के साथ उसके घर पहुंचकर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद 30 जनवरी को स्कूल से बेटी को लेकर लौटते समय आरोपी ने घर के पास अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए फिर धमकाया।

महिला का आरोप है कि 31 जनवरी को वह बरेली से दवा लेकर लौट रही थी, तभी अंबेडकर पार्क के पास आरोपी ने कार रोककर जबरन उसकी बेटी को वाहन में बैठा लिया और तमंचा दिखाकर अपहरण का प्रयास किया। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिससे आरोपी महिला और उसकी पुत्री को छोड़कर फरार हो गया।घटना के बाद पीड़िता ने एसपी कार्यालय पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। एसपी के निर्देश पर शनिवार को पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की और एक घंटे के भीतर नगर की एक धर्मशाला के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया।प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि सोमवार को पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण कराया जाएगा, इसके बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

# पत्नी से अवैध संबन्धों के शक में की कल्लू की हत्या

## वर्क आउटः हत्याभियुक्त गिरफ्तार, आला कत्ल तालाब से बरामद

**जलालाबाद-शाहजहाँपुर (स्वतंत्र भारत)।** पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) एवं क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के प्रवेक्षण में 7 घंटे के अंदर अल्हागंज पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। गुमनाम हत्यारे को 7 घंटे के अंदर पुलिस ने गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया। पत्नी से बात करना पसंद नहीं था इसीलिए हत्या कर दी।

थाना अल्हागंज क्षेत्र के गांव रावतपुर निवासी जितेंद्र पुत्र नोखेलाल ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके पुत्र कमलेश उर्फकल्लू उम्र लगभग 17 वर्ष की हत्या कर देने मामले में पुलिस को सूचना दी थी, पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर



अभियुक्त की तलाश शुरू कर दी थी, विवेचनात्मक कार्यवाही व घटना के अनावरण तथा घटनास्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ व गोपनीय जानकारी के आधार पर अभियुक्त अनीस पुत्र धनपाल उर्फ विशाल निवासी ग्राम रावतपुर थाना अल्हागंज का नाम प्रकाश में आने के बाद पुलिस सक्रिय हुई मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्च अधिकारियों के आदेश के अनुपालन में एक टीम का गठन किया गया मुखबिर से मिली सूचना और निशानदेही के आधार पर अभियुक्त अनीस पुत्र धनपाल को रावतपुर मोड़ से 100 मीटर दूर गिरफ्तार किया गया।

**कल्लू को रास्ते से हटाने का रच लिया था प्लान**-पुलिस द्वारा अभियुक्त से कड़ाई से पूछताछ किए जाने पर उसने अपना जुर्म कबूल कर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल यूकेलिप्टिस का डंडा अभियुक्त की निशानदेही पर घटनास्थल से 150 मीटर की दूरी पर स्थित तालाब से बरामद किया है। आलाकत्ल की बरामदगी व विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्य से अभियुक्त अनीस उपरोक्त द्वारा उक्त घटना कारित किया जाना पाया गया है। अत्याभियुक्त अनीस को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है।

पुलिस की पूछताछ में जो तथ्य निकलकर सामने आए हैं उसमें अभियुक्त अनीस द्वारा बताया गया कि कमलेश उर्फकल्लू काफी दिनों से उसकी पत्नी ज्योति से मिलता रहता था जिसकी मोबाइल चैटिंग भी उसने देखी थी बातचीत करते एवं प्रेम संबंध बनाते देख लिया था तभी से उसने रास्ते से हटाने का प्लान रच लिया था। शुक्रवार की शाम लगभग 7:00 बजे कल्लू को विश्वास में लेकर उसे घर से बुला ले गया था पंचायत भवन तक ले जाकर बरामदे में बैठकर बातचीत करने लगा तभी उसने डंडे से उसके मुंह एवं सिर में पीछे से वार कर उसकी हत्या कर दी और डंडा तालाब में छुपा दिया रावतपुर मोड़ पर बाहर जाने की फिराक में वाहन का इंतजार कर रहा था तभी पुलिस ने दबोच लिया

# गौवंश के हमले से किसान की मौत

## फसल की रखवाली कर रहा था, सांड ने किया हमला

**जलालाबाद-शाहजहाँपुर (स्वतंत्र भारत)।** खेत पर फसल की रखवाली कर रहे युवक पर सांड ने हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों के अनुरोध पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र जलालाबाद के गांव हथिनापुर निवासी करन सिंह पुत्र राजेश सिंह रविवार सुबह तड़के छुट्टा गोवंशों को भागने के लिए और अपनी फसल की रखवाली करने के लिए खेत पर जा रहा था खेत पर पहुंच कर उसने देखा की गौवंशियों का एक बड़ा झुंड उसके गेहूं की फसल में घुसा हुआ है और फसल उजाड़ रहा है तभी उसने खेत से गोवंशों को भगाने का प्रयास किया इसी दौरान एक खूंखार सांड ने उसपर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया आनन फानन में परिजनों ने अस्पताल में भर्ती



कराया जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया शव लेकर गांव पहुंचे गांव वासियों ने अचानक हुई इस हृदय बिदारक घटना को लेकर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आकस्मिक दुखद इस घटना से मृतक की पत्नी विभा का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है गांव की गलियों में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। करन सिंह की दो पुत्रियां हैं जो अभी छोटी हैं। गायों के आतंक से पूरा गांव परेशान हो चुका है कई बार प्रशासन से छुट्टा गोवंशों को पकड़ने की मांग की लेकिन इस समस्या का कोई हल नहीं निकल पाया अधिकारियों से गांववासी खफा हैं। इधर प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया सांड के हमले से किसान की मौत हो गई है शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेला में 170 मरीजों का उपचार

## मंडलीय सलाहकार ने किया अर्बन स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

**तिलहर शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के अंतर्गत रविवार को विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर कुल 170 मरीज उपचार के लिए पहुंचे। इनमें से 50 मरीजों की चिकित्सकों द्वारा जांच की गई, जबकि सभी मरीजों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग के मंडलीय सलाहकार ने अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।पीएचसी राजनपुर में तैनात चिकित्सक डॉ. अभिषेक जौहरी ने 70 मरीजों में से 20 मरीजों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित कीं। साथ ही बदलते मौसम को देखते हुए मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी।पीएचसी रमापुर में चिकित्सक की तैनाती न होने के कारण फार्मासिस्ट संजीव कुमार ने 70 मरीजों में से 20 मरीजों की प्राथमिक जांच कर सभी को निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई।कुंवरगंज स्थित अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक डॉ. अनुराग गुप्ता ने 50 मरीजों में से 10 मरीजों की जांच की, जबकि शेष मरीजों को दवाइयों का वितरण किया गया।दोपहर करीब दो बजे स्वास्थ्य विभाग के मंडलीय सलाहकार गंगा शरण अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से दवा वितरण एवं जांच की जानकारी ली तथा संबंधित अभिलेखों की भी जांच की।निरीक्षण के दौरान मंडलीय सलाहकार ने बताया कि अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थान की कमी है और अस्पताल अंदरूनी क्षेत्र में स्थित होने के कारण नगर व क्षेत्र के लोगों को इसकी पर्याप्त जानकारी नहीं मिल पा रही है, जिससे मरीजों की संख्या कम आ रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि केंद्र को किसी दूसरी उपयुक्त जगह स्थानांतरित किया जाए तो अधिक लाभ मिल सकता है।

# नाली निर्माण को लेकर ठेकेदार के बेटे पर हमला

**तिलहर शाहजहांपुर।** नगर के मोहल्ला निजामगंज गोटिया में नाली निर्माण कार्य के दौरान विवाद के बाद ठेकेदार के बेटे पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को डाक्टरी परीक्षण के लिए भिजवाया। मामले में दो सगे भाइयों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है।मोहल्ला नई बस्ती मंगली निवासी नगर पालिका ठेकेदार मंगली लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा निजामगंज गोटिया में सतपाल के मकान से महेंद्र के मकान तक नाली निर्माण कराया जा रहा है। बृहस्पतिवार शाम करीब 5 बजे उनका पुत्र राजीव कुमार निर्माण स्थल पर मौजूद था। इसी दौरान अखिलेश और मुकेश, दोनों सगे भाइयों ने राजीव कुमार से गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर उसके सिर पर डंडे से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि ठेकेदार की तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# घर में घुसकर मारपीट और महिला से छेड़छाड़

**ददरौल।** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर मारपीट और महिला से छेड़छाड़ किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो नामजद समेत तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 30 जनवरी को आकाश कन्नौजिया, नन्हें वाले तथा तीन अज्ञात घर के गेट पर गाली दे रहे थे। जब उसकी पत्नी ने विरोध किया तो आरोपियों ने दरवाजे पर लात मारी और घर के भीतर घुस गए। आरोप है कि पत्नी के साथ छेड़छाड़ की। पत्नी गुहार लगाती रही कि पति घर पर नहीं हैं, फिर भी आरोपी नहीं माने और हंगामा काटते रहे। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हुए तो आरोपी असलाह लहलहाते हुए चले गए। इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। महिला का मेडिकल कराया गया है।

# रोजा चीनी मिल में किसान से मारपीट

**ददरौल।** रौजा चीनी मिल गेट पर पहले गन्ना तुलवाने के विवाद में युवक को जमकर पीटा। आरोप है कि जाति सूचक शब्द भी कहे। पुलिस ने तहरीर देने के पांच दिन बाद घटना की रिपोर्ट दर्ज की है। थाना रौजा क्षेत्र के गांव बसुलिया निवासी हुक्म चंद 26 जनवरी को गन्ना तुलवाने के लिए रौजा चीनी मिल आए थे। तभी वहां जसीम अपनी ट्राली लेकर आ गया और पीछे से हुक्म चंद की ट्राली में टक्कर मार दी। जिससे ट्राली पलट गई। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। आरोप है कि जसीम ने गाली-गलौज करना शुरू कर दी। विरोध करने पर अपने साथियों की मदद से हुक्म चंद को जमकर पीटा। जाति सूचक शब्द भी कहे। घटना की तहरीर आरसी मिशन पुलिस को उसी दिन दे दी गई थी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। अब पांच दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले में जसीम, अरवाद समेत तीन अज्ञात के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना सीओ सिटी करेंगे

# आलू की दुकानों पर पिलाई जा रही शराब

ददरौल। विकासखंड भावलखेड़ा के गेट पर आलू के ठेले पर शराबियों के जमावड़े से लोग परेशान हैं। ब्लाक के आवासीय परिसर में रहने वाले लोगों का निकलना मुहाल हो गया है। आए दिन विवाद होता रहता है। थाना आरसी मिशन से महज 100 मीटर की दूरी होने के बावजूद पुलिस कार्रवाई नहीं कर रहे रही है। लोगों ने एसपी से कार्रवाई की मांग की है। विकासखंड भावलखेड़ा के गेट पर भुने आलू का स्टाल लगा हुआ है। आरोप है कि शाम होते ही यहां शराबियों का जमघट लगना शुरू हो जाता है। खुलेआम शराब पिलाई जाती है। आरोप है कि शराबी ब्लाक के आवासीय परिसर से निकलने वाली महिलाओं से छेड़छाड़ करते हैं। जिसके चलते आए दिन विवाद होता रहता है। इस संबंध में तमाम बार आरसी मिशन पुलिस से शिकायत की गई, पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। ब्लाक के आवासीय परिसर में रहने वाले लोगों ने एसपी से कार्रवाई की मांग की है।

# कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**तिलहर शाहजहांपुर।** कोतवाली क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने शनिवार रात एक युवक को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई है।प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि नगरिया चौकी के दरोगा जोगेंद्र प्रताप पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने शनिवार रात करीब 8 बजे गांव सहवेगपुर निवासी राजवीर सिंह को गांव भेदपुरा जाने वाले कच्चे मार्ग पर पहुंचकर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से सफेद पिपिया में भरी 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई।पुलिस आरोपी को कोतवाली ले आई। आबकारी विभाग की ओर से युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की गई है। पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।


# राष्ट्र निर्माण की यात्रा ही संघ की यात्रा : रविकांत

**शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रविवार को रोजा क्षेत्र में हिंदू सम्मेलन का आयोजन श्री भोलेश्वर नाथ हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य समाज में समरसता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, प्रबुद्धजन और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।सम्मेलन का शुभारंभ भारत माता, सरस्वती माता एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चान के साथ हुआ। सम्मेलन में बरतारा आश्रम के प्रमुख रमेश भैया ने भारतीय संस्कृति, सामाजिक एकता, परिवार मूल्यों और युवाओं की सकारात्मक भूमिका पर विस्तार से विचार रखे। नृपेंद्र मिश्रा ने विकसित भारत के लक्ष्य में युवाओं की भूमिका, ममता वर्मा ने पांच परिवर्तन के विषय पर संघ के विचार रखे। खेलो भारत के प्रांत प्रमुख रविकांत ने संघ के 100 वर्षों की ध्येय यात्रा पर विचार रखते हुए कहा कि संघ ने सदैव अपना लक्ष्य स्पष्ट रखा और अपने मार्ग से कभी भटके नहीं। 1925 से प्रारंभ हुई इस ध्येय यात्रा में संघ ने विभिन्न उपेक्षा एवं विरोधों का सामना किया और अंततः समाज में अपनी स्वीकार्यता प्राप्त की। उन्होंने कहा समाज की मजबूती से ही राष्ट्र सशक्त बनता है और इसके लिए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह सेवा, संस्कार और संगठन के भाव को अपनाते हुए चरित्र निर्माण से राष्ट्र निर्माण की संकल्पना पर कार्य करे। कार्यक्रम में सामाजिक विषयों पर संवाद के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और युवाओं के चरित्र निर्माण पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने युवाओं से नशामुक्ति, अनुशासन और राष्ट्रसेवा से जुड़ने का आह्वान किया। सम्मेलन में आये हुए जनसमूह ने समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। सम्मेलन में महानगर कार्यवाह नवनीत, सहकार्यवाह रामकुमार, प्रदीप, हरिहर पांडे सहित स्वयंसेवक एवं आम जनमानस की उपस्थिति रही।

# संघर्ष से मिली परिषदीय कार्मिकों कों कैशलेस चिकित्सा

## अब होंगा पुरानी पेंशन बहाल कराने कों निर्णायक आंदोलन : ऋषिकान्त

**शाहजहाँपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध - ऑल इंडिया प्राइमरी टीचर्स फेडरेशन की 1 ?रवरी कों एनआरएमयू कार्यालय पर हुयी जिला बैठक कों सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ऋषिकान्त पाण्डेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों, शिक्षा मित्रों व अनुदेशको सहित अन्य कार्मिकों कों कैशलेश चिकित्सा सुविधा की स्वीकृति देना, शिक्षकों के लम्बे संघर्ष का नतीजा है शिक्षकों कों राज्य कर्मचारियों की भांति चिकित्सा की सुविधा नहीं थी जिसके लिए आंदोलन और धरना प्रदर्शन किये गए इसके बाद ही गत 05 सितंबर कों माननीय मुख्यमंत्री जी ने शिक्षक दिवस पर कैशलेश चिकित्सा देने की घोषणा की थी जों अब लागू हो जायेगी इसके लिए मुख्यमंत्री महोदय कों धन्यवाद और अब उम्मीद करते है ऐसे ही किसी दिन हम सभी की पुरानी पेंशन की मांग भी सरकार द्वारा मान ली जाये इसके लिए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ राष्ट्रीय




स्तर पर ऑल इंडिया प्राइमरी टीचर्स फेडरेशन के नेतृत्व में निर्णायक आंदोलन करेगा, ताकि शिक्षकों का भविष्य अच्छा हो सके जिला बैठक में संगठन के चल रहे ब्लॉक स्तरीय निर्वाचन में अगले चरण की घोषणा हुयी जिसमे अब 15 ?रवरी कों जिला मुख्यालय पर शेष सभी ब्लॉक के अध्यक्ष / मंत्री और कोषाध्यक्ष पद का नामांकन कार्यवाही करायी जायेगी, अभी केवल 5 ब्लॉक इकाइयों के ही अध्यक्ष / मंत्री और कोषाध्यक्ष गत 7 दिसम्बर कों हुए नामांकन प्रक्रिया में निर्विरोध निर्वाचित हो सके है इसलिए अब 15 ?रवरी कों जिला मुख्यालय पर शेष सभी 10 ब्लॉक इकाइयों तथा नगर इकाई के अध्यक्ष, मंत्री और कोषाध्यक्ष पद की नामांकन कार्यवाही करायी जायेगी यदि किसी ब्लॉक में किसी भी पद पर 2 या इससे अधिक नामांकन वैध पाये जायेगे तो 10 दिन के अंदर संबंधित ब्लॉक की बीआरसी पर नियमानुसार मतदान की प्रक्रिया अपनाकर निर्वाचन कराया जायेगा और यदि एकल नामांकन ही वैध पाया गया तो 15 ?रवरी कों ही ब्लॉक के तीनों पद पर निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा कर प्रमाण पत्र वितरित कर दिए जायेगे ब्लॉक इकाईयों के अध्यक्ष , मंत्री और कोषाध्यक्ष पद की निर्वाचन कार्यवाही पूर्ण होने के बाद 12 मार्च से 25 मार्च के बीच सभी ब्लॉक की मीटिंगें आयोजित होंगी जिनमे ब्लॉक कमेटी के शेष पदों का निर्वाचन, संघ नियमावली के अंतर्गत किया जायेगा, जिसका विधिवत कार्यक्रम होली अवकाश बाद जारी किया जायेगा, ब्लॉक कमेटियों के पूर्ण निर्वाचन के बाद 26 मार्च कों ब्लॉक अध्यक्ष अपने अपने ब्लॉक की डेलीगेट शिक्षक सूची जिला निर्वाचन समिति के पास जमा करेंगे उसी के आधार पर जिला कमेटी का विधिवत निर्वाचन होगा प्रदेश नेतृत्व द्वारा जनपद में जिला कार्यकारिणी समिति के निर्वाचन और अधिवेशन की तिथि 29 व 30 मार्च 2026 निर्धारित कर दी गयी है इसके लिए 29 मार्च कों जिला कमेटी के पदों का नामांकन कार्य होगा और 30 मार्च कों अधिवेशन आयोजित किया जायेगा जिसमे सभी ब्लॉक इकाइयों के निर्वाचित पदाधिकारियों सहित नव निर्वाचित जिला कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम होगा इस अधिवेशन में संघ के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय सुशील कुमार पाण्डेय जी उपस्थित रहेंगे, जिला कार्यकारिणी समिति के निर्वाचन कों प्रदेश स्तर से पर्यवेक्षक नियुक्त होगे और उन्ही के द्वारा जिला कमेटी की निर्वाचन कार्यवाही सम्पादित की जायेगी जिला बैठक का संचालन करते हुए डा. रत्नाकर दीक्षित ने उपस्थित ब्लॉक पदाधिकारियों और संयोजकों से सदस्यता अभियान में जुटकर सभी शिक्षकों कों संघ का सदस्य बनाने की अपील की और निर्धारित सदस्यता शुल्क भी उपलब्ध कराये जाने पर जोर दिया । बैठक में राजकुमार सिंह दद्दू, सचिन मिश्रा, विक्रांत मिश्रा, संदीप कुमार, अरविन्द शुक्ला,जितेंद्र कुमार सिंह, नवनीत तिवारी, दशरथ नंदन अवस्थी, अरविन्द वर्मा,सचिन कुमार मिश्रा, मनोज मलिक, अभिषेक गंगवार,शशांक शेखर बाजपेई, राजेश कुमार, संतोष कुमार, वेद वर्मा आदि उपस्थित रहे

# प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पालिका ने टैक्स कम अथवा परिवर्तन न करने की घोषणा की

## मनगढ़ंत लोगों पर थोपे गए टैक्स को लेकर नागरिकों में रोश, पूर्व चेयरमैन भी खफा

**जलालाबाद-शाहजहाँपुर (स्वतंत्र भारत)।** संसद के बजट सत्र का हवाला देते हुए नगर पालिका जलालाबाद ने प्रेस नोट जारी कर नियमानुसार पालिका बोर्ड की बैठक ना हो पाने की बात कही है जिसका आशय है कि पालिका बोर्ड की बैठक अब संसद के बजट सत्र पश्चात की जाएगी जबकि पालिका बोर्ड की बैठक बेहद अहम मानी जा रही थी जिसमें नगर की जनता पर लगाए गए मनगढ़ंत भवन व जलकर पर निर्णय लिया जाना था।

प्रेस नोट में राज्य सरकार के हवाले से अधिनियम में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर उत्तर प्रदेश द्वारा नगर पालिका भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर एक नियमावली 2024 बनाकर लागू की गई थी, पालिका का कहना है कि इससे पूर्व उसने जिलाधिकारी शाहजहांपुर द्वारा निर्धारित स्थानीय सर्किल रेट के आधार पर टैक्स की दरें निर्धारित की थीं जिसको उसने दैनिक दो समाचार पत्रों में यह कहते हुए प्रकाशित कराया था कि जो आपत्ति करना चाहे कर सकता है, आपत्तियां आमंत्रित हैं। निर्धारित समय अवधि में नगर के किसी भी व्यक्ति ने कोई आपत्ति नहीं की जिससे निर्धारित दरों को अंतिम रूप दे दिया गया और नियमावली नगर की जनता पर लागू कर दी गई। उक्त नियमावली में निर्धारित टैक्स की दर में परिवर्तन या कम करना अब नगर पालिका बोर्ड के अधिकार क्षेत्र में नहीं है ऐसा नगर पालिका का कहना है। इससे स्पष्ट है कि नगर पालिका टैक्स कम करने के मूड में नहीं है। जबकि अभी हाल ही में नगर पालिका द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से मीडिया के लोगों को अवगत कराया था कि 15 फरवरी तक निर्धारित दरों में लोग आपत्ति कर सकते हैं इसके लिए नगर पालिका प्रशासन ने नगर में डुगडुगी पिटवाकर व अनाउंसमेंट करवा कर लोगों को अवगत कराया था अब उसका क्या होगा? जब नगर पालिका द्वारा टैक्स परिवर्तन या कम करना उसके अधिकार क्षेत्र से निकल गया है तो आपत्तियां लेने के लिए 15 फरवरी निर्धारित करते हुए लोगों से आपत्तियां मांगने का आखिर क्या उद्देश्य रह जाएगा यह अपने आप में एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

टैक्स कम करने की अभी गुंजाइश शेषः पूर्व चेयरमैन

इधर इस संबंध में पूर्व चेयरमैन संजय पाठक से पूछने पर उन्होंने बताया कि नगर पालिका प्रशासन जो कह रहा है वह किसी हद तक सही हो सकता है लेकिन निर्धारित किए गए टैक्स की दरों में परिवर्तन या उसे कम किए जाने की गुंजाइश अभी शेष है। नगर पालिका प्रशासन जनता का नुकसान चाहे अथवा टैक्स कम करना ना चाहे तो यह उसकी मनमर्जी की बात है। फिलहाल टैक्स को कम किए जाने की गुंजाइश अभी शेष है इसके लिए वह आवाज उठाएंगे जनता के अधिकार की लड़ाई वह आगे तक लड़ेंगे।

# भाजपाइयों ने कहा बजट देश के लिए लाभकारी

## केंद्रीय बजट से देश वासियों को उम्मीद जगी है : अरुण सागर



**शाहजहांपुर।** ससद में पेश हुए बजट पर जहाँ सत्तादल ने इसे लाभकारी और किसान ,मजदूर,युवा व्यापारी , उद्योग के लिए बहता बताया तो वही विपक्षी दलों ने इस बजट को देश कर साथ छलावा बताया। उधोगपतियों ने बजट को उद्योगों के लिए लाभकारी बताया। कहा इस बजट से उद्योगों का भविष्य बेहतर लगा रहा है। देश का बजट आने के बाद सांसद अरुण सागर ने बजट की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि इस बजट से देश वासियों को उम्मीद जगी है। इस बजट में रोजगार बढ़ाने, किसानो की मदद, शिक्षा और स्वास्थ को और बेहतर बनाने, महिलाओं को मजबूत करने सड़क और रेल जैसी बुनियादी सुविधाओं का खास ध्यान रखा गया है। सांसद ने कहा कि देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मजबूत और जन केंद्रित नेतृत्व में आज भारत नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। बजट आने के बाद सांसद ने प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री का आभार जताया है । सांसद ने कहा कि आज जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह बजट पेश किया, तो यह स्पष्ट हो गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना अब सिर्फ सपना नहीं रहा–यह हकीकत बनने की राह पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रयासों से पेश किया गया यह बजट बहुत ही अच्छा और उम्मीद जगाने वाला है। यह बजट साफ दिखाता है कि विकास सिर्फ बातों में नहीं, बल्कि गाँव-गरीब-मध्यम वर्ग तक सच में पहुंचेगा। प्रधानमंत्री की सोच के अनुरूप यह बजट गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी शक्ति पर केंद्रित है। इसमें विकास के चार प्रमुख इंजन, कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने हमेशा यही संदेश दिया है कि विकास तभी सार्थक है, जब वह आखिरी छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। यह बजट उसी संदेश को और मजबूती देता है। सांसद ने कहा कि किसानों के लिए प्रधानमंत्री ने हमेशा कहा है कि अन्नदाता हमारा सबसे बड़ा आधार है। इस बजट में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजना शुरू की गई है, जो 100 कम उत्पादकता वाले जिलों में 1.7 करोड़ किसानों को लाभ पहुंचाएगी। नरेंद्र मोदी का सबसे बड़ा सपना है कि हर युवा को सम्मानजनक रोजगार मिले। इस बजट में स्किलिंग, एजुकेशन टू एम्प्लॉयमेंट और एंटरप्राइज पर हाई-पावर्ड कमिटी का गठन, सर्विस सेक्टर में फोकस, फुटवियर-लेदर जैसे क्षेत्रों में 22 लाख नए रोजगार के अवसर ये सब युवाओं को सशक्त बनाने के ठोस प्रयास हैं। यूनियन बजट पर महापौर अर्चना वर्मा ने प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि केंद्र सरकार द्वारा संसद में प्रस्तुत यूनियन बजट 2026 के लाइव प्रसारण का अवलोकन करने के उपरांत बजट के प्रमुख प्रावधानो कहा कि यूनियन बजट 2026 देश की आर्थिक मजबूती, वित्तीय अनुशासन और विकासोन्मुखी दृष्टिकोण को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। बजट में वित्तीय घाटे को नियंत्रित रखते हुए बुनियादी ढांचे पर विशेष जोर दिया गया है, जो देश को दीर्घकालिक विकास की दिशा में आगे ले जाने वाला कदम है। उन्होंने बताया कि बजट में पूंजीगत व्यय में वृद्धि से सड़क, परिवहन, आवास, शहरी आधारभूत सुविधाओं एवं सार्वजनिक ढांचे का विस्तार होगा। इसका प्रत्यक्ष लाभ नगरों और नगर निगम क्षेत्रों को मिलेगा, जिससे नागरिक सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। महापौर ने शिक्षा और स्वास्थ्य को बजट की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल किए जाने की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा, कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवाओं में निवेश ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है। युवाओं के लिए स्किल डेवलपमेंट, नवाचार और स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा देने वाले प्रावधान आने वाले समय में रोजगार सृजन को गति देंगे।उन्होंने बजट में महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार और उद्यमिता से जुड़े प्रावधानों का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाना सामाजिक और आर्थिक प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। बजट में महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की स्पष्ट प्रतिबद्धता दिखाई देती है। महापौर ने यह भी कहा कि बजट में आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल अर्थव्यवस्था, तकनीकी नवाचार और औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देने वाले प्रावधान भारत को वैश्विक स्तर पर मजबूत स्थिति प्रदान करेंगे। भाजपा भावल खेड़ा मंडल पर पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा वीरेंद्र सिंह यादव के आवास नियामतपुर में बजट का सीधा प्रसारण सामूहिक रूप से सुनना सुनिश्चित हुआ आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार अरोड़ा( सोनू )एवं विशिष्ट अतिथि राजाराम वर्मा (ब्लॉक प्रमुख)ग्राम प्रधान आदित्य कुमार सिंह यादव अरुण मिश्रा ओपी कश्यप ,अनिल वर्मा ,पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र वर्मा ,देवेश कुमार सिंह,मुनेंद्र सिंह ,रामसागर वर्मा,रामनरेश वर्मा ,राकेश वर्मा ,राम अवतार सुतनेरा,देवव्रत यादव,सुभाष सक्सेना (विक्की),रोहित यादव ओमेंद्र सिंह,मोहित शर्मा,भास्कर द्विवेदी,आयुष वर्मा,अरुण कुमार,मनोज कुमार,बांकेलाल एवं महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष श्रीमती ईश्वरवाती ,शिल्पी ,राम खिलौना अंजू सक्सेना ,रंजना सक्सेना एवं साधना अवस्थी जी तथा भावल खेड़ा मंडल के सम्मानित सभी पदाधिकारी,शक्ति केंद्र संयोजक,प्रभारी बूथ अध्यक्ष बीएलए 2,शिक्षक,अधिवक्ता प्रबुद्ध जन,व्यापारी कृषक,महिलाएं एवं युवा आदि उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहेकार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती मालती देवी मंडल अध्यक्ष भावल खेड़ाने सभी का आभार व्यक्त किया

केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के मीडिया प्रभारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत *बजट* पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने वाला एक दूरदर्शी और ऐतिहासिक बजट है। उन्होंने बजट को गरीब कल्याण,किसानों-युवाओं के उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण को समर्पित बजट बताया है। भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जो बजट पेश किया गया है वह सभी वर्गों के लिए लाभकारी है इससे देश की आर्थिक स्थिति और भी सृदृढ होगी। नगर निगम की स्वच्छता प्रभारी अल्पना श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्रीय बजट बहुत ही लुभावना है, किसान, नौज्वान, व्यापारी, उद्योगपति को विशेष ध्यान में रखकर बनाया गया है।

# सपा और कांग्रेस ने कहा कि आम बजट जनता के साथ छलावा



**शाहजहांपुर।** सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जो बजट दिया गया है वह केवल छलावा है जनहितकारी नहीं है, भाजपा ने किसानों, नौजवानों, बेरोजगारों को लुभावने वादे कराके वोट हासिल किए और तीन बार केंद्र में और दो बार प्रदेश में सरकार बना ली सभी वर्गों का वोट लिया लेकिन उनके साथ सदैव धोखा किया, यह बजट किसानरों, बेरोजगारों के लिए बेरोजगार है इसमें इन लोगों के लिए कुछ भी नहीं किया गया है, शिक्षा के क्षेत्र में भी बजट में कोई प्रावधान नही है किसानों के लिए कुछ नहीं किया गया केवल झूठे लुभावने गए किए भाजपा सरकार ने सदैव झूठ बोला और जनता को धोखा दिया है।

कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट मजाक बनकर रह गया जिसमें विदेश की शिक्षा तो सस्ती कर दी गयी लेकिन देश के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा मंहगी है विदेश की यात्रा सस्ती हुई लेकिन देश के रेल यात्रा को मंहगा कर दिया गया बजट वाले दिन ही रसोई का बजट बिगाड दिया गया और सिलेंडर मंहगा कर दिया गया इस बजट में युवा मिडिल क्लास महिलाओं, छडात्रों के साथ छलावा किया गया है और उन्हे ठगा गया है यह बजट भाजपाइयों की जेब भरने वाला है इसमें जमकर धनउगाही होगा।

# उद्यमी बोले उद्योगों का भविष्य होगा अच्छा



**शाहजहांपुर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने कहा कि इस बजट में सामान्य जनता को कुछ भी राहत नहीं दी गई है लेकिन उद्यमियों के भविष्य की योजनाएं जो लायी गयी हैं वह अच्छी है इससे छोटी कम्पनियों को लाभ होगा यह बजट व्यापारियों और उद्योगपतियों के लिए लाभकारी होगी क्योंकि छोटे शहरों का जो विकास होगा उससे उद्यमियों को भी कच्चा माल बनाने के एिल मौका मिलेगा। यह बजट देश को आगे ले जाने वाला साबित होगा।

उद्योगपति रामचंद्र सिंघल ने कहा कि इस बजट से आम जनता को तो फायदा नहीं दिख रहा है लेकिन उद्यमियों के लिए सरकार ने अच्छा रास्ता प्रशस्त किया है जो भविष्य में काफी लाभकारी साबित होगा। उद्योगपति सुरेश सिंघल ने कहा कि केंद्र सरकार का आम बजट ठीक है उद्योगों को बढावा देने वाला बजट है। सरकार में उद्योग क्षेत्र में जो वादा किया था उसे निभाया है और आने वाला दिन उद्योगों के लिए रामवाण साबित होगा।

आटोमोबाइल क्षेत्र के व्यवसायी अशोक बजाज ने कहा कि इस बजट में सरकार ने किसानों के लिए कुछ विशेष नहीं किया है न ही आटो क्षेत्र में कुछ ज्यादा व्यवस्था लागू की है फिर भी यह बजट लाभकारी साबित होगा क्योंकि इसमें भविष्य की योजनाएं बडी ही अच्छी हैं।

# बजट युवाओं को रोजगार, शिक्षा व ऋषि को बढ़ावा देने बाला है : डा.रामशंकर



मिर्ज़ापुर -शाहजहांपुर (स्वतंत्र भारत)। भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को संसद में वर्ष 2026- 27 का बजट पेश किया। जिसमें शिक्षा, रोजगार और कृषि पर विशेष ध्यान दिया गया। शिक्षा क्षेत्र में पिछले वर्ष से लगभग 8.27त्न अधिक धनराशि 1, 39, 289 करोड़ रुपए आवंटित किए गए। जिससे कॉलेज और तकनीकी संस्थानों में छात्रों को रोजगार, कौशल क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। विश्वविद्यालय टाउनशिप जैसी योजनाएं शिक्षा और उद्योग के बीच समन्वय बनाएंगे। लड़कियों की शिक्षा हेतु छात्रावास और सुविधाओं की घोषणा की गई है। बेरोजगारी और ग्रामीण विकास हेतु विकसित भारत की ÷जी राम जी÷ के लिए 1.51लाख करोड़ का प्रावधान है। इसमें ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। साथ ही सामाजिक सुरक्षा भी मिलेगी। कृषि क्षेत्र के लिए 1.63 लाख करोड़ की धनराशि आवंटन के साथ उच्च मूल्य फसलों, अनुसंधान और कृषि ऋ्रण, एवं आधुनिक तकनीक पर जोर दिया गया है। इससे कृषि ,उत्पादन ,खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी तथा डिजिटल और स्मार्ट खेती को बढ़ावा मिलेगा।‹ ढ्ढ प्लेटफॉर्म किसानों के लिए लांच किया जाएगा । यह बजट युवाओं हेतु रोजगारपर शिक्षा को बढ़ावा देने एवं कृषि आधारित विकास को समर्पित है तथा देश को विकसित और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे ले जाएगा।

# कार्यकर्ताओं ने सुना केंद्रीय बजट 2026 का लाइव प्रसारण



**शाहजहांपुर।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय शाहजहांपुर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में दिए जा रहे बजट भाषण का पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से लाइव प्रसारण के माध्यम से श्रवण किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने बजट भाषण को गंभीरता से सुना और इसके प्रमुख बिंदुओं पर आपस में चर्चा की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बजट 2026 में गरीब, किसान, महिला, युवा और मध्यम वर्ग के हितों का विशेष ध्यान रखा गया है। साथ ही यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे के विकास को नई दिशा देगा।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार विकसित भारत के लक्ष्य की ओर ठोस कदम बढ़ा रही है और बजट 2026 उसी सोच को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने बजट को जन-आकांक्षाओं के अनुरूप बताते हुए इसे दूरदर्शी और समावेशी करार दिया।

कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट देश को आत्मनिर्भर बनाने और समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम में संयोजक जितेंद्र वर्मा ,सह संयोजक नितेश गुप्ता ,त्रिवेंद्र सिंह,नीलमणि त्रिवेदी, व्यापार मंडल अध्यक्ष कुलदीप दुआ ,रोहित अग्रवाल,विनोद कन्नौजिया, हेमा अग्रवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बजट प्रावधानों का क्रियान्वयन पूर्णतः कानून सम्मत, पारदर्शी हो

**शाहजहांपुर।** पूर्व महासचिव सेन्ट्रल बार एसोसिएशन अनीत कुमार त्रिवेदी, एडवोकेट ने कहा केंद्रीय बजट में विकास, रोजगार सृजन, निवेश और आर्थिक स्थिरता की दिशा स्पष्ट दिखाई देती है और साथ ही साथ रक्षा और स्वास्थ्य, कृषि और शिक्षा तथा ट्रांसपोर्ट पर विशेष जोर दिया गया है एक अधिवक्ता के रूप में यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि बजट प्रावधानों का क्रियान्वयन पूर्णतः कानूनसम्मत, पारदर्शी और संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप हो, ताकि इसका वास्तविक लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सके।



समाज सेवी सरदार राजू बग्गा ने कहा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में अपना लगातार नौवां बजट पेश किया. इस बजट में वित्त मंत्री ने बायो फरमा शक्ति की घोषणा की, जिसमें अगले पांच वर्षों में 10,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है. टेक्नोलॉजी सेक्टर में इंडस्ट्री-लैड रिसर्च पर फोकस करेगी। कैपिटल एक्सपेंडिचर में करीब 9त्न वृद्धि का ऐलान किया. केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए कैपिटल एक्सपेंडिचर बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये कर दिया है । इसलिए बजट अच्छा है।

# विदेशी यात्रा और शिक्षा हुई सस्ती : रूपक

**शाहजहांपुर।** डॉ रूपक श्रीवास्तव प्रोफेसर वाणिज्य विभाग स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय ने कहा कि विदेशी शिक्षा व यात्रा सस्ती, परंतु देशी शिक्षा में गुणवत्ता और छूट की अनदेखी से हो सकती है रोजगार में गिरावटनिम्न में मध्यम उद्यमिता भारत में लगभग 25 करोड़ रोजगार देता है। मध्यम उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 10000 करोड रुपए का अतिरिक्त लोन देने का प्रस्ताव पास किया है जिससे रोजगार करने की संभावना है आत्म निर्भर भारत बनने की दिशा में 2000 से 4000 करोड रुपए तक बजट देने की घोषणा सरकार को लक्ष्य प्राप्ति वह आत्मनिर्भर भारत के स्वपन की तरफ ले जाने में सहायक होगी। विदेश यात्रा खर्च पर टैक्स संग्रह दर 2 त्न तक घटाई गई है, जिससे विदेश में पढ़ाई के खर्चे में थोड़ी कमी आएगी, विदेशी पर्यटक को बढ़ावा मिलेगा। 7 गंभीर रोग व 17 कैंसर रोग की बीमारियों की दवाई सस्ती होने से भारतीय स्वास्थ्य सूचकांक बढ़ाने की संभावना व्यक्त की जा रही है जिस कारण भारत में औसत मृत्यु आयु घट सकती है। सीएनजी सस्ता होने से भारतीय उद्योग पर्यटन पाटन से सकल घरेलू उत्पाद में 0.5 से 0.75त्न प्रतिशत का योगदान बढ़ सकता है। साथ पहली बार नौकरी पाने वाले युवाओं को लाभ पहुंचाने के लिए कर्मचारी भविष्य निधि के माध्यम से तीन किश्तों में एक महीने का वेतन देने की योजना, जिससे 2.1 करोड़ युवाओं को लाभ होने की उम्मीद है।

# संत रविदास के विचारो को करे आत्मसात : राजू

शाहजहांपुर। पंजाबी सिख समाज सेवा संगठन द्वारा अपने बिजलीपूरा कार्यालय पर ने संत रविदास को नमन किया। अध्यक्ष सरदार राजू बग्गा ने संत रविदास की जयंती पर उन्हें नमन किया और लोगों से उनके विचारों को आत्मसात कर समरस एवं विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया।सद्रुरु रविदास जी ने कर्म से सेवा, समरसता और समानता का जो संदेश दिया, वह आज भी हमें प्रेरित करता है।'15वीं शताब्दी के महान संत, समाज सुधारक और कवि गुरु रविदास जी ने अपना पूरा जीवन समाज में फैली कुरीतियों को मिटाने और समानता का संदेश देने में समर्पित कर दिया। वे हमेशा जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे रहते थे और मानते थे कि ईश्वर द्वारा बनाए गए सभी लोग, चाहे अमीर हों या गरीब, समान हैं। इस मौके पर ओम शर्मा,निखिल, कृष्णा, सुमित शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

# टैक्स स्लैब को तर्कसंगत बनाने की उठाई मांग, जेल न भेजने के फैसले का किया स्वागत

## कर्मचारियों के रिक्त 2 लाख पदों को भरने की नहीं की चर्चा



**शाहजहांपुर।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में आज आम बजट पेश किया. अपने भाषण के दौरान निर्मला सीतारमण ने कई बड़े ऐलान किए । जिस पर सभी ने अपने-अपने विचार रखें एनआरएमयू मुरादाबाद मण्डल सहायक मण्डल मंत्री व ओलम्पिक संघ सचिव जिला नरेंद्र त्यागी ने कहा कि बजट में कर्मचारियों के रुके हुए 18 माह के डी ए को देने की कोई घोषणा नही की गई कर्मचारियों के रिक्त 2 लाख पदों को भरने की चर्चा नही की गई आठवीं वेतन आयोग जनवरी 2026 से लागू हो जाना चाहिये उसके लिये भी बजट में कोई घोषणा नही की गई टेक्स स्लैब में कोई बदलाव नही किया गया जबकि अभी वेतन आयोग की रिपोर्ट आने से कर्मचारियों की सैलरी ब?गी नई इन्कम टेक्स अप्रैल से जब लागू होगी तब देखा जाएगा कर्मचारियों को किया छूट दी गयी है । खिला?ियों के लिये खेल सामान सस्ता कर एव सुविधएं बढाकर अच्छा कार्य हुआ है। व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक *महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम* की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में भारत सरकार द्वारा पेश किए गए बजट 2026 पर गहन चर्चा की गई। व्यापारियों ने जहाँ नए रिफॉर्म्स की सराहना की, वहीं विसंगतियों को दूर करने के लिए सुझाव भी साझा किए। व्यापारियों ने टैक्स स्लैब को तर्कसंगत बनाने की उठाई मांग, जेल न भेजने के फैसले का किया स्वागत महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कपड़ा मनुष्य की मूलभूत आवश्यकता और आजीविका का मुख्य साधन है। सरकार ने इस पर 5त्न टैक्स स्लैब रखा है, जबकि इसे पूर्णतः 0त्न श्रेणी में रखा जाना चाहिए था ताकि आम आदमी को राहत मिल सके। जिला महामंत्री आकाश दीप गुप्ता ने वित्त मंत्री के उस फैसले की सराहना की जिसमें परेशानी के कारण टैक्स जमा न कर पाने पर जेल न भेजने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने इसे व्यापारियों के लिए बड़ी राहत बताया। साथ ही, उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे समय पर टैक्स जमा कर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें। बहादुरगंज पचराहा इकाई अध्यक्ष इ?बाल खां ÷लकी÷ ने कहा कि पैकिंग मटेरियल पर 5त्न और 18त्न के दो अलग-अलग स्लैब भ्रम पैदा करते हैं। इसे एकीकृत कर 5त्न किया जाए ताकि माल सस्ता हो और व्यापार ब?। महानगर वरिष्ठ मंत्री रेहान मि?ी ने कहा कि लेडी? हैंडबैग पर 18त्न जीएसटी अत्यधिक है। आगामी वैवाहिक सीजन को देखते हुए इसे 5त्न के स्लैब में लाना चाहिए जिससे महिला वर्ग को लाभ मिल सके।

# बजट से मिलेगी छोटे व्यवसायों को विस्तार और प्रतिस्पर्धा



**शाहजहांपुर।** आईआईए के पदाधिकारियों ने बजट पर विचार व्यक्त किए जिसमें रोहित गोयल, सचिव इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने आज के बजट में एमएस एम ई को 10,000 करोड़ का इस एम ई ग्रोथ फंड दिया गया है जिससे देश और अपने प्रदेश के छोटे व्यवसायों को विस्तार और प्रतिस्पर्धा में मदद मिलेगी, जिसका स्वागत करना चाहिए! इसे अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों को टियर-2/टियर-3 शहरों में 'कॉर्पोरेट मित्र' और प्रशिक्षण समर्थन मिलने से स्थानीय विकास को बढ़ावा मिलेगा। शुभम खन्ना, आई आई ए केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य ने कहा की ऑटोमोबाइल और निर्माण उद्योग ने बजट की कुछ घोषणाओं का स्वागत किया जाना चाहिए क्योंकि इससे इन क्षेत्रों में निवेश और औद्योगिक विस्तार को ब?ावा मिलने की संभावना है। बजट लॉन्ग-टर्म इंफ्रास्ट्रक्चर और उत्पादन-उन्मुख नीतियों के माध्यम से कारोबारी माहौल को मजबूत करेगी, हालांकि कुछ सेक्टर्स को अब भी विशिष्ट प्रोत्साहन के लिए आगे कदम उठाने की आवश्यकता महसूस होती है। विनम्र अग्रवाल चैप्टर चेयरमैन आई आई ए, ने कहाआज का बजट को स्थानीय से वैश्विक स्तर तक ले जाने के अवसर देने की कोशिश करता है, लेकिन क्रेडिट और नियमों में और सरलता की अपेक्षा आज भी बनी हुई है। जय गोविंद मोदी, कोषाध्यक्ष, आई आई ए शाहजहाँपुर, के अनुसार आत्म निर्भर भारत फंड में अतिरिक्त राशि डालकर सूक्ष्म उद्यमों को पूंजी और जोखिम भत्ते का समर्थन बढ़ाया गया है , जी सराहनीय है! बजट मे प्रस्तावित है की सरकार 200 पारंपरिक औद्योगिक क्लस्टरों को फिर से जीवंत करेगी, जिससे स्थानीय कारोबारों को नई ताकत मिलेगी। आगामी बजट से प्लास्टिक एवं विनिर्माण उद्योग को कच्चे माल पर करों में राहत, एमएसएमई के लिए सस्ती वित्तीय सहायता, ऊर्जा लागत में कमी और तकनीकी उन्नयन हेतु प्रोत्साहन की उम्मीद है। परंतु ÷प्लास्टिक कच्चे माल पर कर राहत÷ जैसे विशिष्ट प्रावधान अभी घोषित नहीं हुए हैं।कुछ कस्टम्स सुधार, प्रक्रियागत सरलीकरण, और विनिर्माण को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहन देने वाली योजनाएँ बजट 2026 में शामिल हुई हैं, जो उद्योग की लागत दक्षता और तकनीकी उन्नयन की दिशा में अवसर पैदा कर सकती हैं- गुरजीत सिंह मोंगा मंडलीय चेयरमैन आई आई ए।



# तीन दिन से लापता मासूम का खेत में मिला अधखाया शव

- जंगली जानवर के हमले या हत्या में उलझा मामला
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा
- रिपोर्ट आने का पुलिस को इंतजार

स्वतंत्र भारत

**निघासन-खीरी।** निघासन कोतवाली क्षेत्र में एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है। ग्राम पचपेड़ी से तीन दिनों से लापता मासूम बच्चे मुन्ना का अधखाया शव रविवार को गांव के पास स्थित कब्रिस्तान के निकट एक केले के खेत में बरामद हुआ।



मृतक मुन्ना पुत्र मदारू बीते तीन दिनों से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता था। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की और पुलिस को भी सूचित किया था, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था। रविवार सुबह जब कुछ ग्रामीण खेत की तरफ गए, तो उन्होंने कब्रिस्तान के पास केले के झुरमुट में बच्चे का शव देखा। मासूम का शव आंशिक रूप से खाया हुआ अधखाया पाया गया है, जिससे किसी जंगली जानवर के हमले या अन्य किसी जघन्य वारदात की आशंका जताई जा रही है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। बच्चे की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के हर घर में इस घटना को लेकर शोक और असुरक्षा का माहौल है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

यह किसी आदमखोर जानवर का काम है या इसके पीछे साजिश है? पुलिस का कहना है कि वे पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, जिसके बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## नायब तहसीलदार व सीएचसी अधीक्षक ने मारा अस्पताल में छापा

**गोला गोकर्ण नाथ-खीरी।** नगर में अवैध रूप से चलने वाले अस्पतालों पर शिकंजा कसने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है जिसके चलते पंजाबी कालोनी के पास चलने वाले बिना बोर्ड के अस्पताल पर नायब तहसीलदार भानू प्रताप और सीएचसी अधीक्षक गणेश के संयुक्त टीम ने छापा मारा जिसमें दो मरीज भर्ती मिले और बाला जी नर्सिंग होम के पर्चे भी मिले जिसपर दवाओं को लिखा जाता था। वहीं एक का ऑपरेश भी हुआ था और दूसरा पेशेंट की डिलीवरी का समय चल रहा था। लेकिन वहां पर मरीजों के तीमारदार नहीं मिले और अस्पताल का स्टाफ भी फरार हो चुका था। मौके पर पहुंचे अधिकारी ने जांच कर अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए तैयारी शुरू कर दी है।

## सीआरपीएफ से सेवानिवृत्त फौजी का कस्बे में भव्य स्वागत



**पड़रिया तुला-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** सीआरपीएफ से 22 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए पड़रिया तुला निवासी फौजी ओमकार सिंह का रविवार को अपने गृह कस्बे में भव्य स्वागत किया गया। कस्बेवासियों ने उनके प्रथम आगमन पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर उनका अभिनंदन किया। ओमकार सिंह का चयन केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स में वर्ष 2004 में हुआ था। उन्होंने कोबरा कमांडो की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त की और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनात रहे। इस दौरान उन्होंने नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए कई अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे देश और अपने क्षेत्र का मान बढ़ा। शनिवार को ग्रुप सेंटर लखनऊ में उच्चाधिकारियों द्वारा कोबरा कमांडो ओमकार सिंह को केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स की सेवाओं से सेवानिवृत्त किया गया। रविवार को अपने गृह कस्बे में पहुंचने पर मालपुर से पड़रिया तुला तक फूलमालाओं, गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ कार व बाइक रैली निकाली गई। यह रैली पड़रिया तुला बाजार मंडी स्थित शहीद स्मारक पर समाप्त हुई। शहीद स्मारक पर पुष्पार्पण और राष्ट्रगान के बाद फौजी ओमकार सिंह के स्वागत कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष अनुपम अवस्थी ने कहा कि फौजी ओमकार सिंह के शौर्य, साहस और देश सेवा को कस्बा सहित पूरा इलाका हमेशा याद रखेगा। ओमकार सिंह ने कार्यक्रम में अपनी भर्ती से लेकर सेवानिवृत्ति तक के 22 साल के सफर के अनुभव साझा किए। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय गिरी, सफल्लू, शरद मिश्रा, अंकित त्रिवेदी, राहुल सिंह भदौरिया, डॉक्टर सतेंद्र यादव, नीरज सिंह, सुमन वर्मा, ललित गुप्ता, पंकज गुप्ता, सुशील गुप्ता, रोहित बाथम, सुनील बाथम, बबलू कुरैशी, दिनेश गुप्ता, रामनरेश मौर्या, होरी लाल गुप्ता, राजा सिंह, राजेश गुप्ता, सूरज सिंह, हरीश मौर्या, उमेश गुप्ता, दिनेश थापा, आशुतोष त्रिपाठी, पप्पू राज, अमित मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, मनोज गौड़, राजू पाल, दीपक पांडेय, राकेश शर्मा, मुदित बाथम, जमालुद्दीन अंसारी, डॉक्टर पीके यादव, अमन बाथम सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

# चूं-चूं का मुरब्बा अखिलेश का पीडीए : स्वामी प्रसाद मौर्य

- संत रविदास जयंती पर आयोजित अजपा के कार्यक्रम में बोले राष्ट्रीय अध्यक्ष
- कहा-एससी/एसटी को रिझाने के लिए केंद्र सरकार लाई यूजीसी

स्वतंत्र भारत



**पलियाकलां।** संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य मे नगर के रामलीला मैदान में आयोजित अपनी जनता पार्टी का विधान सभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजित इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में एजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य मौजूद रहे। इस दौरान वह भाजपा व सपा पर जमकर बरसे।

इस मौके पर एजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा शंकराचार्य की पहचान हिन्दू धर्म के संरक्षक के रूप में हुई थी। हिन्दू धर्म के होने के नाते उन्हे केवल अपने अपमान की चिंता नही करनी चाहिए औरों के भी अपमान की चिंता करनी चाहिए। जब इस देश के राष्ट्रपति को राजस्थान में मंदिर में जाने से रोका जाता है। तो उस समय राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अपमान को लेकर कोई भी नही खड़ा हुआ। वहीं मौजूदा राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को दिल्ली के जगन्नाथ मंदिर में रोका गया तो उस समय भी किसी शंकराचार्य ने आवाज नही उठाई। आखिर आज यह नौबत आई क्यों आई।

यूजीसी पर बोलते हुए उन्होंने कहा सरकार यह मानती थी कि समान्य वर्ग उनके साथ है। एससी व एसटी को खुश करने के लिए यूजीसी बिल ला दिए। सरकार चोर से कहो चोरी करो और जनता से कहो जागते रहो वाला काम कर रही है। इस मुद्दे पर सरकार को नुकसान उठाना पड़ेगा। भाजपा सरकार में बेरोजगारी चरम पर है। सरकार की गलत नीतियों से मंहगाई चरम पर है। समाजवादी पाटी के मुखिया अखिलेश यादव के लिए बोले पीडीए चूं-चूं का मुरब्बा है, अखिलेश खुद पीडीए का मतलब नहीं जानते है। कभी पी का मतलब कभी पिछड़ा बताते है कभी पी का मतलब पंडित बता देंगे। डी का मतलब कभी दलित बताऐंगे कभी डिंपल यादव बता देंगे। ए का मतलब कभी अल्पसंख्यक बताएंगे तो कभी कुछ बता देंगे। वह पीडीए का मतलब समय-समय पर अपने मुताबिक बदलते रहते हैं। पीडीए भी एक धोखा है। इस मौके पर एसडीएम डॉ अवनीश कुमार, सीओ जितेन्द्र सिंह परिहार व कोतवाली प्रभारी पंकज त्रिपाठी सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## विधायक ने किया पेट्रोल पंप का उद्घाटन



**जंगबहादुरगंज खीरी (स्वतंत्र भारत)।** रिलायंस आर के फ्यूल सेन्टर पेट्रोल पंप का उद्घाटन विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन से पहले पंडित अविनाश शास्त्री जी के द्वारा पूजन किया गया। तत्पश्चात विधायक का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। उद्घाटन के बाद जलपान की व्यवस्था में सुक्ष्म जलपान कराया गया। इस मौके पर पेट्रोल पंप के प्रोपराइटर पुनीत गुप्ता, सुनीता गुप्ता के अलावा राम महेश गुप्ता, सुधीर गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य अनूप सिंह, अशोक सिंह, प्रधान गौरव सिंह, बरखेरिया प्रधान सुरेश गुप्ता, भाजपा नेता अशोक गुप्ता, मोहद्दीनपुर प्रधान अंकुर सिंह, कोटरा प्रधान रामऔतार भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आशीष सिंह चौहान, हीरो एजेंसी के प्रोपराइटर देवेश सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य कमल सिंह पिपरौला व पत्रकार बंधु व सैकड़ों की संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## एक दिवसीय कला प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर खीरी।** राज्य ललित कला अकादमी एवं जंगल हेरिटेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित लोक कला शिविर के समापन के पश्चात विकास भवन में एक दिवसीय कला प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। शुभारंभ परियोजना निदेशक सोमनाथ चौरसिया ने फीता काटकर किया।

मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए लखीमपुर खीरी सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कलाकारों द्वारा निर्मित कलाकृतियों का अवलोकन किया और उनकी कला प्रतिभा का उत्साहवर्धन किया। लगभग 30 चित्रों में थारू जनजाति का जीवन,



ग्रामीण परिवेश, लोक संस्कृति, प्रकृति और परंपराओं की झलक देखने को मिली। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियां न केवल कला को प्रोत्साहित करती हैं बल्कि समाज को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य भी करती हैं।

प्रदर्शनी का संयोजन राज्य ललित कला अकादमी के सदस्य अभिनव दीप द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में शहर के कलाकार, कला विधा से जुड़े शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी, कला प्रेमी तथा बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे। सभी ने चित्रों की रचनात्मकता, रंग-संयोजन और विषय-वस्तु की सराहना करते हुए इसे जिले के सांस्कृतिक जीवन के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

## दो वांछित गिरफ्तार

लखीमपुर-खीरी। एसओ हैदराबाद के नेतृत्व में पुलिस द्वारा वांछित वारण्टी आदेश कुमार पुत्र स्व0 स्वामीदयाल निवासी ग्राम मुरादपुर थाना खुटार जिला शाहजहाँपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में व0उ0नि0 जयरनरायण यादव व का0 सचिन कुमार शामिल रहे। वहीं कोतवाली सदर के प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस ने वांछित अभियुक्त अंशु श्रीवास्तव पुत्र स्व. वंशीधर श्रीवास्तव निवासी ब्लाक नं0-27 कमरा नं0429 काशीराम कालोनी को पत्नी की हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल चाकू व प्लास्टिक की मुठिया सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, हे0का0 अम्बल सिंह व का0 सतेन्द्र कुमार शामिल रहे। दोनों को जेल भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपाइयों ने बजट पर जताई खुशी

**लखीमपुर खीरी (स्वतंत्र भारत)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत बजट को भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में श्री राम चौराहे पर बड़ी एलईडी लगाकर सुना गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय मंत्री, महेंद्र पांडे सदर विधायक योगेश वर्मा जिला महामंत्री आशू मिश्रा रामजी मौर्या विनोद लोधी कुलभूषण सिंह जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्र संतोष कुमारी उमेश शुक्ला विनय गुप्ता चीकू नगर अध्यक्ष देवदत्त चढ्ढा, पूर्व नगर अध्यक्ष जितेंद्र साहनी दुर्गेश नंदन पांडे समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। आखिर में जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि बजट सर्वस्पर्शी सर्वाग्रही एवं विकास परक है। इससे भारत में तेजी से विकास होगा। जन सुविधा बढ़ाने से आम जनता को बहुत लाभ होगा। बजट में हर वर्ग की चिंता करते हुए सभी के विकास की बात कही गई है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकसित राष्ट्र बने इस बजट में ऐसी व्यवस्थाएं की गई है। बाद में सभी को मिठाई खिलाई गई।

### सेवा निवृत्त कोबरा कमांडो को दी विदाई

**बिजुआ खीरी (स्वतंत्र भारत)।** विकास खण्ड बिजुआ के कस्बा पड़रिया तुला के निवासी कमांडो ओमकार सिंह ने 22 वर्षों तक देश की सेवा करने के बाद 31 जनवरी 2026 को रिटायरमेंट ले लिया है। उनके साथियों ने अश्रुओं के साथ उन्हें विदाई दी। कमांडो ओमकार सिंह ने 01/06/2004 को सीआरपीएफ में ज्वाइन किया था और अपने सेवाकाल में देश की सुरक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण मिशनों में भाग लिया। उन्होंने अपनी बहादुरी और साहस का परिचय देते हुए देश की सेवा की। उनके साथियों ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे। कमांडो ओमकार सिंह की विदाई समारोह में उनके परिवार के सदस्य, मित्र और ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने उन्हें सम्मानित किया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कमांडो ओमकार सिंह ने कहा कि वे हमेशा देश की सेवा के लिए तैयार रहेंगे और अपने अनुभव का उपयोग समाज के लिए करेंगे। उन्होंने अपने साथियों को धन्यवाद दिया और कहा कि वे हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे। इस अवसर पर कमांडो ओमकार सिंह को उनके साथियों ने एक स्मृति चिन्ह भेंट किया और उनके परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने कमांडो ओमकार सिंह के भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें उनके नए जीवन के लिए बधाई दी।

### मनाई गई संत रविदास जयंती

**पड़रिया तुला खीरी।** रविवार को रविदास समाज द्वारा संत गुरु रविदास जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सभी समाज के लोगों ने कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें बड़ी संख्या में आसपास के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणि गुरु रविदास की तस्वीर पर माल्यार्पण और पूजा-पाठ के साथ हुआ। इस मौके पर पड़रिया तुला व्यापार मंडल के अध्यक्ष रामजीत सिंह ने संत रविदास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और लोगों को संबोधित किया। समाज के लोगों द्वारा भजन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। पड़रिया तुला व्यापार मंडल के अध्यक्ष रामजीत सिंह और अशोक चौधरी ने संत रविदास के जीवन पर प्रकाश डाला।

## महायज्ञ का हुआ समापन



**बरवर-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** ब्लॉक पसगवा के ग्राम पंचायत सेमरा जानीपुर घाट गोमती तट के किनारे ग्राम वासियों के सहयोग से 28वां रुद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति संपन्न हुई साथ में रासलीला का प्रोग्राम रखा गया भंडारा का कार्यक्रम में सभी क्षेत्र गांव के लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया यह कार्यक्रम कांकर घाट मंदिर पर संपन्न हुआ यह स्थान ग्राम वासियों ने बताया है बहुत ही सच्चा श्रद्धा का है।

## जलसे में की गई दीन पर चलने की अपील

स्वतंत्र भारत

**मितौली-खीरी।** जामा मस्जिद के पास जलसा इसलास-ए-आम का आयोजन किया गया। कस्बे के मौलाना अवरार अहमद ने बताया कि एक-दूसरे की बुराई करना, चुगली करना बहुत बड़ा गुनाह है। इसको दूर करने की जरूरत है। मुफ्ती शमसुल हसन ने बताया कि तीन काम बहुत जरूरी है पहला अपने दीन को फैलाओ, दूसरा अल्लाह ने जो तुम्हे दिया है उसको गरीबो, यतीमो और जरूरतमंदों पर अल्लाह के नाम पर खर्च करो। तीसरा उस वक्त नमाज पढ़ो जब सारे लोग सो रहे हैं। मौलाना अनीस अहमद आजाद कासमी नक्शबंदी ने पैगम्बर मोहम्मद साहब के तरीकों को बताया और उस पर अमल करने की अपील की। उन्होंने बताया कि दुनियावी तालीम के साथ-साथ कुरान की तालीम भी जरूरी है।



मौलाना मुतीउल हक, मौलाना अनस, मौलाना मुफ्ती हफीम ने नात पढ़ी। मदरसे के बच्चों ने मजहबी कार्यक्रम पेश किए। संचालन कारी रिहान फ़ख्द ने किया। अंत में मौलाना अनीस आजाद नक्शबंदी ने मौलाना फहीम अहमद सिद्दीकी द्वारा प्रकाशित इस्लामिक पुस्तक आओ कामिल ईमान बने का विमोचन किया। इस दौरान जामा मस्जिद के इमाम मौलाना जलीस अकरम, मौलाना इबरार अहमद, सदर रोज अली, नईम मिस्त्री, ताहिर हुसैन, सिकन्दर अली, रसीद सिद्दीकी, राजू कोटेदार, फहीम सिद्दीकी, ताज सिद्दीकी, नदीम कुरेशी, हसीब अहमद, रिजवान सिद्दीकी, अफजल सिद्दीकी, गुड्डू कुरैशी, अजमी हसन, इलियास ठेकेदार, सादिक अली, मिंटू कुरेशी, यूसुफ सिद्दीकी, नदीम सलमानी, तैयब सिद्दीकी, असलम कुरैशी, कमाल खा, मो रफी, परवेज, सलीम शाह, सुल्तान, अब्दुल हमीद, राजू सलमानी व शहीद आदि लोग मौजूद रहे।

## हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव में प्रस्तुत किये जा रहे मनमोहक कार्यक्रम

स्वतंत्र भारत

**खमरिया-खीरी।** ईसानगर क्षेत्र के सेमरिया में स्थित हनुमान मंदिर व प्राण प्रतिष्ठा के 796 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर मनाया जा रहा सात दिवसीय चौथा वार्षिकोत्सव का समापन मंगलवार को लट्ठ मार फूलों की होली खेलकर होगा। जिसमें श्री राधा कृष्ण लीला संस्थान मथुरा बरसाना से आये कलाकार व्यास स्वामी नंदकिशोर व उनकी टीम के सदस्यों के द्वारा आयोजित किये जा रहे भव्य कार्यक्रम देख श्रोता भावविभोर हो रहे है, इस दौरान रविवार को दोपहर में ताड़का वध आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस बाबत हनुमान गढ़ी समिति के सदस्य नवीन तिवारी ने बताया कि यह वार्षिकोत्सव क्षेत्रीय विधायक विनोद शंकर अवस्थी, पूर्व विधायक बाला प्रसाद अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख आलोक कटियार दीपू, डॉ.रमारमण मिश्रा, जितेंद्र अवस्थी, मोनू सिंह के संरक्षण में हो रहा है, जिसमें उनके साथ साथ कमेटी के सदस्य राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, आशीष पटेल, संदीप सिंह, संदीप अवस्थी, चंद्रकिशोर मौर्या, बबलू मिश्रा, अनिल कुमार वर्मा आदि आयोजित हो रहे कार्यक्रम में अहम भूमिका निभा रहे है।



## वक्ताओं ने श्रोताओं को कराया भगवत ज्ञान का रसपान

स्वतंत्र भारत

**मितौली खीरी।** ग्राम पंचायत ओदारा में बत्तीसवीं श्री गायत्री महायज्ञ एवं सनातन धर्म संत सम्मेलन आध्यात्मोपदेशक उमाशंकर तिवारी के निर्देशन में बाहर से पधारे विद्वान वक्ताओं की भगवत चर्चा का रसपान श्रोताओं ने किया। गायत्री महायज्ञ एवं सनातन धर्म सम्मेलन के अंतिम दिन बाहर से पधारे वक्ताओं में यज्ञाचार्य हरगोविंद दास, संजय शुक्ला त्यागी महराज मानस प्रवक्ता तम्बौर सीतापुर, रुपाली शुक्ला मानस मर्मज्ञ संडीला हरदोई, प्रवीण कुमार दीक्षित आध्यात्मको पदेशक सीतापुर, राम किंकर शुक्ल नैमिषारण्य सीतापुर, कुसुम कुमार बाजपेई मानस प्रवक्ता बांकेगंज गोला, साध्वी दीक्षा अवस्थी मानस प्रवक्ता वृंदावन धाम मथुरा, सिद्धार्थ मिश्र भजनानंदी प्रदेशक, राजेंद्र प्रताप पांडे मानस प्रवक्ता हरदोई,



सुरभि पांडे महमूदाबाद सीतापुर, अयोध्या प्रसाद कथक सम्राट रायबरेली, के मुखारविंद से भगवत चर्चा भक्तों को सुनाते हुए कहा कि भगवान से भक्त बड़ा होता है। हनुमान जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए हनुमान जी को ज्ञानिना मग्रगयंम भी बताया। कथा पे श्रोताओं को सुनाकर भाव विभोर कर दिया। कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने यज्ञ मे पहुंच कर साधु संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। यज्ञ के अध्यक्ष हरिओम मिश्र, संदीप कुमार मिश्रा, विनोद कुमार मिश्र, रमेश चंद्र मिश्र, पूर्व प्रधान सुनील मिश्र, प्रदीप मिश्र, आशीष मिश्र, अभिषेक मिश्र, प्रेम शंकर मिश्र, विनोद मिश्र पहलवान, संदीप मिश्र, सोनू मिश्र बंसी, पूर्व प्रधान जहांगीर गाज़ी, बीडीसी इकरार गाजी, प्रधान ओदारा राजेंद्र प्रसाद भार्गव, सुरेंद्र कुमार मिश्र, अनूप कुमार मिश्र, विनय कुमार दीक्षित, पन्नालाल यादव संगीत कलाकार, टेंट लाइट साउन्ड सर्विस हरी ओम मिश्र की तरफ से यज्ञ में भेंट प्रदान की गई।

## विधायक ने किया रोड का किया उद्घाटन



**बिजुआ-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** बिजुआ विकास खंड में बिजुआ-सेमरिया मार्ग का गोला विधायक अमन गिरी ने विधिवत मंत्रोच्चार के बाद भूमि देवता को नारियल भेंट कर शुभारंभ किया। 4 किलोमीटर लंबी यह सड़क 310.56 लाख रुपये की लागत से निर्मित हुई है। यह मार्ग वर्षों से खराब था जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। बरसात के मौसम में सड़क कीचड़युक्त होकर दलदल बन जाती थी। कई गावों का संपर्क बाधित हो जाता था। यह सड़क विकासखंड बिजुआ के रामालक्ष्णा, पल्हनापुर, अंबारा, कन्नापुर, गौरिया सिमरिया, मझगईं, अहमदाबाद ग्रंट, बहादुर नगर, भू पुरवा, नौरंगाबाद गोविंदपुर जैसे कई गांवों को जोड़ती है। ग्रामीणों के अनुसार, यह सड़क हर चुनाव में एक प्रमुख मुद्दा बनती रही थी। क्षेत्रीय जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग पर, गोला विधायक अमन गिरी ने इस सड़क के निर्माण का बीड़ा उठाया। उनके प्रयासों से अब जल्द ही ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और बरसात के दौरान होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने इस सड़क को उनके लिए जीवनरेखा बताया है।

## हिंदू सम्मेलन व खिचड़ी भोज का किया गया आयोजन

- पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर ने हिंदू एकता व संस्कृति पर दिया जोर
- खिचड़ी भोज में सैकड़ों ने ग्रहण किया प्रसाद

स्वतंत्र भारत

**मितौली-खीरी।** कस्ता स्थित राधे रमण सोना देवी इंटर कॉलेज परिसर में रविवार को हिंदू सम्मेलन एवं खिचड़ी भोज का आयोजन सनातन धर्म समिति के अध्यक्ष शरद अवस्थी एडवोकेट ने किया।

सम्मेलन में पूर्व राज्यसभा सदस्य सांसद जुगल किशोर ने भारत माता एवं संत रविदास के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सदस्य जुगल किशोर ने हिंदू समाज की एकता, संस्कारों और सनातन धर्म की मजबूती पर जोर दिया। कहा कि समाज को संगठित होकर अपनी संस्कृति और परंपराओं की रक्षा करनी होगी। आरएसएस सीतापुर के विभागाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने हिंदू एकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार रमेश चंद्र शुक्ल ने की। इस अवसर पर सनातन धर्म समिति की संयोजक परशुराम तिवारी एवं वरिष्ठ समाजसेवी रामेश्वरी देवी मिश्रा उपस्थित रही कार्यक्रम में भाजपा नेता अवधेश कुमार उर्फ पप्पू आदि काफी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सम्मेलन के उपरांत खिचड़ी भोज का आयोजन हुआ, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को लेकर ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## ठोस-सशक्त आधार

आगामी वित्तीय वर्ष के लिए उम्मीदों के रंग को गाढ़ा करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत अर्थव्यवस्था की तस्वीर पिछले वर्षों से उठाए जा रहे सधे कदमों को और गति देने की दिशा में ठोस तथा दूरदर्शितापूर्ण प्रयास है। सबसे सबल पक्ष तेज रफ्तार विकास के लिए आशिकी के साथ आम क्रियाकलापों को और अधिक समाहित करने को भरपूर प्रोत्साहन देना है। रक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, विज्ञान, शिक्षा, कला, खेल आदि को महत्व देना इसमें शामिल है। शहर के साथ ग्रामीण विकास के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूती देने का प्रयास भी स्पष्ट दिखाई देता है। इस समय के सबसे महत्वपूर्ण रक्षा क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने के लिएरुपए का प्रावधान सरकार की प्राथमिकता को स्पष्ट करता है। यह भारत के प्रति द्वेष भाव रखने वाले पड़ोसियों को उतना ही स्पष्ट संदेश भी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ठोके गए अतिरिक्त पचीस प्रतिशत शुल्क से निपटने के लिए भी बड़ी गहराई से कदम उठाने के प्रस्ताव बजट में हैं। रुपए में गिरावट तथा सोने चांदी के दामों में उतार-चढ़ाव को संभालने के प्रयास भी किए गए हैं। देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां देने वाले औद्योगिक क्षेत्र के विभिन्न पक्षों को स्वाभाविक रूप से वैश्विक प्रतिस्पर्धा के समानांतर बनाने की दिशा में भूतपूर्व प्रावधान वित्त मंत्री की दूरगामी सोच को उजागर करते हैं। विज्ञान एवं अंतरिक्ष विज्ञान में भारत विकसित देशों के बराबर आने की स्थिति में है जिसे बढ़ाने को भी अधिकतम महत्व दिया गया है। पिछले करीब पांच वर्षों के दौरान हमारे युवा खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तरों पर अपनी भरपूर धाक जमा कर पोडियम पर आते रहने का सिलसिला कायम कर रखा है। खुद प्रधानमंत्री भी इन सफलताओं के कायल होते रहे हैं। नए बजटीय प्रावधानों से निश्चित ही यह क्रम अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा। विकास को अधिकतम तेजी तथा आम जन को अधिकतम राहत इसका मूल मंत्र है। यह जरूर है कि महंगाई, बेरोजगारी और असमान आय जैसी समस्याओं के उतने स्पष्ट उपाय अभी भी नहीं मिल पाए हैं। लेकिन ये एक ही झटके में हल भी तो नहीं हो सकतीं। संक्रमण काल से गुजर रही अर्थव्यवस्था में इनका थोड़े या अधिक रूप में बने रहना अधिकांशतः देखा गया है। समग्र, समावेशी एवं गंभीर चिंतन के निष्कर्षों तथा व्यापक एवं परिपक्व दूरदर्शितापूर्ण रणनीतियों पर आधारित यह लेखा-जोखा निश्चित ही देश की भावी उपलब्धियां के लिए सशक्त व ठोस आधार के रूप में सामने आएगा।

## खुद भी सतर्क रहें

अपराधों के प्रति नो टॉलरेंस की यूपी सरकार की नीति प्रदेश भर में काफी प्रभावी साबित हुई है। पुलिस महकमे की विभिन्न शाखाओं ने इन्हें रोकने के लिए चुस्ती और सतर्कता ही नहीं दिखाई बल्कि पूरी रणनीति के साथ अपराधियों से चार कदम आगे चलते हुए उन्हें उनके अंजाम तक पहुंचा रही हैं। लेकिन ऐसे भी कई लोग हैं जो अपनी ज़रूरतें या शौक पूरे करने के लिए चेन और पर्स लूट या छोटी-मोटी चोरियां करने में नहीं हिचकते। सुबह मॉर्निंग वॉक या रात में खाना खाने के बाद घर से बाहर टहलने निकलने वाले ऐसी वारदातों के शिकार अधिक बन रहे हैं। बाजार या मंदिर जाने वाली महिलाएं भी इनका निशाना बनती हैं। इन वारदातों में मोबाइल, सोने की चेन या पर्स छीनने का मकसद पूरा करने के लिए मोटरसाइकिल पर आना और झपट्टा मार कर लूट लेने का तरीका अपनाया जाता है। अन्य अपराधों की तरह ये घटनाएं भी किसी तरह उचित नहीं ठहराई जा सकतीं। समस्या यह है कि कॉलोनी और मोहल्ले में यह घटनाएं ज्यादा होती है जहां सुबह या रात के वक्त ज्यादा भीड़भाड़ नहीं रहती और वहां रहने वाले ज्यादा बेफिक्र होते हैं। इसलिए यह अंदेशा भी नहीं रहता कि कोई बाइक से आकर झपट्टा मारेगा और गायब हो जाएगा। यह भी सही है कि इन सभी जगह पर पुलिस की मौजूदगी सुनिश्चित नहीं की जा सकती। हालांकि आजकल जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से इस तरह के झपट्टा मारने वाले पकड़े जा रहे हैं लेकिन सभी घटनाओं में ऐसा नहीं हो पाता। इन्हीं दो बातों का फायदा उठाते हुए ऐसी घटनाएं लगातार हो रही है। तब जरूरी है कि पुरुषों और महिलाओं सहित सभी लोग इस बारे में भी सतर्कता बरतें। ठीक उसी तरह जैसे सड़क पर चलते हुए कोशिश रहती है कि किसी वाहन से टकराने न पाएं, गड्ढों से बचकर चले ताकि उनमें गिरना या ऐसे ही अन्य सावधानियां। ऐसी कोई स्थिति बनने ही न पाए जिसमें कोई झपट्टा मार हरकत करने में कामयाब हो सके। सामूहिक रूप से इस सतर्कता के लिए जागरूक होना भी अब जरूरी है। इसका असर लोगों पर खुद ही दिखने दिखाई देने लगेगा।

# विकसित भारत की नींव रखने वाला साहसिक बजट

**यकीनन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत वित्त वर्ष 2026-27 के बजट की तस्वीर में यह उभरकर दिखाई दे रहा है कि यह बजट आम आदमी के लिए राहत और विकसित भारत के लिए साहसिक सुधारों को आगे बढ़ाने वाला ऐतिहासिक बजट है। इस बजट में वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रस्तुत सुधारों की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए तीन कर्तव्यों पर बजट को आधारित किया है। इनमें उत्पादकता और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ना, लोगों की आशंकाओं को पूरा करने के लिए क्षमता निर्माण और सबका साथ, सबके विकास के मद्देनजर ढांचागत सुधार के साथ प्रगति करना शामिल है। इस बजट में रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय 12.2 लाख करोड़ रुपए सुनिश्चित किए गए हैं।**

यकीनन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत वित्त वर्ष 2026-27 के बजट की तस्वीर में यह उभरकर दिखाई दे रहा है कि यह बजट आम आदमी के लिए राहत



डॉ. जयंतीलाल भंडारी

और विकसित भारत के लिए साहसिक सुधारों को आगे बढ़ाने वाला ऐतिहासिक बजट है। इस बजट में वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रस्तुत सुधारों की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए तीन कर्तव्यों पर बजट को आधारित किया है। इनमें उत्पादकता और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ना, लोगों की आशंकाओं को पूरा करने के लिए क्षमता निर्माण और सबका साथ, सबके विकास के मद्देनजर ढांचागत सुधार के साथ प्रगति करना शामिल है। इस बजट में रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय 12.2 लाख करोड़ रुपए सुनिश्चित किए गए हैं। यद्यपि बजट के तहत इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन एक अप्रैल 2026 से नया आयकर अधिनियम लागू किया जाना सुनिश्चित करके आयकर संबंधी प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और आयकर भरना आसान किया गया है। बजट के नए प्रावधानों से बुनियादी ढांचा, छोटे शहर, एमएसएमई, शिक्षा, पर्यटन और सर्विस सेक्टर जैसे क्षेत्रों में नई पीढ़ी के लिए रोजगार के व्यापक मौके बढ़ेंगे। खास बात यह भी है कि आगामी वर्ष के बजट के तहत वित्त मंत्री राहत और विकास के बीच सूझबूझ पूर्ण संतुलन बनाते हुए राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 फीसदी के स्तर पर सीमित रखने और सात फीसदी से अधिक विकास दर पाने की रणनीति के साथ आगे बढ़ते हुए दिखाई दी हैं। गौरतलब है कि नए बजट के तहत वित्त मंत्री ने वैश्विक आर्थिक अनिश्चिता, भू राजनीतिक तनाव और वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में धीमेपन के बीच अगली पीढ़ी के सुधार, नीतिगत स्थिरता व दीर्घकालीन विकास की रणनीति के साथ घरेलू मांग की मजबूती पर्यावरण नवाचार, उद्यमिता बुनियादी ढांचा, कृषि विकास, गरीब, युवा, महिला और किसान वर्ग के लिए राहत के प्रभावी प्रावधानों के साथ मैन्युफैक्चरिंग, सेवा क्षेत्र रक्षा, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग (एमएसएमई) स्वदेशी प्रोत्साहन और हरित ऊर्जा पर बड़े ऐलान किए हैं। इनके साथ-साथ भारत को वैश्विक बायो फॉर्मा केंद्र बनाने, शहरी आर्थिक क्षेत्रों के निर्माण, नए राष्ट्रीय जल मार्ग, सात हाई स्पीड कोरिडोर, व्यापार सुगमता, कंटेंनर निर्माण, बुजुर्गों के लिए मजबूत इकोसिस्टम, टीयर-2 और टीयर-3 शहरों के विकास के लिए प्रभावी प्रावधान किए गए हैं।

निश्चित रूप से वित्तमंत्री इस बजट के माध्यम से युवाओं के रोजगार बढ़ाने, कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, डिजिटल कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को रोजगार बाजार की उभरती जरूरतों के अनुरूप ढालने, प्रधानमंत्री कौशल मुद्रा योजना, ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ाने के लिए शिक्षण-प्रशिक्षण, निजी निवेश को प्रोत्साहित करने, वित्तीय समावेशन को बेहतर करने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने संबंधी प्रभावी प्रावधानों के साथ आगे बढ़ी हैं। नए बजट में हर क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को अहमियत हेतु प्रावधान किए गए है, ताकि भारत एआई का वैश्विक हब बन सके। चूँकि इस समय चीन, पाकिस्तान के साथ-साथ बांग्लादेश से भी देश की बाहरी सुरक्षा के खतरे बढ़े हैं, ऐसे में सुरक्षा क्षमता बढ़ाने के लिए बजट में अधिक धन का आवंटन किया गया है। वित्त मंत्री ने इस बजट में भारत को दुनिया के बाजार और अधिक प्रभावी रूप से जुड़ने और भारत को निर्यात का नया हब बनाने के लिए नई रणनीति प्रस्तुत की है। भारत को यूरोपीय संघ समेत विभिन्न देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के बाद दुनिया के बाजार में भारतीय उत्पादों की




बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बूस्ट करने के प्रोत्साहनमूलक प्रावधानों के साथ आगे बढ़ी हैं। इतना ही नहीं अमेरिका के द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से प्रभावित निर्यात क्षेत्रों को भी राहत देने के मद्देनजर वित्त मंत्री नए निर्यात प्रोत्साहनों की डगर पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दी हैं। निश्चित रूप से वित्त मंत्री ने इस बजट में सीमा शुल्क के लिए जहाँ राहत दी है, वहीं सीमा शुल्क में सुधार भी किए है।

निश्चित रूप से वित्त मंत्री सीतारमण के द्वारा एक फरवरी को प्रस्तुत आगामी वित्त वर्ष 2026-27 का प्रस्तुत बजट कोई साधारण वार्षिक बजट नहीं है, बल्कि यह बजट देश के आर्थिक परिदृश्य को ऐतिहासिक मोड़ देने वाला बजट है। उम्मीद करें कि इस बजट से जहाँ देश में साहसिक सुधारों का नया युग शुरू होगा, वहीं आम आदमी के लिए अधिक राहत और देश के लिए तेज विकास का नया परिदृश्य निर्मित होगा। उम्मीद करें कि एक ओर वित्त मंत्री वर्ष 2026-27 के बजट के बजट के लक्ष्य के तहत राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.3 फीसदी तक रखने में कामयाब होगी। उम्मीद करें कि इस अभूतपूर्व बजट से देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ेगी और यह बजट देश को वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने वाला और 2047 तक विकसित भारत बनाने की नींव रखने वाला बजट सिद्ध होगा।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### पंचम अध्याय

(गतांक से आगे)

(रामचरितमानस, 7/119/3) - परम प्रकाशरूप है। है तो, किन्तु हमारे उपभोग के लिये तो नहीं है, दिखायी तो नहीं देता? जब ज्ञान द्वारा अज्ञान का आवरण हट जाता है तो उसका वह ज्ञान सूर्य के सदृश परमात्मा को अपने में प्रवाहित कर लेता है। फिर उस पुरुष के लिये कहीं अन्धकार नहीं रह जाता। उस ज्ञान का स्वरूप क्या है?-

तद्बुद्धयस्तदात्मानस्तन्निष्ठास्तत्परायणाः । गच्छन्त्यपुनरावृत्तिं ज्ञाननिर्धूतकल्मषाः ।।17।।

जब उस परमतत्त्व परमात्मा के अनुरूप बुद्धि हो, तत्त्व के अनुरूप प्रवाहित मन हो, परमतत्त्व परमात्मा में एकीभाव से उसकी रहनी हो और उसी के परायण हो, इसी का नाम ज्ञान है। ज्ञान कोई बकवास या बहस नहीं है। इस ज्ञान द्वारा पापरहित हुआ पुरुष पुनरागमनरहित परमगति को प्राप्त होता है। परमगति को प्राप्त, पूर्ण जानकारी से युक्त पुरुष ही पण्डित कहलाते हैं। आगे देखें-

विद्याविनयसम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि । शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः ।।18।।

ज्ञान के द्वारा जिनका पाप शमन हो चुका है, जो 'अपुनरावर्ती परमगति' को प्राप्त हैं, ऐसे ज्ञानीजन विद्या-विनययुक्त ब्राह्मण तथा चाण्डाल में, गाय और कुत्ते में तथा हाथी में समान दृष्टिवाले होते हैं। उनकी दृष्टि में विद्या-विनययुक्त ब्राह्मण न तो कोई विशेषता रखता है और न चाण्डाल कोई हीनता रखता है। न गाय धर्म है, न कुत्ता अधर्म और न हाथी विशालता ही रखता है। ऐसे पण्डित, ज्ञाताजन समदर्शी और समवर्ती होते हैं। उनकी दृष्टि चमड़ी पर नहीं रहती, बल्कि आत्मा पर पड़ती है। अन्तर केवल इतना है, विद्या-विनयसम्पन्न स्वरूप के समीप है और शेष कुछ पीछे हैं। कोई एक मंजिल आगे है, तो कोई पिछले पड़ाव पर। शरीर तो वस्त्र है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦


**दानशक्ति प्रिय बोलिबो, धीरज उचित विचार ।**
**ये गुण सीखे ना मिलें, स्वाभाविक हैं चार ।।**

मनुष्य के अंदर कुछ गुण स्वंय से उत्पन्न होते हैं। जैसे दान करना, मीठी बातें करना, लोगों की सेवा करना, समय पर सही-गलत का निर्णय लेना। इसे कहीं और से नहीं सिखा जा सकता।

♦♦♦

# तो इन्हें सताता है देश की बदनामी का डर?

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारतीय जनता पार्टी के नेता व समर्थक अक्सर यह आरोप लगाते रहते हैं कि वे विदेशी की धरती पर



-तनवीर जाफ़री

भारतीय राजनीति, संस्थानों चुनाव आयोग, न्यायपालिका या भारतीय मीडिया व सरकार की आलोचना करके देश की छवि को ख़राब करते रहते हैं। इतना ही नहीं बल्कि भाजपा इसे 'देश-विरोधी' या 'भारत को बदनाम करने' की साज़िश तक बताती है। सवाल यह है कि आख़िर किन बातों से देश की बदनामी होती है और बदनामी और नेकनामी का पैमाना है क्या? याद कीजिये जब राहुल गांधी ने 2023 में कैंब्रिज यूनिवर्सिटी (यू के) में कहा कि भारत में विपक्ष को दबाया जा रहा है और चीन का ख़तरा समझा नहीं जा रहा है। इसमें राहुल ने क्या ग़लत कहा था? परन्तु भाजपा ने राहुल के इस सच्चाई भरे वक्तव्य को 'भारत को बदनाम करना' बताया था। इसी तरह जब 2023 में कोलंबिया की एक यूनिवर्सिटी में राहुल ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र पर 'हमला' हो रहा है और कुछ बड़े व्यापारियों का अर्थव्यवस्था पर क़ब्ज़ा है तब भी भाजपा ने इसे राहुल द्वारा 'विदेशी धरती पर भारत को बदनाम करना' बताया था। अभी कुछ समय पूर्व ही जब राहुल गाँधी ने बर्लिन (जर्मनी) में चुनाव आयोग पर सवाल उठाए और कहा कि हरियाणा चुनाव में धांधली हुई उस समय भी भाजपा ने इसे 'संस्थानों को बदनाम करने की साज़िश' बताया था। राहुल गाँधी के ऐसे आरोपों से भाजपा इतना तिलमिला जाती है कि वह राहुल की आलोचना को 'एंटी-इंडिया फ़ोर्सेज़' से जोड़कर कांग्रेस को कमज़ोर करने की कोशिश करने लगती है। यहाँ तक कि कुछ भाजपा नेता इसे 'चाइना की तारीफ़' या 'विदेशी हस्तक्षेप' को आमंत्रित करने तक के रूप में परिभाषित कर देते हैं। भाजपाई कहते हैं कि इससे भारत की 'ग्लोबल इमेज' ख़राब होती है। इस विषय पर कांग्रेस व राहुल गाँधी का कहना है कि वे सिर्फ़ 'सच्चाई' बोलते हैं,और आलोचना लोकतंत्र का हिस्सा है। लिहाज़ा राहुल भाजपा के आरोपों को ख़ारिज करते हुए कहते हैं कि चीन जैसे मुद्दों पर तो मोदी ख़ुद ही विदेश में भारत को बदनाम करते हैं। कुछ का मत है कि राहुल विदेश में कुछ नया नहीं कहते,वे भारत में भी यही कहते हैं। कांग्रेस के अनुसार समस्या चुनावी प्रक्रिया में है, न कि आलोचना में। कांग्रेस इसे 'साइलेंट करने' की कोशिश बताती है। और सच भी है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक नेता प्रायः विदेश में अपनी सरकार की आलोचना करते हैं, और यह 'फ्ररी स्पीच' का हिस्सा माना जाता है। इससे देश की बदनामी नहीं होती, बल्कि इससे किसी भी देश के लोकतान्त्रिक मूल्य नज़र आते हैं। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह भी कि ऐसे भी कोई प्रमाण नहीं है कि विदेश में की गयी राहुल की बातों से भारत की अर्थव्यवस्था, निवेश या कूटनीति पर कभी कोई नकारात्मक प्रभाव पड़ा हो। सरकार ख़ुद ही तो बताती रहती है कि भारत की जी डी पी ग्रोथ और ग्लोबल रैंकिंग मज़बूत बनी हुई है?

इसी तरह राहुल गांधी व कांग्रेस के कई नेता नरेंद्र मोदी पर भी यह आरोप लगा चुके हैं कि वे विदेशी धरती पर भारत या पिछले 70 वर्षों के शासन की आलोचना कर देश को बदनाम करते हैं। नरेंद्र मोदी ने 2014 से 2023 के दौरान देश विदेश में कई बार यह दोहराया कि 'पिछले 70 सालों में भारत में कुछ ख़ास नहीं हुआ', 'पहले



लोग भारत में जन्म लेना दुर्भाग्य मानते थे', या '70 साल में विकास नहीं हुआ'। इसी तरह मोदी ने 2022 में रूस में एक कार्यक्रम में भारत के पिछड़ापन, ग़रीबी या पिछली सरकारों की कमियों पर बात की थी। अमेरिका, यूके या अन्य देशों में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए मोदी ने अक्सर पूर्व सरकारों की 'कमज़ोर विदेश नीति', उनके 'घोटालों' या उस दौर में 'विकास की कमी' पर ज़ोर दिया है । कांग्रेस भी मोदी की इन बातों को 'भारत की बदनामी' बताती है। कांग्रेस के अनुसार, मोदी ने कम से कम 4-5 बार विदेश में ऐसा कहा कि कांग्रेस शासन में 'भारत को दुनिया ने गंभीरता से नहीं लिया' या 'पिछले शासकों ने देश को कमज़ोर बनाया' आदि । कांग्रेस इसे भारत और भारतीयों ख़ास तौर से पिछली पीढ़ियों का अपमान मानती है, क्योंकि यह कांग्रेस के शासन काल को नकारात्मक रूप से पेश करता है। राहुल गांधी ने 2023 में लंदन में कहा भी था कि मोदी ख़ुद विदेश में भारत को बदनाम करते हैं, क्योंकि वे हर भारतीय, उनके माता-पिता और दादा-दादी का अपमान करते हैं। ऐसे में यह समझना भी ज़रूरी है कि दरअसल सत्ता व विपक्ष के उपरोक्त आरोपों प्रत्यारोपों से ही देश की बदनामी होती है या फिर इसतरह के आरोप प्रत्यारोप ही एक दूसरे नेताओं व उनके दलों को नीचा दिखाने व उन्हें जनता में बदनाम करने जैसा एक षड्यंत्र मात्र है? या फिर वास्तव में जनता को इस तरह की बहस में उलझाकर उन वास्तविक समस्याओं व विषयों पर पर्दा डालने का प्रयास है जिससे हक़ीक़त में देश की बदनामी होती है? क्या ग़लत कहते है राहुल गांधी कि चुनाव आयोग संदिग्ध है ? वे चुनाव आयोग सामने कितने सबूत पेश कर चुके जिनका कोई जवाब नहीं आया? क्या देश के अनेक महत्वपूर्ण संस्थानों व संसाधनों पर अडानी का क़ब्ज़ा नहीं होता जा रहा? क्या सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग विपक्ष को परेशान करने के लिये नहीं किया जा रहा? जब देश में मॉब लिंचिंग होती है तो क्या देश की बदनामी नहीं होती? देश में सत्तारूढ़ दल की ओर से मंत्री व मुख्यमंत्री स्तर के लोग खुले आम साम्प्रदायिकता फैलाने वाली बातें कर ओछी राजनीति करते हैं तो क्या देश की बदनामी नहीं होती? देश की राजनीति को संविधान से अलग हटकर सांप्रदायिकता के रंग में चलाने के प्रयास क्या देश की बदनामी का कारण नहीं?

## काँव-काँव

♦♦♦

**सुनेत्रा पवार बन गयीं महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री**
भाजपा समर्थित वंशवाद लोकतांत्रिक होता है!

**मेरी सिर्फ एक ही पार्टी है कांग्रेस -शशि थरूर**
और सिर्फ एक ही आदर्श नेता है नरेंद्र मोदी!

**बंगाल में एसआईआर से घुसपैठिये बाहर-शाह**
चुनाव आयोग नागरिकता जांच नहीं मानता!

**मोदी सरकार सलाह बिना फैसले ले रही-कांग्रेस**
सर्जिकल स्ट्राइकों का विश्व कीर्तिमान बनाना है!

**उन्नीस सौ करोड़ से बनेगा राममंदिर-नृपेंद्र मिश्रा**
रामभक्तों पर गोली चलवाना फायदेमंद रहा!

**आपसी नफरतों में फंसे पुतिन और जेलेंस्की-ट्रंप**
दो बिल्लियों की लड़ाई में बंदर का फायदा!

♦♦♦

## प्रेरक प्रसंग — परिश्रम और भाग्य

एक पान वाला था। जब भी पान खाने जाओ ऐसा लगता कि वह हमारा ही रास्ता देख रहा हो। हर विषय पर बात करने में उसे बड़ा मज़ा आता। कई बार उसे कहा की भाई देर हो जाती है जल्दी पान लगा दिया करो पर उसकी बात ख़त्म ही नही होती।

एक दिन अचानक कर्म और भाग्य पर बात शुरू हो गई। तक़दीर और तदबीर की बात सुन मैनें सोचा कि चलो आज उसकी फ़िलासफ़ी देख ही लेते हैं। मैंने एक सवाल उछाल दिया।

मेरा सवाल था कि आदमी मेहनत से आगे बढ़ता है या भाग्य से?

और उसके जवाब से मेरे दिमाग़ के सारे जाले ही साफ़ हो गए।

कहने लगा,आपका किसी बैंक में लाकर तो होगा? उसकी चाभियाँ ही इस सवाल का जवाब है। हर लाकर की दो चाभियाँ होती हैं।

एक आप के पास होती है और एक मैनेजर के पास।

आप के पास जो चाभी है वह है परिश्रम और मैनेजर के पास वाली भाग्य।

जब तक दोनों नहीं लगतीं ताला नही खुल सकता।

आप कर्मयोगी पुरुष हैं ओर मैनेजर भगवान।

आप को अपनी चाभी भी लगाते रहना चाहिये। पता नहीं ऊपर वाला कब अपनी चाभी लगा दे। कहीं ऐसा न हो की भगवान अपनी भाग्यवाली चाभी लगा रहा हो और हम परिश्रम वाली चाभी न लगा पायें और ताला खुलने से रह जाये..!!

## आपका पत्र मिला

### विकसित भारत की राह का दूरगामी सोच वाला बजट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार नौवीं बार और भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार रविवार, एक फरवरी को देश का बजट प्रस्तुत कर यह स्पष्ट कर दिया है कि केंद्र सरकार की प्राथमिकता तात्कालिक लोकलुभावन घोषणाओं से अधिक दीर्घकालीन राष्ट्र निर्माण है। आज़ादी की 75वीं वर्षगांठ से पहले भारत को विकसित राष्ट बनाने की दिशा में यह बजट एक ठोस संकेत देता है । इस बजट की सबसे महत्वपूर्ण और मानवीय घोषणा कैंसर व दुर्लभ बीमारियों में प्रयुक्त जीवनरक्षक दवाओं पर आयात शुल्क समाप्त करना रही, जिससे लाखों मरीजों को सीधी राहत मिलेगी। जबकि विपक्ष हमेशा सरकार पर आम आदमी की उपेक्षा का आरोप लगाता रहा है, यह निर्णय उस आरोप को कमजोर करता है। सरकार ने यह भी साफ किया है कि भारत को केवल इलाज का केंद्र ही नहीं, बल्कि विश्वसनीय मेडिकल टूरिज्म हब बनाने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। भारत की चिकित्सा सेवाएं पहले से ही दुनिया के कई विकसित देशों की तुलना में सस्ती और प्रभावी हैं। इसी क्षमता को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से बजट में तीन नए एम्स और पाँच मेडिकल हब स्थापित करने का प्रावधान किया गया है। इससे न केवल स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ेंगी, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार भी सृजित होंगे जिस पर विपक्ष अक्सर सरकार को घेरता रहा है । महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत की बात करते हुए सरकार ने देशभर के जिलों में बालिकाओं के लिए गर्ल्स हॉस्टल निर्माण का निर्णय लिया है। यह फैसला उन आलोचकों के लिए जवाब है जो सरकार को केवल चुनावी राजनीति तक सीमित बताते हैं। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उठाए गए कदम इस बजट की एक और मजबूत कड़ी हैं।

**अरविंद रावल**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# भारत की पहली महिला जिसने फाइटर जेट उड़ाया



इस वर्ष 26 जनवरी की परेड में महिला सशक्तिकरण का शानदार नजारा दिखा। एयरफोर्स से लेकर नौसेना की झांकी से लेकर एयरफोर्स और सीआरपीएफ तक महिला अधिकारियों ने नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया। सशस्त्र सुरक्षा बलों में महिलाओं की स्थिति लगातार मजबूत हो रही है। इन्हीं सशक्त महिलाओं में से एक फ्लाइट लेफ्टिनेंट अवनी चतुर्वेदी का नाम एयरफोर्स के इतिहास में दर्ज हो गया है। फ्लाइट लेफ्टिनेंट अवनी चतुर्वेदी भारत की पहली महिला फाइटर पायलटों में से एक हैं। साथ ही पहली भारतीय महिला हैं जिसने फाइटर जेट को सोलो उड़ाया। यह सिर्फ़ एक उपलब्धि नहीं थी, यह भारतीय सोच की सीमा को चीरने वाला पल था। आइए जानते हैं पायलट अवनी चतुर्वेदी के बारे में।

भारत की पहली महिला फाइटर जेट पायलट कौन हैं?

उत्तर है फ्लाइट लेफ्टिनेंट अवनी चतुर्वेदी।

अवनी भारत की पहली महिला फाइटर पायलटों की तिकड़ी में शामिल थीं। पहली भारतीय महिला हैं जिन्होंने MiG-21 Bison को सोलो उड़ाया।

### अवनी चतुर्वेदी का प्रारंभिक जीवन

अवनी चतुर्वेदी का जन्म 27 अक्टूबर 1993 को मध्य प्रदेश के रीवा ज़िले में हुआ। यह इलाका किसी एविएशन हब के लिए नहीं जाना जाता, लेकिन यहीं से एक इतिहास न उड़ान भरी।



### अवनी चतुर्वेदी की शिक्षा

स्कूली शिक्षा- देओस, मध्य प्रदेश

कॉलेज- बनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान। पढ़ाई के दौरान एनसीसी से जुड़ी और यहीं से वायुसेना का सपना पुख्ता हुआ।

### सपनों को मिला परिवार का सहारा

अवनी चतुर्वेदी के पिता सतीश चतुर्वेदी, भारतीय सेना में अधिकारी रह चुके हैं और मां गृहिणी हैं। जब घर में अनुशासन और देशसेवा की समझ हो, तो बेटियां भी आसमान को लक्ष्य बनाती हैं।

### भारतीय वायुसेना में चयन का सफर

2016 में भारतीय वायुसेना ने इतिहास रचा जब महिलाओं को पहली बार फाइटर स्ट्रीम में शामिल किया गया। इन महिलाओं में शामिल थी, अवनी चतुर्वेदी, भावना कांत और मोहना सिंह। वायुसेना की इन महिला अधिकारियों ने हैदराबाद एयर फोर्स अकादमी से प्रशिक्षण लिया।

उनका स्ट्रीम फाइटर पायलट है।

एयरक्राफ्ट ट्रेनिंग Hawk Mk-132 है।

उनका चयन सिर्फ़ योग्यता के आधार पर हुआ। कोई रियायत नहीं, कोई शॉर्टकट नहीं।

ऐतिहासिक उपलब्धि- MiG-21 की सोलो उड़ान।

19 फरवरी 2018 को भारतीय वायुसेना के इतिहास का सुनहरा दिन था। अवनी चतुर्वेदी ने MiG-21 Bison अकेले अंबाला एयरबेस से उड़ाया। MiG-21 दुनिया के सबसे चुनौतीपूर्ण फाइटर जेट्स में गिना जाता है।

### करियर और जिम्मेदारियां

अवनी चतुर्वेदी को फाइटर स्क्वाड्रन में तैनाती मिली।

एयर डिफेंस, इंटरसेप्शन और कॉम्बैट ट्रेनिंग में सक्रिय भूमिका निभाई।

ऑपरेशनल फाइटर पायलट के तौर पर कार्यरत रहीं।

### पुरस्कार और पहचान

देश-विदेश में भारतीय महिला सशक्तिकरण की पहचान।

कई राष्ट्रीय मंचों पर सम्मान।

युवाओं, खासकर लड़कियों के लिए रोल मॉडल।

# निर्मला सीतारमण : साड़ी से सियासी संदेश?



इस बार कांजीवरम साड़ी... 8 साल में निर्मला सीतारमण ने साड़ी से कब क्या दिए सियासी संदेश? भारत में यूनियन बजट का दिन हमेशा एक हाई-प्रोफाइल इवेंट होता है, जिसे नागरिक, बिज़नेस और ग्लोबल इन्वेस्टर सभी देखते हैं. टैक्स से जुड़े ऐलानों, सरकारी खर्च और आर्थिक नीति पर सबकी नजर होती है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस दिन के फैशन में एक और एलिमेंट जोड़ा है, जो कल्चर और हेरिटेज को दिखाता है। 1 फरवरी, 2026 को अपने लगातार नौवें बजट प्रेजेंटेशन के लिए, सीतारमण ने हाथ से बुनी हुई शानदार कांजीवरम साड़ी पहनी थी, सिल्क की है. यह साड़ी अपने चमकीलेरंगों, रिच टेक्सचर और सोने की ज़री के बॉर्डर के लिए मशहूर है. पिछले कुछ सालों में साड़ी का सेलेक्शन सोच-समझकर किया गया है, जो भारत की क्षेत्रीय कपड़ा परंपराओं और स्थानीय बुनकरों की कला को लाइम-लाइट में लाती है.

कांचीवरम साड़ी- विरासत का प्रतीक

तमिलनाडु से संबंधित कांजीवरम साड़ी का इतिहास सदियों पुराना है. बजट के दिन इसे पहनकर, निर्मला सीतारमण न सिर्फ भारत की सांस्कृतिक विरासत को अपनाती हैं, बल्कि आधुनिक आर्थिक युग में पारंपरिक कारीगरी की अहमियत को भी बारीकी से उजागर करती हैं। कांचीवरम साड़ियों को भारत की सबसे प्रतिष्ठित हाथ से बुनी सिल्क साड़ियों में गिना जाता है. अपने चमकीले रंगों, मोटी बॉर्डर और सोने की ज़री के काम के लिए.जानी जाने वाली ये साड़ियां सुंदरता और टिकाऊपन की पहचान हैं। अपने नौवें बजट के लिए कांचीवरम साड़ी चुनकर, निर्मला सीतारमण ने भारत की समृद्ध बुनाई परंपराओं को अहमियत दी है. इसके साथ ही, अपने प्रजेंटेशन में गरिमा और अधिकार का भाव भी जोड़ा है.

### साल-दर-साल वित्त मंत्री की स्पेशल साड़ी

वित्त मंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान, निर्मला सीतारमण स्पेशल साड़ियां चुनने के लिए पहचानी जाती है।

**2025-** बिहार की मधुबनी की साड़ी, जिसमें मछली के मोटिफ थे. इसके जरिए क्षेत्रीय फोकस को उजागर किया गया।

**2024-** आंध्र प्रदेश और बंगाल की मंगलगीरी कॉटन और और टसर सिल्क ने क्षेत्रीय विकास का संकेत दिया।

**2023-** कसूती कढ़ाई वाली लाल इल्कल साड़ी, जो ताकत और निरंतरता का प्रतीक है।

**2022-** ओडिशा की बोमकाई साड़ी, जिसने ग्रामीण सशक्तिकरण को उजागर किया.

**2021-**तेलंगाना की पोचमपल्ली इकत ने महामारी के बाद लचीलेपन को दर्शाया.

**2020-** चमकीली पीली-सुनहरी सिल्क साड़ी।

**2019-**सुनहरे बॉर्डर वाली गुलाबी मंगलगीरी साड़ी।

निर्मला सीतारमण की हर साड़ी एक कहानी कहती है और 2026 के लिए कांजीवरम साड़ी मकसद के साथ फैशन की इस परंपरा को जारी रखती है।

# त्वचा से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा दिलाती है तुलसी



तुसली का धार्मिक महत्व तो आपने कई बार सुना होगा, लेकिन क्या आपको स्किन केयर में इसका इस्तेमाल मालूम है? बता दें, ये आपको त्वचा से जुड़ी कई समस्याओं जैसे पिंपल्स, दाग-धब्बे और ब्लैकहेड्स से छुटकारा दिला सकती है। आइए बिना देर किए जान लीजिए इसका इस्तेमाल और फायदे। ऐसे तुलसी दिलाएगी दमकती त्वचा : तुलसी में प्यूरिफाइंग गुण पाए जाते हैं। ऐसे में ये आपकी स्किन के पोर्स को डीप क्लीन तो करती ही है, साथ ही स्किन पर होने वाली रेडनेस और इरीटेशन से भी राहत दिलाती है। इसके लिए आप थोड़े पानी में इसकी कुछ पत्तियां डालकर उसे उबाल लें और रोजाना फेस वॉश के बाद इसे टोनर के रूप में यूज करें। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स स्किन से जुड़ी कई समस्याओं से निजात दिलाने का काम करते हैं। इसके लिए आप इसे सुखाकर इसका पाउडर बना लें और इसे मुलतानी मिट्टी और एलोवेरा जेल के साथ फेसपैक की तरह इस्तेमाल करें। आजकल के अनहेल्दी खान-पान में त्वचा पर पिंपल्स से हर कोई परेशान रहता है। इससे छुटकारा पाने के लिए आप तुलसी के पत्तों को पीसकर इसमें एक चुटकी हल्दी पाउडर और गुलाब जल मिलाकर चेहरे पर अप्लाई कर सकते हैं। इससे आपको कील-मुंहासों से छुटकारा मिल सकता है। अक्सर पिंपल्स जाने के बाद जो दाग-धब्बे चेहरे पर ठहर जाते हैं, उनसे छुटकारा पाने के लिए भी तुलसी का यूज काफी फायदेमंद है। इसके लिए आप एक मिक्सर में तुलसी के पत्ते, संतरे के छिलके और गुलाब जल मिलाकर इसके पेस्ट को चेहरे पर 15-20 मिनट के लिए लगा सकते हैं। इससे ये निशान धीरे-धीरे कम होने लगेंगे। ब्लैकहेड्स को हटाने के लिए भी आप तुलसी का यूज कर सकते हैं। इसके लिए आपको इसे नीम के कुछ पत्तों और शहद के साथ मिलाकर चेहरे पर लगाना है और 10 मिनट बाद धो लेना है। ये फेस पर आने वाले एक्सट्रा ऑयल के साथ-साथ आपकी स्किन को कई समस्याओं से निजात दिला सकता है।

# स्प्रिंग सीजन में ये ड्रेसेस होंगी कूल और स्टाइलिश?

थोड़े दिनों में ही स्प्रिंग सीजन शुरू होने वाला है और इस सीजन में महिलाएं अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए एक से एक आउटफिट पहनना पसंद करती हैं। अगर आप भी स्प्रिंग सीजन के लिए लेटेस्ट और ट्रेंडी ड्रेसेस तलाश रही हैं, तो यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसी लेटेस्ट और ट्रेंडी ड्रेसेस बताएंगे, जो स्प्रिंग सीजन में पहनने के लिए परफेक्ट रहेगी।

### शोल्डर स्ट्रेप मिडी लेंथ फ्लोरल प्रिंट ड्रेस

अपनी खूबसूरती से सभी को अट्रैक्ट करने के लिए और स्प्रिंग सीजन के दौरान अपने लुक को परफेक्ट बनाने के लिए आप इस तरह की शोल्डर स्ट्रेप मिडी लेंथ फ्लोरल प्रिंट ड्रेस को शामिल कर सकती हैं। ऐसी ड्रेस आपको नजदीकी बाजार में किसी शॉप पर मिल जाएगी या आप इसे ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट से भी खरीद सकती हैं।

**ग्रीन फ्लोरल प्रिंट व्रैप स्टाइल ड्रेस-**अगर आपको एक से एक ड्रेस पहनना पसंद हैं और आप बदल-बदल कर ड्रेस ट्राई करती हैं, तो आपके लिए इस तरह की ग्रीन फ्लोरल प्रिंट व्रैप स्टाइल ड्रेस भी एक परफेक्ट ऑप्शन हो सकती हैं। इसे आप स्प्रिंग सीजन के दौरान पहनकर अपनी खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं। इस तरह की ड्रेस स्प्रिंग सीजन में पहनने के लिए बेस्ट हो सकती हैं।



### ऑफ व्हाइट फ्लोरल प्रिंट ए-लाइन ड्रेस

अगर आप स्प्रिंग सीजन में पहनने के लिए ड्रेस तलाश रही हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप इस खूबसूरत ऑफ व्हाइट फ्लोरल प्रिंट ए-लाइन ड्रेस को स्प्रिंग सीजन के दौरान पहनकर अपने कॉलेज या ऑफिस जा सकती हैं। ऐसे ड्रेस आपके लुक को स्टाइलिश और एलिगेंट टच देने में मदद करेंगी साथ ही आपकी खूबसूरती को भी बढ़ा देगी।

### फ्लोरल प्रिंट हॉल्टर नेक लेयर्ड ड्रेस

अगर आप वर्किंग वुमन हैं और अपने लुक को स्टाइलिश बनाना चाहती हैं, तो स्प्रिंग सीजन के दौरान आप इस फ्लोरल प्रिंट हॉल्टर नेक लेयर्ड ड्रेस को ट्राई कर सकती हैं। ऐसी ड्रेस खासकर स्प्रिंग सीजन में पहनने के लिए एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। इसे आप नजदीकी बाजार से खरीद सकती हैं या ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट पर भी आपको मिल जाएगी।

# हिंदू एकता की बात : दिखावे के हाथी दांत!

देश की सत्ताधारी पार्टी भी खूब मज़ाकिया है।सामान्यतया हिंदू समाज में होली में हँसी ठिठोली चलती है और अंग्रेज़ी पद्धति पर चलें,तो पहली अप्रैल को एक दूसरे को मूर्ख बनाने की परम्परा है;किंतु अपनी सत्ता वाली पार्टी जब चाहती है दिल्लगी करने लगती है।उसके कर्णधारों को भ्रम है

- रघोत्तम शुक्ल

कि आम हिंदू बुद्धिहीन है,सिर्फ उनको यानी नेतावों को ही ब्रह्मा जी से सारी बुद्धि मिली है।अब देखिये-जगह जगह हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है।इनमें बैनर चाहे जो हो,वे सब है सत्ताधीशों के चट्टे बट्टे ही।इन मञ्चों से वक्तागण हिंदू एकता का आह्वान गला फाड़ फाड़ कर कर रहे हैं।इतना ही नही,कुछ ही दिन पहले सन्यासीनुमा नेता ने एक नारा दिया था,÷बटोगे तो कटोगे÷।इशारा साफ था कि सारे हिंदुवो !अगर एक और संगठित नहीं होगे,तो मुसलमान तुम्हें जीने नहीं देंगे।हालॉकि असलियत यह है कि सरकार खुद हिदू को बॉट रही है और उसका एकता का आह्वान सिर्फ इसलिये है कि संगठित होकर हमारी पार्टी के वोट बैंक बनो।वैसे रोजमर्रा के व्यावहारिक जीवॅन में लड़ो।लड़ने और सिर फुटौव्वल के मुद्दे हम देते रहेंगे।जरा सोचिये जब तक जातीय आरक्षण मौजूद है और हिंदू चार भागों मे बॅटा है और परस्पर उनके हित टकराते हैं,तबतक वे एक कैसे हो पायेंगे?पहले आरक्षणीय विभाजन से हिंदू के तीन विभाजन थे-दलित,अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य।भाजपा/मोदी ने सामान्य के भी दो टुकड़े कर दिये।इसके द्वारा 10त्न गरीब सामान्य को हिस्सा देकर %जनरल% के प्रतिभावान युवकों के पैरों में बेड़ियॉ डाल दी गई।मालूम हो कि संविधान में यह व्यवस्था 10 वर्ष के लिये की गई थी,लेकिन अब यह द्रौपदी के चीर की तरह कभी न खत्म होने वाली हो गई है।ज्यादा नम्बर पाने वाला क्लर्क और कम नम्बर पाने वाला कलेक्टर बनाया जा रहा है।तब पारस्परिक द्वेष और डाह कैसे नहीं होगा!%हित अनहित पशु पक्षिहु जाना%।एक दलित ऐक्ट भी है,जिसमें उस वर्ग के कथित उत्पीड़न पर केवल उसके कह देने मात्र से गैर दलित की गिरफ्तारी हो जाती है।इतना घातक हथियार हिदू के एक वर्ग को दिया गया है,दूसरे हिदू वर्ग पर चलाने के लिये।यह दुष्ट कार्य कॉग्रेस सरकार ने किया था;किंतु मोदी युग में सुप्रीमकोर्ट ने एक हलकी सी राहत दी थी,कि पहले जॉच करा ली जाय तब गिरफ्तारी हो;किंतु मोदी ने आनन फानन में इस रियायत को धूल चटा दी।पहले कानून बनाकर,फिर पैरवी करके अदालत से पलटवा दिया।यह है मोदी की सवर्ण विनाशिनी नीति!

इतनी मार से कराह रहे सवर्ण को नरेंद्र जी ने यूजीसी नियमावली में परिवर्तन कर उच्च शिक्षण संस्थावों में,हाल ही में,सवर्ण पर एक भीषण प्रहार और किया था,जो फिलहाल सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्थगित कर दिया गया है।अंतिम निर्णय अभी बाकी है। उक्त परिस्थितियों मे सरकारी पार्टी और उसके अनुषांगिक संगठनों द्वारा किये जा रहे हिंदू सम्मेलन और हिदू एकता की पुकार केवल चुनाव में वोटों से उनकी झोली भरने का हथकण्डा ही है।सवर्ण वर्ग अपना अलग संघ बनाये और चुनाव में प्रत्याशी खड़े करके सदनों में पहुँचाये।तभी उनकी कुछ आवाज़ होगी।इस मिशन में वह मुसलमानो को अपने साथ ले ले,क्योंकि मौजूदा सरकार का रवैया उनके प्रति भी बहुत उपेक्षा पूर्ण एवं त्रासक है।ये दोनो राम-सुग्रीव की तरह अत्याचार को पराजित कर सकते है।

# आंखों के डार्क सर्कल्स को दूर करने के लिए लाइफस्टाइल में करें ये बदलाव

आंखों के आस-पास होने वाले ये काले गहरे घेरे, डार्क सर्कल्स कहलाते हैं। डार्क सर्कल्स होने के कई कारण हो सकते हैं, जैसे आपकी लाइफस्टाइल, डाइट, स्क्रीन टाइम, कोई एलर्जी और सोने की आदतें आदि। इन वजहों से, डार्क सर्कल्स की समस्या हो सकती है और यह जल्दी ठीक भी नहीं होते। इसलिए जरूरी है कि हम इन आदतों में बदलाव करें ताकि डार्क सर्कल्स की परेशानी न झेलनी पड़े। आइए जानतें हैं किन हेल्दी आदतों की मदद से डार्क सर्कल्स से छुटकारा पाया जा सकता है। डार्क सर्कल्स की सबसे बड़ी वजह नींद पूरी न होना होता है। इसलिए रोज 7 घंटे की नींद जरूर लें और अपने सोने और उठने का टाइम फिक्स करें ताकि आपकी स्लीप साइकिल दुरुस्त रहे। डार्क सर्कल्स की एक वजह स्किन में मॉइस्चर की कमी भी है। आंखों के आस-पास की त्वचा का अक्सर ही हम ख्याल नहीं रखते। इसकी वजह से, आपकी आंखों के आस-पास का एरिया पिग्मेंटेड हो जाए। इसलिए रोज अपनी आंखों के आस-पास की त्वचा को भी मॉइस्चराइज करें। इसके अलावा, मॉइस्चराइज करने से आंखों के आस-पास फाइन लाइन्स की समस्या भी नहीं होती। शरीर में पानी की कमी की वजह से आपकी आंखों के पास डार्क सर्कल्स हो सकते हैं। इसलिए भरपूर मात्रा में पानी पीएं। पानी की कमी की वजह से, त्वचा में रूखेपन की समस्या भी हो सकती है। सूरज की रोशनी मेलानिन के प्रोडक्शन को बढ़ाती है, जिस वजह से आंखों के आस-पास पिग्मेंटेशन भी हो सकती है। इसलिए बाहर निकलने से पहले सन स्क्रीन लगाना न भूलें। इसके साथ ही, सन स्क्रीन आपकी त्वचा को हानिकारक यूवी किरणों से भी बचाता है। एंटी-ऑक्सिडेंट्स एंटी-ऑक्सिडेंट्स डार्क सर्कल्स की समस्या को कम करने में मदद कर सकते हैं। ये ऑक्सिडेटिव डैमेज को कम करने में भी मदद करते हैं। आप इसे अपनी डाइट में संतरा, कीवी, ब्रोकली आदि को शामिल कर सकते हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

### दैनिक पंचांग लखनऊ
### सोमवार, 2 फरवरी, 2026

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते हेमंत ऋतौ फाल्गुनी मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, प्रतिपदा तिथौ सोम वासरे 25/53/ आश्लेषा नक्षत्रे 22/48/ आयुष्मान योग 07/21/ बालव करणे 14/46/ सिंह राशिगत चन्द्रमा घं.22मि.48पर।

**व्रत एवं त्यौहार -** फाल्गुन मास कृष्ण पक्षारम्भ।

**मेष :** परिश्रम से ही महान कार्यों की सिद्धि होगी। दूसरों को आरोपित करना उचित नहीं होगा। शुभ कार्यों का परिणाम उत्साहवर्धक होगा। दुविधाएं समाप्त होंगी।

**वृष :** श्रेष्ठजनों का सहयोग रहेगा। रुके धन की प्राप्ति होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा। घरेलू सुख उत्तम रहेगा।

**मिथुन :** स्वास्थ्य नरम रहेगा। आकस्मिक व्यय होगा। कार्य बंधन से मन में खिन्नता रहेगी। वाद-विवाद व आरोप का भय होगा।

**कर्क :** रुके धन की प्राप्ति होगी। कारोबारी प्रगति होगी। स्वजन हित पीडा देंगे। निजी कार्यों में प्रगति होगी। प्रसन्न रहेंगे।

**सिंह :** रचनात्मक प्रवृत्ति बढ़ेगी। अधीनस्थों से उपेक्षा मिलेगी। वाणिज्यिक कार्यों पर व्यय बढ़ेगा। आस्था बढ़ेगी।

**कन्या :** संदेह और संकोच नष्ट हो जाएंगे। नवीन योजनाओं के प्रति उत्साह प्रबल होगा। मनस्ताप भी समाप्त होंगे।

**तुला :** कारोबारी विषमता दूर होगी। धन प्राप्ति का मार्ग बनेगा। सम्मान प्राप्ति होगी। चोट का भय रहेगा।

**वृश्चिक :** भविष्य की योजनाएं पूरी होंगी। अभिभावकों की मदद मिलेगी। नये संपर्कों पर व्यय होगा।

**धनु :** आय व्यय समानता रहेगी। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा। मनोकूल कार्य की सिद्धि होगी। सश्रम सफलता मिलेगी।

**मकर :** जनसंपर्क बढ़ेगा। संचित धन व्यय होगा। पारिवारिक उलझनें बढ़ेंगी। वृद्ध परिजन को स्वास्थ्य हानि मिलेगी।

**कुंभ :** मित्रों से उपहार मिलेंगे। धार्मिक कृत्यों में आस्था होगी। पत्नी का सुख उत्तम रहेगा।

**मीन :** धार्मिक कार्यों में आस्था रहेगी। पराक्रमों में वृद्धि होगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। विशेष प्रयास सार्थक होंगे।

# संतुलन की पतली रस्सी पर बजट 2026

1 फरवरी 2026 को संसद में पेश केंद्रीय बजट 2026 ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सरकार आर्थिक अनुशासन और जनता की आकांक्षाओं के बीच संकरी राह पर चल रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भाषण की शुरुआत ही स्थिरता, निरंतरता और

- डॉ. प्रियंका सौरभ

दीर्घकालिक विकास की सोच से की। कोई अप्रत्याशित लोकलुभावन घोषणाओं का धमाका नहीं हुआ, बल्कि बजट ने यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाया। राजकोषीय घाटे को वित्तीय वर्ष 2026 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.4 प्रतिशत रखा गया, जो पूर्व निर्धारित 4.5 प्रतिशत लक्ष्य से भी नीचे है। यह कदम वित्तीय अनुशासन की मजबूत मिसाल पेश करता है। पूंजीगत व्यय को पिछले वर्ष के 11.2 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 12.5 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया, जो लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। यह बढ़ोतरी बुनियादी ढांचे, शहरी विकास परियोजनाओं और डिजिटल तकनीक क्षेत्रों पर केंद्रित है। निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संपत्ति मुद्रीकरण योजना के तहत 10 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले वित्तीय वर्ष में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की थी, लेकिन वैश्विक



आर्थिक मंदी, अमेरिका-चीन व्यापार तनाव और घरेलू मुद्रास्फीति जैसी चुनौतियां बरकरार हैं। बजट ने राजकोषीय घाटे को सख्ती से 4.4 प्रतिशत पर नियंत्रित रखा, जबकि प्रभावी राजस्व घाटे को 96,654 करोड़ रुपये तक सीमित किया गया, जो जीडीपी का मात्र 0.3 प्रतिशत है। पूंजीगत व्यय पर 12.5 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा पाइपलाइन को नई गति देगा। राजमार्ग निर्माण में अतिरिक्त 50,000 किलोमीटर का लक्ष्य, रेलवे विद्युतीकरण और आधुनिकीकरण पर 2.5 लाख करोड़ रुपये का आवंटन भविष्य की नींव को अटल बनाने का संकल्प दिखाता है। राज्यों को 1.5 लाख करोड़ रुपये का 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जो संघीय ढांचे को मजबूत करेगा। सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल को बढ़ावा देने के लिए कर छूट, एकल खिड़की प्रणाली और तेज मंजूरी प्रक्रिया जैसे उपाय किए गए हैं। सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है–निवेशक आइए, हम पूरी तरह तैयार हैं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या ये विशाल निवेश ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजन करेंगे, या केवल महानगरों की चकाचौंध तक सीमित रहेंगे? मध्यम वर्ग, जो देश की जीडीपी में लगभग 40 प्रतिशत योगदान देता है, को इस बजट में ठोस कर राहत? मिली है। पुरानी कर व्यवस्था में मानक कटौती को 50,000 रुपये से दोगुना बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दिया गया, जबकि वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह और अधिक उदार है। नई कर व्यवस्था में स्लैबों को सरल बनाया गया–5 लाख रुपये तक की आय पर शून्य कर। शिक्षा ऋण पर टीसीएस हटाया गया (10 लाख रुपये तक), जबकि किराया टीडीएस सीमा को 2.4 लाख से बढ़ाकर 6 लाख रुपये किया गया। दो स्व-व्यवहृत आवासीय संपत्तियों पर कर राहत का प्रावधान, आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा को 2 वर्ष से बढ़ाकर 4 वर्ष किया गया। कर संहिता को 819 धाराओं से घटाकर 536 धाराओं में सरलीकृत करने का वादा सराहनीय है। ये कदम करदाता को राजस्व का मात्र स्रोत न मानकर भरोसेमंद भागीदार बनाने की दिशा में हैं। हालांकि, जमीनी स्तर पर अनुपालन प्रक्रिया को और सरल बनाना होगा, वरना ये राहतें कागजी औपचारिकताओं तक सीमित रह सकती हैं। कृषि क्षेत्र, जो अभी भी 18 प्रतिशत जीडीपी और 65 प्रतिशत ग्रामीण आबादी का आधार है, पर बजट ने विशेष ध्यान दिया। प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना को 100 जिलों में विस्तारित किया गया, फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन, सिंचाई और भंडारण क्षमता बढ़ाने पर जोर। पीएम किसान सम्मान निधि में वृद्धि, किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाई गई। मत्स्य पालन विकास के लिए अंडमान-लक्षद्वीप में आर्थिक क्षेत्र घोषित, फल-सब्जी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने का प्रावधान।




# महाराजा छीता पासी का योगदान समाज को एक करने का देता है संदेश: बैजनाथ रावत

## महाराज छीता पासी भारत की अमूल्य धरोहर है : राजेश शुक्ला

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में महाराजा छीता पासी



के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर जिला मुख्यालय पर स्थित उनके किले पर जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश अनुसूचितजाति एवं जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई इस अवसर पर सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं जनपद के जनप्रतिनिधियों व जिला अध्यक्ष द्वारा महाराज छीतापासी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि की गई तत्पश्चात एक सभा का आयोजन किया गया सभा में बोलते हुए मुख्य अतिथि राज्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने बताया कि सीतापुर की धरती महाराज छीता पासी की धरती है और उनकी वीरता पूरी दुनिया में प्रचलित थी उन्होंने समाज को एक करने के लिए और सभी को न्याय देने के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया। उनका योगदान समाज को एक करने का संदेश देता है। उन्होंने सनातन की रक्षा व सम्मान के लिए जीवन पर्यंत कार्य किया उनके योगदान को हम सब श्रद्धापूर्वक याद कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं। कार्यक्रम में बोलते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि महाराज छीता पासी भारत की अमूल्य धरोहर है हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महाराज योगी आदित्यनाथ व पार्टी संगठन देश के महापुरुषों के सम्मान एवं उनकी गौरव गाथा के गान को विशेष महत्व देते है। हम सब कार्यकर्ता महाराज छीता पासी को याद कर रहे हैं और उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं भारत की भूमि महापुरुषों की भूमि है यह भूमि वंदनीय है। देर शाम छीता पासी किले पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक सिधौली मनीष रावत विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव विधायक बिसवां निर्मल वर्मा निवर्तमान विधायक लहरपुर सुनील वर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गवघ् खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता अजय भार्गव कार्यक्रम के संयोजक सुधाकर शुक्ला अनिल भार्गव सहित पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।। जनप्रतिनिधियों ने विस्तार से अपने विचार भी प्रस्तुत किये।

# जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान गोंदलामऊ के सचिव विकास तिवारी को किया निलम्बित

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। विकास खंड गोंदलामऊ के ग्राम पंचायत कुर्सी पंचायत



भवन का जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. ने निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। पंचायत भवन के सभाकक्ष को देखा एवं पंचायत भवन में मास्टर रजिस्टर न मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य योजना की जानकारी प्राप्त की। साथ ही जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत में कराए जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं पंचायत भवन की प्रकाश व्यवस्था सही न होने पर खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार पर नाराजगी व्यक्त की। पंचायत सचिव द्वारा पंचायत भवन के कार्यों में लापरवाही बरतने पर एवं निरंतर पंचायत भवन में न आने पर अनुशासनिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सचिव विकास तिवारी के पास मास्टर रजिस्टर एवं आवश्यक पत्रावलियां न होने, अन्नपूर्णा भवन न बने होने, उसका स्थान चिंन्हित न होने के साथ साथ कार्यों में घोर लापरवाही, अन्य कमियाँ पाए जाने एवं शासन की मंशानुरूप कार्य न होने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित करने तथा ग्राम प्रधान की भी इसमें सहभागिता होने पर नोटिस जारी करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। नाली निर्माण की पत्रावलियां न मिलने एवं अन्य अभिलेख प्रस्तुत न करने पर ग्राम विकास अधिकारी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। मनरेगा द्वारा कराए गए कार्यों का अवलोकन करते हुए एक साल में किए गए मनरेगा कार्यो की जानकारी ली, जिसमें टेक्निकल असिस्टेंट द्वारा मनरेगा के कार्य कम होने, पत्रवालियाँ न होने एवं कार्यों में लापरवाही पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी से डिजिटल लाइब्रेरी की जानकारी ली एवं ए०डी०ओ० पंचायत राजेश कुमार से वार्ता की एवं ए०डी०ओ० पंचायत द्वारा पत्रावलियां सही ढंग से न दिखाये जाने पर, पंचायत भवन मे पत्रवालियाँ न होने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए।

# सामाजिक सद्भाव के बिना राजनीति महत्वहीन : उत्कर्ष अवस्थी

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। नगर के आषीर्वाद गेस्ट हाउस में पूर्व जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी द्वारा सामाजिक समरसता समागम एवं तहरी भोज का




आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रवि वर्मा सम्मिलित हुए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा यह कार्यक्रम संत रविदास की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया था। जिसमें पूरे जिले भर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी ने प्रतिभाग किया। सबसे पहले संत रविदास के चित्र पर आए हुए सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई तत्पष्चात सामाजिक कार्यकर्ता एपी गौतम का पूर्व जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने माला पहनाकर अभिनन्दन किया। पूर्व सांसद रवि वर्मा ने कहा कि वर्षों से समाज में चली आ रही कुरीतियों को वर्तमान सरकार बढ़ावा देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सद्भावना का जो संदेष संत रविदास ने दिया था उस संदेष पर वर्तमान सरकार गहरा कुठाराघात कर रही है। पूर्व विधायक हरीष बाजपेई ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर संत रविदास के बताए गए मार्ग पर चलना होगा। इस कार्यक्रम का आयोजन उत्कर्ष अवस्थी ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक समरसता को कुछ नकारात्मक शक्तियों द्वारा रौंदा जा रहा है। जिसमें हमें आज रविदास जयंती पर संकल्पित होना चाहिए कि हम सभी कांग्रेसजन सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदीप सिंह चौहान ने कहा कि अन्याय के खिलाफ जंग जारी रहेगी और हम कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर विजय हासिल करेंगे। जिला कोआर्डिनेटर आषीष सिंह ने अपने संबोधन में सीतापुर में सामाजिक न्याय स्थापित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन आमोद मिश्र ने किया। कार्यक्रम को प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष ममता वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेष निषाद, डा. विजय नाथ अवस्थी, सुभाष राजवंषी, शहर अध्यक्ष षिषिर बाजपेई, डा. अवधेष श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष विनीत दीक्षित, चोक्ष विभु, धीरेष कष्यप, शूबी खान, सुन्दरलाल रावत, पूर्व चेयरमैन अतीक खान, गुफ्रान खान, ओपी मिश्रा, विनीता राज, विभा सिंह, शैलेन्द्र यादव, राहुल रस्तोगी आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर सीतापुर जिले के सभी ब्लाकों से आए हुए कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आदर्श व्यापार मंडल जिला उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल मुन्ना भैया का निधन

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। नगर के प्रमुख दवा व्यवसाई व आदर्श व्यापार मंडल जिला उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल मुन्ना भैया के आकस्मिक निधन पर आदर्श व्यापार मंडल जिला कार्यालय में शोक सभा कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने प्रदीप अग्रवाल के निधन को व्यापारी समाज की अपूर्णीय क्षति बताते हुए गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है ।प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, संरक्षक विश्ववीर गुप्ता, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, प्रमुख सलाहकार नरेश अग्रवाल, नगर अध्यक्ष राजकुमार रस्तोगी,जिला मंत्री अनीत मिश्रा,युवा विंग अध्यक्ष दीपिल अरोड़ा,आशीष सक्सेना, महिला अध्यक्ष सरिता जैन, सीमा जैन,अमित गुप्ता, संजीव अग्रवाल, अर्जुन राठौर, अनुराग शुक्ला, मोहित अग्रवाल, विजय रस्तोगी सहित संगठन पदाधिकारियों ने प्रदीप अग्रवाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

## पोर्टल के माध्यम से 07 खोया मोबाइल को किया गया बरामद

(स्वतंत्र भारत)

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपदीय पुलिस को भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग एवम् खोये हुए/लावारिस स्थिति में मिलने वाले समानों को सकुशल उनके स्वामियों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्दगी हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के क्रम में क्षेत्राधिकारी मिश्रिख श्री विशाल गुप्ता के निकट पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष नैमिषारण्य नवनीत मिश्रा के नेतृत्व में ३१.०१.२६ को थाना नैमिषारण्य पुलिस टीम द्वारा खोए/गुमशुदा ०७ मोबाइल फोन (कीमती करीब १,११,४९८/- रूपये) को पोर्टल पर ट्रैक कर बरामद मोबाइल फोन को उसके धारकों को सुपुर्द किया गया। मोबाइल स्वामियों द्वारा पुलिस के इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। आवेदक शोभित कुमार पुत्र अनिल कुमार निवासी ग्राम रघुनाथपुर ऐनी थाना नैमिषारण्य जनपद का मोबाइल की कीमत करीब १३००० रुपये २०.०७.२०२५ को नैमिषारण्य में खो गया था। बरामद कर मोबाइल स्वामी को सुपुर्द किया गया। आवेदक बिन्द्रा प्रसाद पुत्र स्व. निरंजन निवासी ग्राम बेलहरी थाना नैमिषारण्य का मोबाइल कीमत करीब १२,५०० रुपये दिनांक तेलियानी बाजार , थाना नैमिषारण्य में खो गया था। बरामद कर मोबाइल स्वामी को सुपुर्द किया गया।

# केंद्रीय बजट 2026 का सजीव टेलीविजन प्रसारण बजट सभी के लिए हितकारी -राकेश राठौर गुरू

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वर्ष २०२६ का केंद्रीय बजट संसद में रखा गया। बजट राष्ट्र कल्याण और देश में निवास कर रहे सभी वर्गों को ध्यान में रखकर राष्ट्रसमर्पित किया गया है। उक्त बजट का टेलीविजन के माध्यम से सजीव प्रसारण स्थानीय नेहरू हाल में रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर विकास मंत्री/विधायक सदर राकेश राठौर गुरु उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह द्वारा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को विस्तार से सुना गया। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी द्वारा जिले के सभी ४० मंडलों में बजट का संजीव प्रसारण सुना गया ।इस अवसर पर नगर विकास मंत्री राकेश राठौर गुरु ने बजट को सभी के लिए हितकारी बताया जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि प्रस्तुत बजट में देश के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है किसानों के लिए लाई गई



योजनाओं से किसानों की आय में वृद्धि होगी तो वही कैंसर जैसी घातक बीमारियों की आवश्यक दवाईयों को सस्ता किया गया है जिससे रोगी और उसके घर वालों को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि विदेश में पढ़ रहे शिक्षार्थियों को भी टैक्स में विशेष सुविधा दी गई है जिससे हमारे देश का भविष्य विदेशों में भी अपने हुनर को चमकाएगा इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक रोहित सिंह सहसंयोजक जया सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता, राहुलजयसवाल, विश्राम सागर राठौर, खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा, श्वेतांशु बाजपेई नगर अध्यक्ष द्वय पंकज पांडे, राजन गुप्ता सहित ललित श्रीवास्तव , नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नमिद्र अवस्थी संजय मिश्रा, जितेंद्र मेहोत्रा रामजीवन जायसवाल विष्णु मौर्य प्रखर जायसवाल सहित क्षेत्रीय किसान व्यापारी व छात्र व जन सामान्य उपस्थित रहे सभी ने प्रस्तुत बजट को लोक कल्याणकारी बताया।

# रीजेन्सी पब्लिक स्कूल रेस्योरा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। रीजेन्सी पब्लिक स्कूल रेस्योरा में वार्षिकोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में 'राजा सय्यद मुज़फ्फर अली' प्रसिद्ध भारतीय फिल्म निर्माता, सांस्कष्तिक पुनर्जागरणकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल ज़मीरुउद्दीन शाह, पी वी एस एम, एस एम, वी एस एम, फोर्मर डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ, फार्मर वाइस चान्सलर ए एम यु, श्रीमती सबीहा सिमी शाह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अतिथियों का स्वागत हेड गर्ल शगूफी अन्सारी ने किया। कार्यक्रम के



अन्तर्गत समूहगान, समूह नष्त्य, अंग्रेजी नाटक इनकेन्टो एवं हिन्दी नाटक नर्मदा ने सभी अतिथियों का मन मोह लिया। विद्यालय के छात्रों द्वारा ऑर्केस्ट्रा के मधुर प्रदर्शन से पूरा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने अपने वक्तव्य में कार्यक्रम के संचालक वक्ताओं की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के प्रयासों को सराहनीय बताया। अन्ततः रीजेन्सी शैक्षिक समूह के संस्थापक एम. एफ ज़ैदी ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए स्मृति चिह्न प्रदान किये एवं प्रधानाचार्या 'श्रीमती राशिदा ज़ैदी' और बच्चों तथा शिक्षकों के कठिन परिश्रम की सराहना की। कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती जेहनी रिजवी एवं सुश्री शीरीन मिश्रा के नेतृत्व में कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा अंजली भारती को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने किया सम्मानित

( स्वतंत्र भारत )

महमूदाबाद-सीतापुर। सीता ग्रुप आफ एजूकेशन की कक्षा ११ की छात्रा अंजली भारती को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी द्वारा रविवार को सम्मानित किए जाने पर क्षेत्र के लोगों ने बधाई दी है। बाराबंकी के रामनगर विधायक फ़रीद अहमद क़िदवई और मदनपुर कोल्ड स्टोरेज के संचालक आलम मियां के सहयोग से प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के



दौरान हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने पर अंजली भारती को एक लैपटाप और ११ हजार रुपए की चेक देकर सम्मानित किया गया। छात्रा को सम्मानित किए जाने पर सीता ग्रुप आफएजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी, यशपाल सिंह, आरजे वर्मा, यशपाल वर्मा, ओपी विश्वकर्मा, एसआर वर्मा, आदि ने बधाई दी है।

# ई-रिक्शों के रूट व निर्धारित पार्किंग स्थलों की पहचान के लिए घटिया किस्म के बोर्ड लगवाए गए

( स्वतंत्र भारत )

महमूदाबाद, सीतापुर। जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर




को जाम से निजात दिलाने के लिए तय ईरिक्शों के रूट व निर्धारित पार्किंग स्थलों की पहचान के लिए बेहद घटिया किस्म के बोर्ड लगवाए गए हैं। इनमें इतनी पतली चद्दर लगाई गई है कि वे अभी से उखड़ने लगी हैं। महमूदाबाद नगर में विभिन्न मार्गों पर बेतरतीब तरीके से चल रहे ई-रिक्शों के कारण आएदिन जाम लगा रहता था। मामले को लेकर जिलाधिकारी से शिकायत कर जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग नगरवासियों द्वारा की गई थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर ई-रिक्शा संचालन के लिए सात रूट व पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए। इन रूट पर चलने वाले अलग-अलग ई-रिक्शा चालकों द्वारा पंजीकरण भी नगर पालिका में कराया जा चुका है और उन्हें क्यूआर कोड लगे स्टीकर वाहन पर चिपकाने के लिए दिए जा चुके हैं। रूट व पार्किंग स्थल की पहचान के लिए सभी रूटों व पार्किंग स्थलों पर लोहे के सांकेतिक बोर्ड नगर पालिका द्वारा लगवाए गए हैं। लगाए गए बोर्ड इतनी घटिया किस्म की सामग्री से निर्माण कराए गए हैं कि वे लगने के एक सप्ताह बाद ही अभी से उखड़ने लगे हैं। ईओ पवन किशोर ने बताया कि नगर पालिका द्वारा क्रय करके बोर्ड लगवाए गए हैं जिनके उखड़ने की सूचना मिली है, जिन्हें दुरुस्त करवाया जा रहा है। बोर्ड निर्माण के बिक्री करने वाले दुकानदार को चेतावनी भी दी गई है।

# धूमधाम से मनाया गया संत रविदास जन्मोत्सव समारोह आकर्षण का केन्द्र रही महापुरुषों की झांकियां

( स्वतंत्र भारत )

सिधौली-सीतापुर। सामाजिक सद्भाव के मार्गदर्शक व प्रेरणास्त्रोत संत रविदास की जयंती नगर सिधौली में रविवार को परंपरागत तरीके से बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई । ढोल नगाड़े, बैंड बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा कस्बा के महमूदाबाद चौराहा पर स्थित पंचायती रविदास मंदिर से निकाली गईद्य शोभा यात्रा में संत रविदास के जीवन पर आधारित तरह-तरह की झांकियों में बैठे संत रविदास के साथ ही गुरुनानक देव, संत कबीर, डा. अम्बेडकर, तथागत गौतम बुद्ध आदि महापुरुषों से संबंधित मनमोहक झाकियां लोगों का आकर्षण का केंद्र रही। झांकियों के साथ बैंडबाजे, ढोल नगाढ़े की धुन पर नन्हें-मुन्ने बच्चे, नौ जवान, महिलाएं आदि भजन, गीत और रविदास जी के जयकारे लगाते हुए कह रहे थे लोना माता की जय, करमा माता की जय, मन चंगा तो कठोती में गंगा आदि जयकारों से पूरा वातावरण गुंजाएमान हो रहा थाद्य शोभा यात्रा में हरदोइया, बनियानी, बिशुनदासपुर, बौनाभारी, सीतारसोई, रघुराजपुर, उनई, भारी जन सैलाब के साथ हजारों की संख्या में बच्चे, युवा, महिलाएं, पुरुष, बौद्ध भिक्षु, कबीरपंथी व कि संत रविदास ने मानव को शिक्षित व कर्मयोद्धा बनने की नसीहत दी है जो आज के दौर में चेयरमैन गंगाराम राजपूत, प्रधान बुद्ध प्रकाश, इंजी० राम चन्द्र गौतम, राजकुमार, गुरुदीन गौतम,



सोनारी, खरवलिया, बहादुरपुर, खालेगढ़ी, रामपुर टड़वा, रमनगरा, नरायनपुर, भुचकैली, जुधौरा, दुर्गापुर, मानपारा, सीरगंज, अलहइयापुर आदि गांवों से भव्य व दिव्य झांकिया सम्मिलित हुई । क्षेत्र के विभिन्न दूर-दराज दर्जनों गांवों से रविदास के अनुयायी प्रातरूकाल से ही ट्रैक्टर ट्रालियों, मोटर साइकिल और साइकिलों से भारी संख्या में आने लगे थे। दोपहर में रविदास पंथी बड़े उत्साह के साथ इक्ट्ठे हुएद्य तत्पश्चात रविदास मंदिर महमूदाबाद चौराहे से शोभा यात्रा पंचायती रविदास मंदिर से संत हरी दास की अगुवाई में शुरु होकर तहसील चौराहा, बस स्टाप, पड़ाव मैदान, विसवां चौराहा, डाक बगला और तहसील रोड होते हुए पुनः रविदास मंदिर पहुंच कर जनसभा के रूप में कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गयाद्य अनुयायियों ने कहा प्रासांगिक है, जिससे आज भी हम उनके मार्ग पर चलकर मानव कल्याण की ओर बढ़ रहे हैं। ऐसे कर्मयोगी व दूरदृष्टा को शत शत नमन वन्दन है। संत रविदास की प्रतिमा पर अनुयायियों ने फूल मालाएं अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन समर्पित किया।

शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से विधायक मनीष रावत, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर शिल्पी गौतम, हर्ष कुमार रषिक, वरिष्ठ अधिवक्ता हेमनाथ गौतम, एड राम पाल भार्गव, शैलेन्द्र आर्य, डॉ रवि कुमार, प्रधान पंकज कुमार गौतम, चतुर बिहारी, प्रधान महेंद्र कुमार, राजेश सिद्धार्थ, कमलेश कुमार, उजागर लाल गौतम,बीरेंद्र कुमार मधुकर, खुशीराम पासी, अवनीश चौधरी, जिला पंचायत सदस्य कन्हैया लाल, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।



# चुनावी पारदर्शिता की दिशा में अहम कदम, डीएम ने ईआरओ संग की एसआईआर समीक्षा



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** जनपद में निर्वाचक नामावलियों की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जिले की सभी 9 विधानसभाओं के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में मतदाता सूची से जुड़े लंबित मामलों, नोटिसों की सुनवाई की प्रगति तथा फॉर्म-6, फॉर्म-7 और फॉर्म-8 के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया गया।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने आवेदनों के भौतिक सत्यापन, समयबद्ध निस्तारण और अभिलेखों के विधिवत संधारण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। डीएम ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की रीढ़ है, इसलिए इसमें पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक में अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि शिकायतों और आपत्तियों की सुनवाई निष्पक्षता से की जाए तथा पात्र मतदाताओं का नाम सूची में जोड़ने और अपात्र प्रविष्टियों को हटाने की प्रक्रिया समयसीमा में पूरी हो। इस अवसर पर एडीएम (वित्त एवं राजस्व) संतोष कुमार सिंह,प्रभारी सिटी मजिस्ट्रेट राम जन्म यादव,एसडीएम बहेड़ी इशिता किशोर, एसडीएम फरीदपुर मल्लिका नयन, एसडीएम सदर प्रमोद कुमार, एसडीएम मीरगंज प्रमोद कुमार , एसीएम प्रथम गुलाब सिंह,सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## किशोरी के साथ अश्लील हरकतें प्राथमिकी हुई दर्ज

**भुता।** थाना क्षेत्र के एक ग्राम में किशोरी को आते-जाते गांव का ही युवक अश्लील हरकते करते हुए छेड़खानी करने की शिकायत पर पीड़िता के पिता के साथ मारपीट की।तभी किशोरी के पिता ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी को रास्ते में आते जाते समय गांव का ही युवक राकेश कुमार अश्लील हरकतें करते हुए छेड़खानी करता है। किशोरी ने आप बीती अपने माता-पिता को बतायी। जब किशोरी के परिजन उसके घर शिकायत करने गये तो उक्त आरोपी उल्टे गाली गलौज व मारपीट पर उतारू हो गए। विरोध करने पर डंडों से किशोरी के पिता के साथ मारपीट की। जिससे उनके गुम चोटे आयी। तभी किशोरी के पिता ने थाना भुता में उक्त आरोपी के विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया है।

### बजट पर व्यापार जगत की मिली-जुली प्रतिक्रिया

# सामान्य व्यापार को बताया हितकारी, सर्राफा वर्ग निराश



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** केंद्रीय बजट को लेकर जिले के व्यापारिक संगठनों की प्रतिक्रिया मिश्रित रही। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बरेली मर्चेंट एसोसिएशन के संरक्षक जफर बेग ने बजट को व्यापारी वर्ग और समाज के हित में बताते हुए कहा कि यह बजट 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को मजबूत आधार देगा। उन्होंने कहा कि बजट न केवल देश की आर्थिक दिशा तय करेगा, बल्कि चीन और अमेरिका की भारत विरोधी नीतियों तथा अमेरिकी टैरिफ का भी प्रभावी जवाब साबित होगा। वहीं यूपी सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल पाटिल ने बजट पर असंतोष जताया। उन्होंने कहा कि सोना-चांदी व्यापारियों को इस बजट से बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन इस वर्ग के लिए कोई ठोस राहत नहीं दी गई। पाटिल ने कहा कि सोना-चांदी केवल आभूषण नहीं, बल्कि नारी की सुरक्षा, आत्मसम्मान और ग्रामीण परिवारों के लिए आपातकालीन आर्थिक सहारा है। उन्होंने बताया कि बीते एक वर्ष में सोने के दाम करीब 100 प्रतिशत और चांदी के 300 प्रतिशत तक बढ़े हैं, जिससे आम लोगों की पहुंच से ये बाहर हो गए हैं। उन्होंने मांग की कि सोना-चांदी के भाव पर एमसीएक्स का नियंत्रण सीमित किया जाए, जीएसटी प्रावधानों को सरल बनाया जाए और कीमतों में स्थिरता लाई जाए, तभी व्यापार और ग्राहक दोनों का भरोसा लौटेगा। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि बजट में कुछ फैसले प्रशंसनीय हैं।

## माघमाह पूर्णिमा पर रामगंगा नदी में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



-स्वतंत्र भारत-

**फतेहगंज पूर्वी।** माघमाह पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में रामगंगा नदी के घाटों पर पडेरा, कादरगंज, नगरिया, बेलादंडी, सहित नगर बहगुल नदी में रविवार सुबह तड़के पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई। प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत की मदद से कई दिन पहले से साफ सफाई की व्यवस्था चाक चौबंद कर दी गई। और सुबह तड़के ही घाटों के किनारे पूजा सामग्री प्रसाद आदि की दुकानों सज गई और हजारों की संख्या में श्रद्धालुओ ने घाटो पर पहुंच कर रामगंगा नदी और बहगुल में स्नान के बाद सत्यनारायण की कथा करवाकर पूजा अर्चना कर दान पुण्य किया। इस दौरान पर बच्चों के खेल खिलौनो की दुकानों पर बच्चों ने मेले में लगे ठेलों पर चाट पकौड़ी का आनंद उठाया। सुरक्षा व्यवस्था के चलते घाटों पर गोताखोरों के साथ पुलिस की व्यवस्था भी लगाई गई। बही जगह जगह माघमाह पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने पूड़ी सब्जी का भी प्रसाद वितरण किया। सुबह से शाम तक श्रद्धालुओ का तांता लगा रहा था। श्रद्धालुओं ने गंगा मैया से अपने परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। थाना प्रभारी संतोष कुमार मय फोर्स के लगातार पूरे दिन सुरक्षा व्यवस्था संभालने में जुटे हुए थे।

## फरीदपुर में भव्य हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन



-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में पूरे देश में हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं उसी कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को नगर के स्थानीय सी ए एस इंटर कॉलेज में पंचेश्वर नाथ हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा एक भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम में नगर के किशोर चंद कन्या इंटर कॉलेज, पुष्पा देवी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, श्याम सुंदर कन्या इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्रों एवं छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता देवराज जी द्वारा हिंदू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सनातन संस्कृति की रक्षा सामाजिक समरसता और हिंदू समुदाय को जाति भेद से ऊपर उठकर एकजुट करना है यह आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में हिंदू शक्ति को जागृत करने सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने हेतु देश भर में हिंदू सम्मेलन के रूप में आयोजित किया जा रहा है । हम सभी जानते हैं कि जब हिंदू एकजुट होते हैं तो वह अजय हो जाते हैं यह सम्मेलन हमें याद दिलाता है कि हमें जाति उपजाति और भेदभाव से ऊपर उठकर एक साथ खड़ा होना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महंत राम गिरि जी पंचेश्वर नाथ मंदिर ने कहा सनातन धर्म केवल पूजा पद्धति ही नहीं बल्कि जीवन जीने का एक गौरवशाली तरीका है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित श्रीमती मीरा मोहन एवं श्रीमती गुंजन ने कहा हमें अपने हिंदू समाज में भेदभाव खत्म करना है और सनातनियों को गले लगाना है जब हम संगठित होंगे तभी हमारे देश और संस्कृति की रक्षा होगी । कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया। कार्यक्रम में विश्वनाथ प्रताप सिंह सह विभाग शारीरिक प्रमुख बरेली विभाग,अनुज शर्मा सह जिला बौद्धिक प्रमु ,सह जिला व्यवस्था प्रमुख राहुल ,नगर संघ चालक ब्रह्मेंद्र मिश्रा,नगर कार्यवाह नितिन,मानवेंद्र राणा विभाग मंत्री विश्व हिंदू परिषद,संजय सिंह चौहान एडवोकेट,रुद्रांश शर्मा सह नगर कार्यवाह, सोमेंद्र, देवांश, संकल्प, वैभव आयुष,आयुष मिश्रा, ऋतिक, सत्येंद्र सिंह लकी, सुखदेव वाल्मीकि,दीपा काला, ब्रह्मा शंकर गुप्ता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पूनम गुप्ता,डॉ बीनू सिंह,ईशान ग्वाल पुत्र स्वर्गीय डॉक्टर श्याम बिहारी लाल विधायक फरीदपुर,भाजपा नेता जवाहरलाल तुषार अग्रवाल, सरस्वती शिशु मंदिर,सरस्वती विद्या मंदिर, किशोर चंद कन्या इंटर कॉलेज,श्याम सुंदर कन्या इंटर कॉलेज के अध्यापक अध्यापिकाएं और पितांबरपुर नगर एवं क्षेत्र से आए बड़ी संख्या में सनातनी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### २० लाख की रंगदारी का आरोप, दरगाह खानदान के दामाद को बनाया बंधक

**बरेली।** दरगाह आला हजरत से जुड़े खानदान के सदस्य मन्नानी मियां के दामाद को कथित रूप से एक सामाजिक संगठन की आड़ में बंधक बनाकर २० लाख रुपये की रंगदारी मांगने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हालांकि कोर्ट के आदेश पर प्रेमनगर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रेमनगर के सुर्खा बानखाना निवासी मोहसिन रजा खान का आरोप है कि १४ दिसंबर २०२५ की शाम उन्हें आपसी विवाद सुलझाने के नाम पर पंचायत में बुलाया गया था। वह अपने साथी दानिश के साथ नासिर की भाभी गुड़िया के घर पहुंचे, जहां बैठक में दाखिल होते ही दरवाजे बंद कर दिए गए।

आरोप है कि पंचायत की आड़ में उन्हें पुराने मुकदमे की एफआईआर दिखाकर जेल भेजने की धमकी दी गई और २० लाख रुपये की मांग की गई। इनकार पर मारपीट की गई और फिरोज ने तमंचा निकालकर फायर किया, हालांकि गोली किसी को नहीं लगी। मोहसिन का कहना है कि आरोपियों ने उनकी डिजिटल घड़ी, जरूरी कागजात से भरा बैग छीना और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल की धमकी दी। किसी तरह जान बचाकर वह वहां से निकल पाए। पुलिस की कथित अनदेखी के बाद पीड़ित ने अदालत का रुख किया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर दर्ज एफआईआर में हक़ की आवाज फाउंडेशन की प्रदेश अध्यक्ष रुमाना सकलैनी, सचिव यासमीन अजहरी सहित कई लोगों को नामजद किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मामा महाराज ब्रह्मदेव स्थान पर अखंड पाठ के बाद हुआ भंडारा



**फतेहगंज पूर्वी।** हाईवे किनारे बिजलीघर के पास प्राचीन मामा महाराज दैव स्थान पर शनिवार से अखंड पाठ का आयोजन किया गया।रविवार को अखंड पाठ के समापन के बाद हवन पूजन किया गया उसके उपरांत कन्याओं को भोज करवाकर भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों से आये श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।इस दौरान बिजलीघर के जेई रामसिंह, कर्मचारी पुलकित पाठक,गौरव शर्मा, राजेश शर्मा, अंकित सिंह,महेंद्र, महेश, मनोज पाल, सुमित मिश्रा, राकेश, सुखपाल, रवि, राजू, नरेंद्र ,पंकज सहित नगवासियो ने सहयोग किया।शाम तक भंडारे का आयोजन चलता रहा था। बिजलीघर के कर्मचारियों ने बताया कि प्रतिवर्ष अखंड पाठ के बाद सभी के सहयोग से भण्डारे का आयोजन किया जाता है। आज माघ पूर्णिमा का शुभ दिन है इसलिए भंडारा किया गया।

### जश्ने जमीदारे करबला महफिल का हुआ आयोजन

विख्यात अंजुमनों ने भाग लिया



**नवाबगंज।** हजरत अली अकबर की यौमे विलादत पर सें थल में अंजुमन असगरिया के तत्वाधान में जश्ने जमीदारे करबला का आयोजन किया गया। जिसमें विख्यात अंजुमनों ने भाग।लिया महफिल का आगाज मोहसिन रजा द्वारा मीलादख्वानी से किया गया। इसके बाद शायरी का सिलसिला शुरू हुआ। इस दौरान अंजुमन पंजेतनी जलालपुर आरजू जलालपुरी, अंजुमन जुल्फिकारे हैदरी, अंजुमन हुसैनिया, अंजुमन हैदरी, अंजुमन अजाए हुसैनी, अंजुमन पंजेतनी, अंजुमन नादे अली, अंजुमन यादगारे हुसैनी आदि ने हजरत अली अकबर की शान में कसीदे पढ़े। जिन्हें खूब सराहा गया। महफिल की सदारत मौलाना फराज वास्ती ने की और संचालन मौलाना रियाज असकरी ने किया और अशआरों की फुआर से लोगों को बांधे रखा आखिर में मौलाना गजनफर अली ने महफिल को खिताब करते हुए हजरत अली अकबर के फजाइल बयान किए। इसमें अकबर जहीर, शीराज हैदर, अथर अब्बास अल्वी, फरोग हैदर, हसन जहीर, अरमान हुसैन, हैदर,मंजर अब्बास आदि मौजूद रहे।

### मकान के बाहर खड़ी एंबुलेंस धू-धू कर जल उठी



**फरीदपुर।** नगर के मोहल्ला नहर कोठी डॉ महेश चौधरी अस्पताल के पीछे गली में एक मकान के सामने खड़ी एम्बूलेंस में अचानक धुआं निकलने लगा देखते ही देखते कुछ ही देर में एम्बुलेंस आग गोला बन गई । जिससे आस पास के लोगो में दहशत फैल गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद तत्काल फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद दमलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। तब तक एम्बुलेंस जलकर राख हो चुकी थी । एंबुलेंस में लगी आग की चपेट में मकान के बाहर लगी पीवीसी जलकर राख हो गई गनीमत रही की। कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और ना कोई जनहानि हुई । सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राधेश्याम पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे । और आसपास खड़े वाहनों को तत्काल हटवाया।

## संत रविदास जयंती पर श्रद्धा, सेवा और समरसता का उत्सव



-स्वतंत्र भारत-

**नवाबगंज।** रविवार को कस्बा और आसपास के इलाकों में संत शिरोमणि रविदास जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। जगह-जगह आयोजित कार्यक्रमों में उनके विचारों, जीवन दर्शन और सामाजिक समरसता के संदेश को याद किया गया।

ईध जागीर गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर के सभागार में भाजपा अनुसूचित मोर्चा के तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत संत रविदास के चित्र पर दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद दिवाकर ने संत रविदास के जीवन और उनके समाज सुधारक विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके बाद खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष मनोज दिवाकर, भदपुरा ब्लॉक प्रमुख पति रवि शंकर गंगवार, लेखराज गंगवार, नत्थूलाल गुप्ता, सरजू गंगवार, शंकरलाल, गौरव गंगवार, सर्वेश गंगवार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। वहीं, कस्बे के अंबेडकर पार्क में अंबेडकर पार्क विकास समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। समिति अध्यक्ष महावीर प्रसाद ने कहा कि संत रविदास का जीवन हमें समानता, करुणा और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के समापन पर मिष्ठान वितरण किया गया।

इस अवसर पर समिति संरक्षक रामकरन लाल, महासचिव कुंवरसेन, कोषाध्यक्ष हरस्वरूप, शांति स्वरूप, छेदालाल दिवाकर, नीरु सागर, हरीश सागर, अखिलेश कुमार, सर्वेश कुमार, भूदेव सिंह, नन्हेलाल, तुलाराम, सुरेश पटेल, अनुज कुमार पटेल, मोहन स्वरूप पटेल, भगवानदास, झम्मनलाल, अमित कुमार, रश्मि चित्रांशी, कश्मीरा देवी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## श्री राम कथा के पांचवें दिन ज्ञान-भक्ति का संगम, तारकासुर संहार की कथा से भावविभोर हुए भक्त



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** स्वामी डॉ. उमाकांतानंद सरस्वती महाराज के सान्निध्य में आयोजित श्री राम कथा के पांचवें दिन कथा स्थल भक्ति और ज्ञान के दिव्य भाव से ओतप्रोत रहा। महाराज जी ने नारद मुनि के चरित्र, कैलाश पर्वत पर भगवान कार्तिकेय एवं श्री गणेश की उत्पत्ति तथा तारकासुर के संहार का मार्मिक वर्णन किया।

स्वामी जी ने कहा कि ज्ञान, भक्ति और धैर्य मानव जीवन को सार्थक बनाते हैं। नारद मुनि के जीवन प्रसंग के माध्यम से उन्होंने निष्काम भक्ति, वैराग्य और सत्य मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। मनु महाराज के वृद्धावस्था में वनगमन को उन्होंने ज्ञान-भक्ति का सजीव उदाहरण बताया।

कथा के दौरान भगवान कार्तिकेय द्वारा तारकासुर के संहार का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। महाराज जी ने कहा कि यह कथा बुराई पर अच्छाई की विजय और अधर्म के विनाश का प्रतीक है।



यह श्री राम कथा डिवाइन श्री राम इंटरनेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट, हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। कथा 28 जनवरी से 3 फरवरी तक श्री हरि मंदिर, मॉडल टाउन, बरेली में प्रतिदिन आयोजित हो रही है। पांचवें दिन के यजमान प्रदीप सिंह चौहान रहे। कार्यक्रम में पूजा सेवा संस्थान, रोटरी क्लब ऑफ बरेली नॉर्थ, आर्ट एरेना एवं श्री हरि मंदिर प्रबंध समिति का विशेष सहयोग रहा। आयोजन में अनेक गणमान्य नागरिक, श्रद्धालु एवं शाश्वतम् परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## सक्षम संस्था द्वारा जिला सम्मेलन में मूक बधिर संकेत महाविद्यालय में दिव्यांग बच्चों को रजाई वितरण की



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** सक्षम संस्था द्वारा मूक बधिर विद्यालय में जिला अधिवेशन का आयोजन किया गया जिसमें बरेली मंडल से सक्षम पदाधिकारी उपस्थित रहे। अध्यक्षता ब्रज प्रांत उपाध्यक्ष वेद प्रकाश कातिव और संचालन जिलाध्यक्ष ए एल गुप्ता ने किया, अतिथि के रूप में ब्रज प्रांत प्रभारी प्रदीप मौर्या एवं खुशलोक अस्पताल से डॉ विनोद पागरानी ने पुरस्कार वितरण किया। पूजा सेवा संस्थान के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मूक बधिर विद्यालय के सभी 50 बच्चों को रजाई वितरण वेद प्रकाश कातिव, ए एल गुप्ता, आशिमा गुप्ता, शिव कुमार बरतरिया आदि ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन तथा सभी को पटका पहनाकर और बैज लगाकर किया गया। स्वागत गीत प्रतिमा वार्ष्णेय, रचना सक्सेना, कुसुम लता गुप्ता ने किया।

इस अवसर पर देहदान करने वाले शिव कुमार बरतरिया, ब्रजेश कुमार, कुमकुम सक्सेना, ऊषा , आदि को प्रमाण पत्र प्रदान किये। प्रतिमा वार्ष्णेय और सुरेंद्र बीनू सिंहा को आम जनता की सेवा हेतु सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर उपरोक्त के अलावा अविनाश सक्सेना, डॉ सुबोध अस्थाना सुरेश मिश्रा अविनाश मिश्रा प्रशांत सक्सैना बंसल अखिलेश सक्सेना कुसुम लता गुप्ता धनंजय शर्मा मुकेश सक्सेना विमल सक्सेना आदि उपस्थित रहे। सभी ने दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुति पर उनकी सराहना की और उन्हें सम्मानित किया कार्यक्रम के अंत में सभी को फल एवं मिष्ठान वितरण किया गया।

## कल्याण बोर्ड के सदस्य का नगर में पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत



-स्वतंत्र भारत-

**फतेहगंज पूर्वी।** नगर की नेशनल हाईवे स्थित एक बारात घर में शनिवार को देर शाम उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री एवं भारत सरकार के व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य बनाए जाने पर प्रथम बार आगमन पर नगर के व्यापारियों में नगर में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के साथ कटरा के भाजपा विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस भाजपा नेता ईशान ग्वाल पूर्व अध्यक्ष कटरा सुरेंद्र गुप्ता नगर पंचायत अध्यक्ष संजय पाठक समेत कई लोग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे वहीं व्यापारियों द्वारा राजेंद्र गुप्ता का नगर में प्रथम आगमन पर ढोल नगाड़ों की थाप के साथ पटाखे फोड़ कर स्वागत किया गया पूरा हाल व्यापारियों से भर गया इस अवसर पर मुख्य आयोजन करता राहुल गुप्ता व्यापारी नेता पंकज अग्रवाल व्यापारी बंटू शेख़ ,राम प्रकाश गुप्ता, हरिओम अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, मयंक त्रिवेदी, रिंकू अग्रवाल, सभासद संजीव गुप्ता, संजय गुप्ता, पवन गुप्ता, रिजवान वेग, शफायत अली खान, हर्षित गुप्ता, आकाश गुप्ता,समेत सैकड़ों की संख्या में व्यापारी लोगों मौजूद रहे अंत में आए हुए सभी लोगों का राहुल गुप्ता पंकज अग्रवाल एवं बंटू शेख़ ने सभी का आभार व्यक्त किया ।इस अवसर पर व्यापारियों ने भोज का भी आयोजन किया था।

## असजद रजा ने तहसील बहेड़ी का नाम किया रोशन, पहले ही प्रयास में एफएमजीई परीक्षा पास की



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली/बहेडी।** तहसील बहेड़ी क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है! कि बहेड़ी निवासी अखलाक अहमद के पुत्र डा. असजद रज़ा ने नेशनल बोर्ड ऑफ एग्ज़ामिनेशन द्वारा आयोजित विदेशी मेडिकल स्नातक परीक्षा (एफएमजीई) को बिना किसी कोचिंग के पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। डॉ. असजद रज़ा ने अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई जलालाबाद स्टेट यूनिवर्सिटी, किर्गिज़स्तान से पूर्ण की।

डॉ. असजद रज़ा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के सहयोग, शिक्षकों के मार्गदर्शन और आत्मअनुशासन के साथ की गई, निरंतर मेहनत को दिया है। उनके पिता जनाब अख़लाक़ अहमद ने बताया, कि डां. असजद रजा बचपन से ही मेहनती और लगनशील रहे हैं, तथा उनका लक्ष्य हमेशा से एक कुशल चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करना रहा है।

(एफएमजीई) जैसी कठिन परीक्षा को बिना कोचिंग के पहले प्रयास में पास करना बडी बात और उनकी कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास और समर्पण का प्रमाण है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, रिश्तेदारों और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों एवं शुभचिंतकों साथ ही बड़े भाई (एआईएमआईएम) के वरिष्ठ नेता (शादाब एसके) ने (डॉ. असजद रज़ा) को बधाइयाँ देते हुए, उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। (डॉ. असजद रज़ा) अब भारत में एक पंजीकृत चिकित्सक के रूप में अपनी सेवाएं देने के लिए तैयार हैं।



# पशु तस्करों से पुलिस की मुठभेड़, तीन गिरफ्तार

- चोरी की भैंस, नकदी व हथियार बरामद

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** थाना हरपालपुर पुलिस और पशु तस्करों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान पुलिस ने चोरी की एक भैंस, 80 हजार रुपये नकद, चोरी में प्रयुक्त पिकअप डाला तथा अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 1 फरवरी की रात लगभग एक बजे थाना सवायजपुर क्षेत्र में भैंस चोरी की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही जिले के सभी थानों को अलर्ट करते हुए सघन चेकिंग अभियान शुरू किया गया। इसी क्रम में थाना हरपालपुर पुलिस टीम ग्राम उड़ी के निकट गंगा एक्सप्रेसवे पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही। चेकिंग के दौरान एक पिकअप डाला आता दिखाई दिया, जिसे रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर चालक वाहन मोड़कर भागने लगा। पीछा किए जाने पर पिकअप में सवार बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में एक अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गया, जबकि दो अन्य अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। घायल अभियुक्त की पहचान गुलशेर पुत्र टेनी, निवासी ग्राम धुमरी, थाना जैथरा, जनपद एटा के रूप में हुई है,



जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। गिरफ्तार किए गए अन्य अभियुक्तों में गिरधारी पुत्र दुसौधी, निवासी ग्राम लंगड़ा सुन्दर, बंजारा थाना नारकी, जनपद फिरोजाबाद तथा भोला पुत्र कोमिल, निवासी ग्राम धुमरी, थाना जैथरा, जनपद एटा शामिल हैं।

पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की एक भैंस, 80 हजार रुपये नकद, एक चोरी का टाटा पिकअप डाला, दो तमंचे 315 बोर, दो जिंदा कारतूस एवं दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे दिन के समय पशुओं की रेकी करते थे और रात में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पशु चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। बरामद पिकअप डाला 31 जनवरी 2026 को थाना लोनार क्षेत्र से चोरी किया गया था, जिसके संबंध में पहले से मुकदमा दर्ज है। अभियुक्तों ने हरपालपुर, कछौना, लोनार और सवायजपुर थाना क्षेत्रों में पशु चोरी की कई घटनाओं में संलिप्तता भी स्वीकार की है।

पुलिस द्वारा अभियुक्तों के मुकदमे दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस साहसिक कार्रवाई में थाना हरपालपुर पुलिस के साथ एसओजी टीम की भी अहम भूमिका रही। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने टीम की तत्परता और साहस की सराहना की है।

# पं. महादेव कोल्ड स्टोरेज का किया गया शुभारंभ



स्वतंत्र भारत

**मल्लावां।** आलू किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र में पंडित महादेव मिश्रा कोल्ड स्टोरेज में आलू भंडारण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे। कोल्ड स्टोरेज की कुल भंडारण क्षमता लगभग पौने दो लाख पैकेट है, जिससे क्षेत्र के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। इस वर्ष आलू की बंपर पैदावार के बावजूद बाजार में कम कीमत मिलने से किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में कोल्ड स्टोरेज की सुविधा किसानों के लिए संजीवनी साबित होगी। किसानों ने आलू खुदाई, मजदूरी एवं ट्रैक्टर भाड़े को लेकर अपनी समस्याएं रखीं। कोल्ड स्टोरेज के प्रबंधक संजीव मिश्रा ने किसानों को आश्वासन दिया कि पहले वे निश्चिंत होकर आलू की खुदाई शुरू करें, उसके बाद हर संभव सहयोग दिया जाएगा। साथ ही आलू भंडारण हेतु खाली पैकेट कोल्ड स्टोरेज द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। कोल्ड स्टोरेज के मालिक मितेंद्र कुमार मिश्र उर्फ सोनी ने कहा कि किसानों के हित सर्वोपरि हैं और उनकी किसी भी समस्या की अनदेखी नहीं की जाएगी। किसानों को हर स्तर पर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। शुभारंभ अवसर पर पिंकू मिश्रा, कमलेश प्रधान (तेजीपुर), ओमकांत अग्निहोत्री, पंडित राम गोविंद शास्त्री, पंडित श्रीश चंद्र (शहाब्दीपुर), बृजेश (कुर्सठ), आलोक कुमार (सेवढ़ही), मुन्ना त्रिपाठी (लक्षीपुर) सहित बड़ी संख्या में किसान व क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दबंगों पर मकान तोड़ने का आरोप पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

- 25 अगस्त को दबंगों ने गिराया था पीड़ित का मकान
- थाना प्रभारी पर आरोपियों के साथ सांठ-गांठ का आरोप

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** कछौना थाना क्षेत्र से एक मामले में जहां एक परिवार ने दबंगों पर मकान तोड़ने, भूमि पर कब्जा करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पीड़ित प्रमोद कुमार पुत्र बिहारी, निवासी मोहल्ला काशीनगर, पोस्ट कछौना पतसेनी ने पुलिस अधीक्षक हरदोई को प्रार्थना पत्र देकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने और न्याय दिलाने की मांग की है।

पीड़ित ने बताया उनके पूर्वजों के समय से गांव की आबादी भूमि पर उनका मकान बना हुआ था। इसी भूमि पर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासीय कॉलोनी में तीन कमरे भी निर्मित थे। मकान से पश्चिम दिशा में उनका एकमात्र निकास प्राचीन समय से चला आ रहा है। आरोप है



कि विपक्षी रामलखन पुत्र रामौतार, निवासी ग्राम म्यौनी, जो कि सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक हैं, ने पूर्व सभासद टिंकू सिंह के साथ मिलकर 25 अगस्त 2025 को 10-15 अज्ञात लोगों के साथ मिलकर पीड़ित का मकान गिरवा दिया। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने थाना कछौना में शिकायत की, लेकिन तत्कालीन थाना प्रभारी ने आरोपियों से कथित रूप से सांठगांठ कर कोई कार्रवाई नहीं की। अगले दिन गणतंत्र दिवस का हवाला देते हुए पूरे मकान को तोड़ दिया गया और मलबा ट्रॉली से उठवाया जा रहा है। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने सिविल न्यायालय में स्थायी निषेधाज्ञा का वाद भी दाखिल किया है, जिसमें कमीशन की कार्रवाई पूरी हो चुकी है, बावजूद इसके विपक्षी कब्जा किए हुए हैं। पीड़ित का आरोप है कि शेष कमरों को भी तोड़ने की धमकी दी जा रही है, जिससे उनका निकास बंद हो सकता है। स्वयं को निर्धन बताते हुए पीड़ित ने कहा कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो परिवार पलायन या आत्महत्या को मजबूर होगा। पीड़ित ने थाना कछौना पुलिस पर भरोसा न होने की बात कहते हुए एसपी से निष्पक्ष जांच, एफआईआर दर्ज कराने और कब्जा रुकवाने की मांग की है।

## नशे में बाइक सवार अनियंत्रित होकर खाई में गिरा, हुआ घायल

**टोंडरपुर /हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** मंझिला थाना क्षेत्र के बरेला गांव के पास नशे में एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर खाई में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया। जगत चंद पुत्र उसलेस निवासी सरायं रौनक रविवार को शाम 4:00 बजे नशे में बाइक से अपने घर जा रहा था। वह जैसे ही बरेला गांव के पास पहुंचा उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और खाई में गिर गया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया है।

## होली महोत्सव के शुरुआत में निकल गई भव्य खाटू श्याम शोभायात्रा

**हरदोई।** फाल्गुन माह में आयोजित होने वाले होली महोत्सव को लेकर शहर में धार्मिक और भक्तिमय माहौल देखने को मिला। इसी क्रम में श्री श्याम प्रेमियों द्वारा गाजे-बाजेऔर भक्ति गीतों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बाबा खाटू श्याम के भक्त बड़ी संख्या में इस निशान यात्रा में शामिल हुए और पूरे उत्साह के साथ भगवान काजयघोष करते नजर आए।यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। भक्तों ने हाथों मेंनिशान लेकर बाबा खाटू श्याम के भजनों पर झूमते हुए यात्रा को आगे बढ़ाया। कई स्थानों पर भंडारे और जलपान की भी व्यवस्था की गई, जिससे यात्रा में शामिल लोगोको किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।शोभायात्रा के दौरान शहर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी बड़ी संख्या में यात्रा में शामिल हुए। आयोजकों का कहना है कि फाल्गुन होली महोत्सव को हर साल धूमधाम से मनाया जाता है और इसका उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा और धार्मिक आस्था को मजबूत करना है।निशान यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। यात्रा मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल जगह-जगह तैनात रहा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई। अधिकारियों द्वारा लगातार निगरानी की जा रही थी ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था न होने पाए।

# अमृत सरोवर योजना चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

- कागज़ों में लहराया विकास का परचम ज़मीन हकीकत पर उठे सवाल

**टोंडरपुर/ हरदोई।** सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना का उद्देश्य गांवों में जल संरक्षण, भूजल रिचार्ज और रोजगार सृजन था, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उल्टा दिखाई दे रही है। लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद सरोवर अधूरा हैं, साफ़ पानी की जगह, अमृत सरोवर में जलकुंभी व जिम्मेदार ने उच्च अधिकारियों की मिली भगत से मछली पालन कर हो रहा है, जो निर्माण गुणवत्ता और निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े करता है।



यह मामला विकास खंड टोंडरपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत उमरौली के मजरा सुंदरपुर में जागेश्वर धाम के पास स्थित अमृत सरोवर के नाम पर लाखों की सरकारी धन राशि पर चूना लगाया गया है ढ्ढ जहाँ स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि मानक के विपरीत घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया, मापदंडों को नजर अंदाज कर कागज़ों में कार्य पूर्ण दिखाया गया है ढ्ढ और दो बार भुगतान निकाल लिया गया है।

नतीजतन, बरसात खत्म होते ही सरोवर दम तोड़ देते हैं। योजना के तहत मजदूरी और रोजगार देने का दावा हवा- हवाई, लेकिन फर्जी हाजिरी और काम के बिना भुगतान के आरोप भी उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतें करने पर जांच सिर्फ औपचारिकता बनकर रह जाती है, दोषियों पर कार्रवाई नही होती है। ग्रामीणों की मांग है कि अनियमितताएं करने वालों पर एफआईआर दर्ज कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो, और अधूरे सरोवर का पुनर्निर्माण कराया जाए। अन्यथा जल संकट से जूझते गांवों के लिए यह योजना राहत नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार का एक और उदाहरण बनकर रह जाएगी।

## जीआरपी ने झपटमारी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**हरदोई।** जीआरपी पुलिस ने झपटमारी की घटना में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से कीमती जेवर बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी के कब्जेसोने का एक कुण्डल और चांदी की एक पायल मिली है, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 30 हजार रुपये बताई जा रही है। बरामद सामान को संबंधित मुकदमे से जोड़ते हुए आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। रेलवे क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए रेलवे पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ रोहित मिश्रा के नेतृत्व में ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर चोरी, झपटमारी,जहरखुरानी और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे हृषिकेश यादव के पर्यवेक्षण में जीआरपी की टीम सक्रिय थी। थानाध्यक्ष पंकज कुमार भाष्कर के नेतृत्व में जीआरपी हरदोई और सर्विलांस सेल लखनऊ की संयुक्त टीम ने 31 जनवरी 2026 को कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध युवक कोगिरफ्तार किया। पूछताछ में उसकी पहचान नन्हें पंडित पुत्र राकेश, निवासी मामपुर थाना टड़ियावा जनपद हरदोई, उम्र लगभग 27 वर्ष के रूप में हुई।

# बजट से निराश पिहानी क्षेत्र के किसानों ने जताई नाराजगी

स्वतंत्र भारत

**पिहानी।** केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर पिहानी क्षेत्र के किसानों में असंतोष देखने को मिल रहा है। पंडरवा किला, देहलिया सहित आसपास के गांवों के किसानों का कहना है कि बजट में कुछ वस्तुओं को सस्ता करने की घोषणा जरूर की गई है, लेकिन खेती से जुड़े मुद्दों पर सरकार की चुप्पी किसानों को खल रही है।

किसानों का कहना है कि बजट में दवाइयों और सोलर एनर्जी से जुड़ी सामग्री को सस्ता करने की बात सामने आई है, वहीं इलेक्ट्रिक वाहनों और मोबाइल जैसे उत्पादों को राहत दी गई है। लेकिन किसान जिन चीजों पर सबसे ज्यादा निर्भर है–डीजल, खाद, बीज और कीटनाशक–उन पर किसी तरह की राहत नहीं दी गई। वहीं शराब और तंबाकू जैसे उत्पादों को महंगा किया गया है, जबकि खेती की बढ़ती लागत को लेकर बजट में कोई ठोस प्रावधान नहीं दिखा। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिला अध्यक्ष राहुल मिश्रा ने कहा कि बजट भाषण में किसानों को सशक्त करने की बात तो कही गई, लेकिन न तो न्यूनतम समर्थन मूल्य (स्र्स्क) को लेकर कोई स्पष्ट नीति सामने आई और न ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में कोई बढ़ोतरी की गई। खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि किसान की आमदनी जस की तस बनी हुई है। वहीं किसान यूनियन के युवा नेता मुकीम खान ने बजट पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार हर बार बजट में किसान का नाम जरूर लेती है, लेकिन फैसले ऐसे करती है जैसे खेत और किसान कहीं दूर की चीज हों। उन्होंने कहा कि दवाइयां और मोबाइल सस्ते करना ठीक है, लेकिन जब तक डीजल, खाद और बीज सस्ते नहीं होंगे, तब तक किसान कैसे जिंदा रहेगा। मुकीम खान ने दो टूक कहा कि यह बजट किसानों के लिए राहत नहीं, बल्कि एक बार फिर टालने की नीति साबित हुआ है। अगर किसानों की अनदेखी इसी तरह जारी रही, तो किसान यूनियन चुप नहीं बैठेगी और आने वाले समय में आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होगी।

## पलटा आटो रिक्शा, छह घायल

स्वतंत्र भारत

**मोहम्मदी-खीरी।** क्षेत्र में स्टेट हाईवे गोला रोड पर गांव दिलावरपुर के समीप कार चालक ने आटो रिक्शा में टक्कर मार दी जिसमें महिला समेत 6 लोग घायल हो गए। पास से गुजर रहे सपा नेता कार्तिक तिवारी ने घायलों की मदद की। जानकी एम्बुलेंस लेकर आए समाजसेवी शिवम राठौर और सपा नेता कार्तिक तिवारी ने घायलों को एम्बुलेंस में बैठाया। सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया जिसमें ऑटो चालक शमसुद्दीन पुवायां, तहनूर, सवीना और रेशमा की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया है। वहीं मरजीना और जस्मीन को हल्की फुल्की चोटे आई।

# यूजीसी कानून के विरोध में युवाओं का जोरदार प्रदर्शन बताया काला कानून

स्वतंत्र भारत

**हरपालपुर।** केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए यूजीसी कानून 2026 के खिलाफ रविवार को हरदोई जिले के हरपालपुर कस्बे में युवाओं का गुस्सा सड़कों पर साफ नजर आया। कानून को शिक्षा विरोधी और काला कानून बताते हुए हजारों युवाओं ने एकजुट होकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत कस्बे की मुख्य बाजार पूरी तरह बंद रही और चारों ओर नारेबाजी का माहौल बना रहा।

रविवार सुबह क्षेत्र के हजारों युवक-युवतियां तिवारी गेस्ट हाउस में एकत्रित हुए, जहां यूजीसी कानून 2026 के विभिन्न प्रावधानों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि यह कानून शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा देगा और गरीब, मध्यम वर्ग व ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों के लिए उच्च शिक्षा और भी कठिन बना देगा।

बैठक के बाद युवाओं ने रैली निकालते हुए कस्बे की सड़कों पर प्रदर्शन शुरू किया। हाथों में तख्तियां लिए छात्र यूजीसी 2026 वापस लो, यूजीसी कानून हटाओ, काला कानून नहीं चलेगा, शिक्षा का बाजारीकरण बंद करो जैसे नारे लगाते हुए आगे बढ़े। यह रैली कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए ककरा तिराहे तक पहुंची।

प्रदर्शन के दौरान पूरा इलाका नारेबाजी से गूंज उठा। युवाओं का आरोप था कि यूजीसी 2026 के जरिए सरकार शिक्षा व्यवस्था को पूंजीपतियों और निजी संस्थानों के हवाले करना चाहती है। उनका कहना था कि नए नियमों से सरकारी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की स्थिति कमजोर होगी, जबकि निजी संस्थानों की मनमानी बढ़ेगी।

वक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार शिक्षा को रोजगार से जोड़ने के बजाय उसे एक व्यापार में बदल रही है। उन्होंने कहा कि जब तक सभी वर्गों को समान शिक्षा का अधिकार नहीं मिलेगा, तब तक देश की तरक्की अधूरी रहेगी। युवाओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि यूजीसी कानून 2026 को जल्द वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा और उग्र रूप अपनाया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में विधायक प्रतिनिधि रजनीश त्रिपाठी, गजेंद्र सिंह चौहान, जगरूप तिवारी, कृष्ण कुमार त्रिवेदी, अवनीश द्विवेदी, शोभित त्रिवेदी, रामू सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष सांडी आलोक सिंह, शुभम शुक्ला, आर्यन शुक्ला, अजय शुक्ला, हर्षित त्रिवेदी, उज्ज्वल पांडेय सहित बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# एएसपी ने किया राजघाट मेला का स्थलीय निरीक्षण

- भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था पर विशेष फोकस

**बिलग्राम।** बिलग्राम क्षेत्रांतर्गत राजघाट मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) सुबोध कुमार गौतम ने मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेले में तैनात पुलिस बल, भीड़ नियंत्रण व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एएसपी सुबोध कुमार गौतम ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। एएसपी ने पुलिस बल को सतर्क रहने, नियमित गश्त करने और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। प्रवेश-निकास बैरिकेडिंग और यातायात व्यवस्था का अवलोकन एएसपी ने मेले के प्रवेश व निकास मार्गों, बैरिकेडिंग व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा पुलिस पिकेटों की स्थिति का भी निरीक्षण किया।



उन्होंने निर्देश दिए कि भीड़ अधिक होने की स्थिति में अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए और यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखी जाए।

एएसपी सुबोध कुमार गौतम ने महिला, बुजुर्ग और बच्चों की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल पूरी तरह तैयार रहे और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर कड़े निर्देश दिए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी बिलग्राम एवं प्रभारी निरीक्षक बिलग्राम भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने एएसपी को मेले की सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस बल की तैनाती से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे मेले में शांति और व्यवस्था बनाए रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## आम जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता बजट-रवि तिवारी

**लखीमपुर-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** कांग्रेसी नेताओं ने वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट को फीका और निराशाजनक करार दिया। कहा कि यह उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता। पार्टी प्रवक्ता रवि तिवारी ने दावा किया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बजट भाषण भी पारदर्शी नहीं रहा। इसमें प्रमुख कार्यक्रमों एवं योजनाओं के लिए बजटीय आवंटन की जानकारी नहीं दी गई। रवि तिवारी ने कहा कि दस्तावेज़ों का विस्तृत अध्ययन करना अभी बाकी है। फिर भी 90 मिनट के भाषण के बाद यह स्पष्ट हो जाता है कि बजट को लेकर जो उम्मीदें की गई थीं उन पर यह पूरी तरह खरा नहीं उतरता। यह पूरी तरह फीका और निराशाजनक रहा।

# निर्दोष पर मुकदमा के बाद भाजपा कार्यालय के सामने किया जोरदार प्रदर्शन

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** बिलग्राम क्षेत्र के कुलदीप द्विवेदी पर हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बाद इलाके में उबाल आ गया है। इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और मामला अब सियासी गलियारों तक पहुँच गया है।

सैकड़ों की संख्या में एकत्रित हुए क्षेत्रीय लोगों ने हरदोई स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर पहुंच कर कड़ा विरोध दर्ज कराया। यह पूरी कार्रवाई भीम आर्मी के दबाव में की गई है। बिना किसी ठोस सबूत और साक्ष्य के, आनन-फानन में हत्या जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया गया। प्रशासनिक मशीनरी पर 'एकतरफा' काम करने का आरोप लगाया जा



रहा है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि कुलदीप द्विवेदी को साजिश के तहत फंसाया जा रहा है। उन्होंने साफ शब्दों में मांग की है कि मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच की जाए। राजनीतिक संगठन के दबाव में की गई कार्रवाई को तुरंत रोका जाए। अगर निर्दोष को न्याय नहीं मिला, तो यह आंदोलन और भी उग्र रूप लेगा। बीजेपी कार्यालय पर हुए इस बड़े प्रदर्शन के बाद अब सबकी नजरें पुलिस प्रशासन और सत्ता पक्ष के रुख पर टिकी हैं। क्या दबाव में दर्ज हुई एफआईआर की दोबारा जांच होगी? या फिर यह मामला हरदोई की राजनीति में नया मोड़ लेगा?

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 236 मरीजों का हुआ उपचार




**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 236मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में चिकित्सक विवेक खरे ने कुल 52 मरीजों का उपचार किया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार मे आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में 41मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बाल कृष्ण मिश्रा के देखरेख में 49मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला डॉक्टर शालिनी सिंह के देखरेख में 48मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक मनीष कुमार कि देखरेख में 46मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 236 मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। इस दौरान फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार,सुभाष पटेल, दशरथ पटेल एलटी राकेश पटेल,स्टॉफनर्स माया आदि मौजूद रहें।

# सपा कार्यालय में मनाई गई संत रविदास एवं संत नरहरी दास सोनार की जयंती



**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक व

### मन चंगा, तो कठौती में गंगा' की कहावत का किया गया जिक्र

संत रविदास एवं संत नरहरी दास सोनार जयंती जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट के प्रांगण में रविवार को आयोजित हुई। इस अवसर पर संत रविदास एवं संत नरहरी दास सोनार के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये जयंती मनाई और गोष्ठी कर उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया गया।

इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा संत रविदास जी की कहावत मन चंगा तो कठौती में गंगा का भी जिक्र किया। उन्होने कहा कि रविदास जी की रचनाएं आज भी लोगों को प्रेरित करती हैं। इन्हीं में से एक है मन चंगा, तो कठौती में गंगा' इसका अर्थ है कि यदि मन शुद्ध है, नीयत अच्छी है तो वह कार्य गंगा के समान पवित्र है। कहा कि संत नरहरी दास सोनार गोस्वामी तुलसीदास के गुरू थे जिन्होने रामचरितमानस की रचना की। गोस्वामी तुलसीदास को रामचरितमानस लिखने की प्रेरणा नरहरी दास से ही मिली थी। वे भगवान शिव और विष्णु के महान भक्त तथा शिव उपासक थे। उन्होने कहा कि यह अवसर समाज में एकता भक्ति व भेदभाव मिटाकर ईश्वर के प्रति समर्पण का संदेश देता है। यह समाज को एकजुट करने और आध्यात्मिक मूल्यों को बढ़ावा देने का प्रतीक है।

गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी व संचालन जिला महासचिव आदर्श यादव ने किया। गोष्ठी में अशोक यादव, मुन्नी यादव, आशीष यादव, डॉ शक्ति श्रीवास्तव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, राजेन्द्र सिंह पटेल, रामजी मौर्या, सुनील पटेल, शैलेष पटेल, झल्लू यादव, राणा प्रताप सिंह, राजेन्द्र यादव, रवि सोनकर, जुम्मन खान, जैनेन्द्र सिंह, आशीष राय, विजय सिंह पटेल, भरतलाल बिन्द, अनीष खान, वन्दना गुप्ता, रामराज यादव, सौरभ सिंह, राहुल यादव, अशोक यादव, बबलू शुक्ला, रमाशंकर कोल, बलराम यादव, सुरेश यादव आदि मौजूद रहें।

## गरम पानी गिरने से महिला का पैर झुलसा

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा निवासी महिला रविवार की सुबह गरम पानी से दाहिना पैर झुलस गया महिला के परिजनों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा उपचार किया गया है। थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा निवासी राम मनोरथ की 37 वर्षीय पत्नी रीना देवी घर में भगौना मे पानी गरम कर घर में लेकर जा रही ठीक की पानी दाहिने पैर में झूलस गई। महिला के चीख पुकार सुनकर पहुँचे महिला के परिजनों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे द्वारा महिला का उपचार किया है। उपचार के बाद महिला को उसके परिजनों द्वारा घर लेकर चले गए है। इस संबंध में चिकित्सक विवेक खरे ने बताया की गरम पानी से महिला का दाहिना पैर झूलस गया थां परिजनों द्वारा उपचार के लिए लाया गया था उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया हैं। महिला के परिजन घर लेकर चले गए।

## जनजाति सम्मेलन व सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होंगे राज्यमंत्री व एससी एसटी आयोग के उपाध्यक्ष

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के मनिगढ़ा के इनारी टोला में सेवा समर्पण संस्थान संबद्ध अखिल भारतीय बनवासी कल्याण आश्रम मिर्ज़ापुर के तत्वाधान में 2 फ़रवरी को जनजाति सम्मेलन व संस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीव सिंह गौड़ राज्यमंत्री समाज कल्याण विभाग व विशिष्ट अतिथि एससी एसटी आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार शामिल होंगे। इस आशय की जानकारी सेवा समर्पण के प्रमोद पाण्डेय ने दी है।

## भगवान की भक्ति के लिए प्रेरित करती है श्रीमद्भागवत कथा : प्रेम मूर्ति महराज

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमंडगंज थानाक्षेत्र के बबुरा कलां गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन रविवार को वृंदावन से पधारे कथा व्यास पंडित प्रेम मूर्ति महराज ने भगवान कृष्ण की लीलाओं, उद्धव गोपी संवाद व भगवान कृष्ण और रूक्मिणी के विवाह की कथा का भक्तों को अमृतपान कराया। कथा व्यास ने कहा कि भगवान निराकार हैं और सभी जगह विद्यमान हैं। उद्धव और गोपी संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि उद्धव को अपने ज्ञान और बुद्धि पर बड़ा अभिमान था।वह प्रेम भाव को तुच्छ समझते थे। उद्धव के अभिमान को नष्ट करने तथा प्रेम व भक्ति का मर्म समझाने के लिए भगवान कृष्ण उद्धव को ब्रज में भेजते हैं। भगवान कृष्ण के प्रति गोपियों का प्रेम व भक्ति भाव देखकर उद्धव अपना ज्ञान भूल जाते हैं। कथावाचक ने कहा कि भगवान का स्मरण करने से ही संसार रूपी भव सागर को पार किया जा सकता है। श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को भगवान की भक्ति के लिए प्रेरित करती है। प्रेम मूर्ति महराज ने भगवान कृष्ण और रूक्मिणी विवाह की कथा का मनोहारी वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलता है।कथा के अंत में भागवत महापुराण की आरती उतारी गई और भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। कथा यजमान इन्द्रकली मिश्रा, ओमप्रकाश मिश्र शांति देवी, हरिशंकर मिश्र, आनंद नाथ मिश्र, सेवानिवृत्त आईएएस मणि प्रसाद मिश्र, अधिवक्ता विजय नारायण मिश्र,रमाकांत तिवारी, सूर्य प्रकाश मिश्र सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण किया।

## पुत्री के गुम होने पर पिता ने मुकदमा दर्ज कराया

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरया गाँव निवासी लल्ला कोल ने रविवार को थाने मे तहरीर देकर पुत्री को बहला फुसलाकर भगाने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दी गई तहरीर में बताया है की बीते 23 जनवरी को समय पांच बजे भोर जंगल में लकड़ी लेने मेरी पुत्री गई थी की जो वापस घर नही आई खोजबीन किया तो मालूम हुआ की की गाँव निवासी एक युवक मेरी पुत्री को बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर भगा ले गए है जिस पर पुलिस ने युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष श्याम लाल ने बताया की युवक की तहरीर पर युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# धूमधाम से मनाई गई संत रविदास जयंती बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा



**स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के कोन भरुहवा गांव में रविवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। नव युवक समिति कोन भरुहवा के तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जयंती समारोह को लेकर गांव में सुबह से ही उत्सव का माहौल बना रहा। युवा समाजसेवी एवं ग्राम प्रधान पद प्रत्याशी नदिहार के सुजीत पटेल ने फीता काटकर किया। इसके बाद उन्होंने संत गुरु रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सुजीत पटेल ने कहा कि संत गुरु रविदास एक महान समाज सुधारक थे। संत रविदास की जयंती युवाओं के लिए प्रेरणा का काम करती है। हर साल की भांति इस वर्ष भी संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिन्होंने भेदभाव रहित समाज की परिकल्पना की थी। उनके विचार आज भी समाज को सही मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि संत रविदास द्वारा दिया गया समानता, भाईचारा और मानवता का संदेश आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी एकता और सद्भाव को मजबूत करते हैं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संत रविदास का जीवन संघर्ष, सादगी और सेवा का प्रतीक रहा है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज से कुरीतियों को दूर किया जा सकता है। सुरेंद्र मौर्य ने बिरहा गीत गाकर संत रविदास की जयंती पर लोगों का मन मोह लिया लोग तालियां बजाने को मजबूर हो गए। कार्यक्रम का संचालन श्याम बिहारी मौर्य ने किया। इस मौके पर समिति के राहुल, मुकेश कुमार, प्रवेश विश्वकर्मा, संदीप कुमार, अरुण मौर्य, संजय मौर्य, श्याम नारायण मौर्य ,गिरिजा मास्टर, शंभू मास्टर, कल्लू भारती, रमेश,समाजसेवी राजदीप पटेल उर्फ (राजू) सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# बहू के बंधक बनाए जाने पर परिवारजन परेशान, थाना से लगाई गुहार

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** थाना संतनगर अंतर्गत पड़रिया कला की बहू अपने मायके से ससुराल आने को हलिया थानांतर्गत कुशियरा से बुधवार को दोपहर निकली आज तक घर नहीं पहुंचने पर परिवारी जन परेशान है।पड़रिया कला के राधेश्याम कोल ने बताया कि मेरा लड़का बाहर जाकर काम करता है।बहू हलिया थाना क्षेत्र के कुशियरा अपने मायके गई थी जहा से बुधवार दोपहर प्राइवेट बस कुशियरा से मीरजापुर चलती है उसी पर मायके के लोग बैठा दिए मेरी बहू 24 वर्षीय गीता को दीपनगर बस से उतर कर पड़रिया कला घर पहुंचना था वह सो गई जिससे मीरजापुर चली गई। मिर्जापुर से बस वाले ने दूसरी बस पर बैठाया कि इसी से चली जाओ घर पहुंच जाओगी वह बैठ गई।उस बस में मेरी बहू को एक अज्ञात महिला मिली जो उसे साथ ले गई कि चलो हम तुम्हारे घर छोड़ देंगे। बहू घर नहीं पहुंची तो मायके फोन किया गया वहा से बताया गया कि गीता बुधवार को ही जा चुकी है फिर उसके पास जो नंबर था उस पर फोन किया गया तो वह आप बीती बताई कि एक विधवा महिला है वही अपने साथ मुझे रखी है। वह दिन में कही नौकरी करने जाती है मुझे घर में बंद कर जाती है फिर शाम को आने पर कमरे से बाहर निकलना होता है वह भी उसी महिला की निगरानी में ही रहना पड़ता है। मायके के लोग हलिया थाना में तहरीर दिए फिर भी कोई कार्यवाई नही की गई।मैं रविवार को थाना संतनगर गया जहा से भी मुझे घटना हलिया थाना क्षेत्र का बता कर वापस भेज दिया गया। इस संबंध में एसआई सुशील त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित के बताए नंबर पर बात करने का प्रयास किया गया किंतु फोन बंद था।घटना हलिया थाना क्षेत्र का है वही से नंबर सर्विलांस पर लगाने पर ही मामले की सही जानकारी हो पाएगी।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन




**स्वतंत्र भारत लालगंज (मिर्जापुर)।** डॉ0 एस पी पटेल जी राष्ट्रीय सचिव चिकित्सा मंच अपना दल एस/अध्यक्ष भूमि विकास बैंक लालगंज मिर्जापुर के नेतृत्व में ग्राम प्रधान पड़रिया खुर्द राजेश पटेल के निर्देशानुसार कंपोजिट विद्यालय पड़रिया खुर्द, पटेहरा मड़िहान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसमें 128 रोगियों की जॉच, उपचार एवं निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। जिसमें ज्यादातर आँख , जोड़ों के दर्द तथा सर्दी खांसी एवं शुगर के रोगी देखे गए। कार्यक्रम में डॉ एम बी शर्मा, डॉ शालिनी सिंह, डॉ नवेन्दु पटेल, डॉ ओ पी सिंह, डॉ सुनील पाल एवं पैरामेडिकल सीमा मौर्य, दीपक मौर्य, संजीव प्रजापति एवं सरिता गौतम ने अपना अपना सहयोग प्रदान किया, उक्त अवसर पर जोन अध्यक्ष रामलखन पटेल, जिला उपाध्यक्ष सहकारिता मंच मनोज कुमार सिंह (बबलू), दीनानाथ पटेल, शिवनारायन विश्वकर्मा, सत्येंद्र कोल, दयाशंकर मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## क्रिकेट मैच के दौरान मारपीट, हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत अदलहाट (मिर्जापुर)।** थाना अदलहाट पुलिस ने क्रिकेट खेलने के दौरान एक युवक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में इस्तेमाल किया गया क्रिकेट बैट भी बरामद कर लिया है।

बीती 27 जनवरी 2026 को मदनपुरा निवासी जगदीश पटेल ने पुलिस को तहरीर दी थी कि उनके पुत्र अमन कुमार सिंह पर क्रिकेट खेलने के दौरान आरोपी ने बैट से सिर पर जोरदार प्रहार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस शिकायत पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक अभयनारायण सिंह और रामकुमार यादव की टीम ने कठडीहा तिराहे के पास से आरोपी को दबोच लिया।गिरफ्तार अभियुक्त का नाम अरविन्द पटेल उर्फ भोला (पुत्र राजेन्द्र पटेल, निवासी मदनपुरा) बताया गया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर बैट बरामद कर लिया है जिससे अमन पर हमला किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस ने कागजी कार्यवाही पूरी करने के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

## उच्च न्यायालय का सख्त आदेश: आपराधिक प्रवृत्ति वाले अधिवक्ताओं पर बार चुनाव लड़ने की रोक

**स्वतंत्र भारत मऊ।** उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के पंजीकरण को निरस्त किए जाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि जिन अधिवक्ताओं के विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज हैं और जो वर्तमान में विचाराधीन हैं, वे बार एसोसिएशन के चुनाव में भाग नहीं ले सकेंगे। इस आदेश के तहत ऐसे मामलों की निगरानी (मॉनिटरिंग) की जिम्मेदारी रजिस्ट्रार चिट्स फंड को सौंपी गई है।इसी क्रम में अधिवक्ता अजय कुमार सिंह का बार काउंसिल द्वारा किया गया पंजीकरण निलंबन उन्हें किसी भी बार चुनाव में प्रत्याशी बनने से वंचित करता है। हालांकि, वर्तमान में इस निलंबन आदेश पर स्थगन (स्टे) दिया गया है। मामले की सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने बार काउंसिल को निर्देशित किया है कि वह इस प्रकरण में 12 सप्ताह की अवधि के भीतर अंतिम निर्णय ले।न्यायालय के इस आदेश को अधिवक्ता समुदाय में पारदर्शिता और नैतिकता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने बजट 2026-27 को बताया विकसित भारत की मजबूत नींव

**स्वतंत्र भारत मऊ।** भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य ने केंद्रीय बजट 2026-27 की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला है। उन्होंने कहा कि बजट में हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर नागरिक को सशक्त बनाने का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत किया गया है।पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को दर्शाने वाले इस बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष मुन्ना दुबे ने कहा कि यह बजट उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाकर आर्थिक विकास को गति देगा।मीडिया प्रभारी कृष्ण कांत राय ने बताया कि 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' तेजी से आगे बढ़ रही है और बजट में हाई स्पीड रेल, मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर व अस्पतालों की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल हैं। इस अवसर पर भाजपा के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रधान न्यायाधीश फैमिली कोर्ट को अधिवक्ताओं ने दी भावपूर्ण विदाई

**स्वंतत्र भारत विस मऊ।** प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय विजेश कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने पर सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं ने शनिवार को भावपूर्ण विदाई दी। सिविल कोर्ट सेन्ट्रल बार के भरे सभा कक्ष में अधिवक्ताओ ने उन्हें विदाई दी। प्रधान न्यायाधीश विजेश कुमार सिंह ने साढ़े 3 महीने के लिए प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय के रूप में यहां कार्यरत रहते हुए सेवानिवृत्त हुए । विदाई समारोह के दौरान सिविल कोर्ट सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शमशुल हसन और महामंत्री लक्ष्मीकांत यादव ने जिला जज को अंग वस्त्रम और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश विजेश कुमार ने कहा प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय के रूप में कार्य के दौरान कार्यालय के कर्मचारियों और बार का काफी सहयोग रहा। मौके पर सभी न्यायिक अधिकारी एडीजे प्रथम बाकर शमीम रिजवी,सीजेएम के.पी सिंह समेत वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश मिश्र, हरिद्वार राय, राजेंद्र राय, अमरनाथ सिंह, शिवप्रसाद श्रीवास्तव, अशोक कुमार अश्क, निर्मला यादव, हरिशंकर पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

**स्वतंत्र भारत मऊ।** सीनियर बैडमिंटन क्लब के जिला अध्यक्ष मनीष सर्राफ एवं जिला महामंत्री विनोद यादव के नेतृत्व में डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगरपालिका के ईओ दिनेश यादव और शहर कोतवाल अनिल सिंह द्वारा किया गया।प्रतियोगिता का संचालन प्रशांत वर्मा ने किया।

# दुग्ध आउटलेट और 5 मीट्रिक टन कोल्ड स्टोरेज का किया उद्घाटन

**स्वतंत्र भारत मीरजापुर।** जनपद में कृषि और महिला स्वावलंबन को नई ऊंचाई पर ले जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने

### जिलाधिकारी ने किया नवचेतना एफपीओ का निरीक्षण

### किसानों को मिली कोल्ड स्टोरेज की सौगात

विकास खण्ड सीखड़ स्थित नवचेतना एफपीओ का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने जागृति स्वयं सहायता समूह (यसएचजी) और नवचेतना के समन्वय से स्थापित एक आधुनिक मिल्क आउटलेट का भव्य उद्घाटन किया। इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा केंद्र पर 5 मीट्रिक टन क्षमता के कोल्ड स्टोरेज का भी लोकार्पण किया गया। इस कोल्ड स्टोरेज की स्थापना से क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। विशेष रूप से टमाटर और मिर्च जैसी जल्दी खराब होने वाली फसलों की 'शेल्फ लाइफ' (भंडारण क्षमता) बढ़ जाएगी, जिससे किसानों को बाजार में बेहतर दाम मिल सकेंगे। जिलाधिकारी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उप निदेशक उद्यान मेवा राम के सहयोग से निर्मित यह कोल्ड स्टोरेज क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगा।

**स्वयं सहायता समूह की दीदियों का बढ़ाया उत्साह**

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने




वर्मीकम्पोस्ट (जैविक खाद) इकाई और कोल्ड स्टोरेज के कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने वहां उपस्थित स्वयं सहायता समूह की दीदियों और प्रगतिशील किसानों से संवाद करते हुए कहा कि, यदि एसएचजी और किसान एकजुट होकर काम करें, तो सीखड़ ब्लॉक के उत्पादों को राष्ट्रीय पटल पर एक नई पहचान मिलेगी। उन्होंने समूह की महिलाओं को और अधिक सशक्त होने और उद्यमिता से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपनिदेशक उद्यान मेवाराम, जिला कृषि अधिकारी डॉ अवधेश यादव एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने जिलाधिकारी को आश्वस्त किया कि विभाग द्वारा किसानों को तकनीकी सहायता और सरकारी योजनाओं का लाभ निरंतर प्रदान किया जा रहा है।

स्वतंत्र भारत
वर्गीकृत

**सूचना**

मैं PUJA PAUDEL मेरे पति आर्मी नं0-JC-613575L, RANK-NB/SUB GIRI RAJ SUBEDI के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम त्रुटिवश PUJA SUBEDI दर्ज है जबकि सही नाम PUJA PAUDEL है।

सी.आर.-2548/ D-25

**सूचना**

BABLI SINGH WIFE OF NO-2610892N RANK-HAV, NAME-RAHUL KUMAR, PRESENTLY RESIDING AT VILL-POKHARAMA, PO-POKHARAMA, TEH-KAJRA, DISST-LAKHISARAY, STATE-BIHAR, PIN-811309, I HAVE CHANGE MY NAME FROM BABLI TO BABLI SINGH AS PER ADHAR RECORDS VIDE AFFIDEVIT DECLARACTION DATE 31-1-2026 ...ADVOCATE, AND NOTIRY..Keshav Ram Tiwari, Shahjahanpur up

सी.आर.-2548/ D-45

**सिटी लॉ कालेज**
सम्बद्ध डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या
उक्त महाविद्यालय में विधि पंचवर्षीय हेतु निम्न प्रवक्ताओं की आवश्यकता है- :-
**अंग्रेजी, इतिहास, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान एवं मनोविज्ञान में 1-1 पद एवं विधि विषय में 15 पद।**
उक्त पदों पर इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी अपने आवेदन दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की प्रति एवं अर्हता सम्बन्धी प्रपत्रों की एक-एक प्रतियां महाविद्यालय के पते पर विज्ञापन के 15 दिनों के अन्दर पोस्ट द्वारा या ई-मेल के माध्यम से प्रेषित करें। वेतन एवं अर्हता यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय की परिनियमावली के अनुसार।
ग्राम लश्कर बजहा पोस्ट प्रतापगंज, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी मो0 : 9369638650 / 8400133333
E-mail: cgclko.com@gmail.com

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

# बजट : सरकार की कमाई और खर्च, पूरी तस्वीर




**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज 53.47 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट पेश किया इस बजट को आधार बना कर देखें तो हम यह समझ सकेंगे कि बजट के हर एक रुपये का कितना पैसा कहां से आया और कहां गया। बजट में साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार सरकार ने एक रुपये का 24 पैसा उधारी और अन्य प्रकार की देयताओं के जरिए जुटाया। इसके बाद सबसे ज्यादा राशि आयकर से आई। इस मद से सरकार को एक रुपये के 21 पैसे मिले। इसके बाद कंपनियों पर लगने वाले कर यानी निगम कर के जरिए सरकार ने एक रुपये के 18 पैसे जुटाए। इसके बाद माल और सेवा कर और अन्य करों की वसूली से सरकार को 15 पैसे से अधिक की आमदनी हुई। बजट 2025 के आंकड़ों के अनुसार, करों के अलावा अन्य स्रोतों से सरकार को एक रुपये के 10 पैसे मिले । वहीं, केंद्रीय उत्पाद शुल्क से 6 पैसे और सीमा शुल्क से 4 पैसे की आमदनी हुई। उधार के अलावा अन्य स्त्रोतों से पूंजीगत प्राप्ति के तहत सरकार को एक रुपये में 2 पैसा मिला। आंकड़ों के अनुसार, सरकार के पास आने वाले हर एक रुपये में से 20 पैसे ऋणों की ब्याज अदायगी में खर्च होंगे । 22 पैसे करों और शुल्कों में राज्यों की हिस्सेदारी के तौर पर दिए जाएंगे । सरकार ने अपने पास आने वाले एक रुपये में से 17 पैसे केंद्रीय योजनाओं पर खर्च किए जाएंगे । 8 पैसे राज्यों में केंद्र प्रायोजित योजनाओं पर खर्च होंगे। 11 पैसे रक्षा क्षेत्र में खर्च किए जाएंगे । वित्त आयोग और अन्य मदों में भी 7 पैसे खर्च किए जाएंगे। आर्थिक सहायता के लिए 6 पैसे, पेंशन के लिए 2 पैसे, और अन्य मदों में सरकार के हर एक रुपये से 7 पैसे खर्च होंगे ।

# भारत ने पक्के दोस्त के लिए खोला खजाना



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आगामी वित्त वर्ष के लिए विदेश मंत्रालय के बजट में करीब 1,600 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी करते हुए कुल 22,119 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। बजट के आवंटन से साफ है कि जहां बांग्लादेश और मालदीव से जुड़े मामलों में कटौती की गई है, वहीं अफगानिस्तान, नेपाल, भूटान और श्रीलंका के लिए मदद बढ़ाकर नई रणनीतिक दिशा दिखाई गई है। अफगानिस्तान के लिए आवंटन में 50 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी कर कुल 150 करोड़ रुपये किया गया है। इसे क्षेत्रीय कूटनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है। दूसरी ओर बांग्लादेश से जुड़े मामलों के लिए आवंटन घटाकर 60 करोड़ रुपये कर दिया गया है. पिछले साल आवंटित 120 करोड़ रुपये का पूरा उपयोग न हो पाने के बाद यह कटौती की गई है. संकेत साफ हैं कि ढाका के साथ सहयोग अब सीमित दायरे में रखा जाएगा। मालदीव के लिए भी 50 करोड़ रुपये की कटौती कर कुल 550 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

**नेपाल-भूटान का बजट बढ़ा**

सबसे बड़ा संदेश नेपाल और भूटान को लेकर है। नेपाल के लिए आवंटन बढ़ाकर 800 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जो पिछले साल से 100 करोड़ रुपये अधिक है. वहीं, भूटान के लिए 2,288 करोड़ रुपये का बड़ा आवंटन किया गया है, जिससे भारत की वित्तीय मदद और विकास साझेदारी मजबूत होगी। नेपाल-भूटान में बढ़ा भारतीय निवेश इस समय आया है जब चीन इन देशों में निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के जरिए अपनी मौजूदगी बढ़ाने की कोशिश कर रहा था. भारत के इस कदम से चीन की भी रणनीतिक टेंशन बढ़ जाएगी।

श्रीलंका के लिए भी आवंटन 100 करोड़ रुपये बढ़ाकर कुल 400 करोड़ रुपये किया गया है।

## एक नज़र

### अब ईरान ने ईयू सेनाओं को किया ब्लैकलिस्ट

**आईआरजीसी पर कार्रवाई के बाद यूरोपीय संघ पर भड़का तेहरान**

**तेहरान।** ईरान की संसद अध्यक्ष ने रविवार को कहा कि इस्लामी गणराज्य अब यूरोपीय संघ के सभी सैन्य बलों को आतंकवादी समूह मानता है। मोहम्मद बगेर कलीबाफ की यह टिप्पणी पिछले सप्ताह यूरोपीय संघ द्वारा ईरान के अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड को देश में राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों पर खूनी दमन में उसकी भूमिका के लिए एक आतंकवादी समूह के रूप में सूचीबद्ध करने के समझौते के बाद आई है।

**2019 के एक कानून का हवाला देकर की घोषणा**

कलीबाफ ने इस घोषणा के लिए 2019 के एक कानून का हवाला दिया। यह कानून अमेरिका द्वारा गार्ड को आतंकवादी समूह घोषित करने के बाद पारित किया गया था। यह ईरान को ऐसे किसी भी राष्ट्र के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की अनुमति देता है जो इस निर्णय का अनुसरण करता है। कलीबाफ ने यह घोषणा तब की जब वह और अन्य लोग संसद में गार्ड की वर्दी पहने हुए थे। कलीबाफ गार्ड में कमांडर थे। हालांकि, यह ऐसे समय में हो रहा है, जब मध्य पूर्व में तनाव चरम पर है क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य हमले पर विचार कर रहे हैं।

### 'वेनेजुएला का तेल खरीदेगा भारत'

**ट्रंप बोले-समझौते की रूपरेखा तैयार**

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तेल खरीद पर भारत को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि भारत पहले ही तेल खरीदने के लिए एक समझौता कर चुका है। ट्रंप ने रविवार को कहा कि भारत ईरान से कच्चा तेल खरीदने के बजाए वेनेजुएला से तेल आयात करेगा। फ्लोरिडा जाते समय एयर फोर्स वन में मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, हमने पहले ही समझौता कर लिया है। भारत इसमें शामिल हो रहा है और वह ईरान से तेल खरीदने के बजाए वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। इसलिए हमने समझौते की रूपरेखा तैयार कर ली है। उन्होंने आगे कहा, हमने पहले ही समझौता कर लिया है। भारत इसमें शामिल हो रहा है और वे आ रहे हैं, हमने पहले ही उस समझौते पर सहमति बना ली है, समझौते की अवधारणा तैयार कर ली है।

### बलूचिस्तान में 92 आतंकी ढेर, 15 सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। सेना ने रविवार को जानकारी दी कि अलग-अलग मुठभेड़ों में कम से कम 92 आतंकवादी मारे गए हैं। इस संघर्ष में पाकिस्तान के 15 सैनिकों ने भी अपनी जान गंवाई। शनिवार को जातीय बलूच समूहों से जुड़े आतंकियों ने कई जगहों पर हमले किए थे। इसके जवाब में सेना ने यह कार्रवाई शुरू की। आतंकियों के हमलों में महिलाओं, बच्चों और मजदूरों समेत 18 नागरिकों की मौत हो गई। पिछले दो दिनों में कुल 133 आतंकी खत्म किए जा चुके हैं। बलूचिस्तान में पिछले कुछ वर्षों से हिंसा काफी बढ़ गई है। सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज (सीआरएसएस) ने जनवरी की शुरुआत में बताया कि हाल के वर्षों में बलूचिस्तान में हिंसा बढ़ी है, पिछले साल प्रांत में मरने वालों की संख्या 787 से बढ़कर 956 हो गई, जो पिछले साल के मुकाबले लगभग 22 प्रतिशत ज्यादा है। इस्लामाबाद स्थित थिंक टैंक पाक इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज के अनुसार, 2025 में पूरे पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों और हिंसा में 34 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, और इस साल देश भर में 699 आतंकवादी घटनाएं दर्ज की गईं।

### जापान-ब्रिटेन में साइबर सुरक्षा व खनिज पर मजबूत साझेदारी

**चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच बनाई नई रणनीति**

**टोक्यो।** एशिया-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच जापान और ब्रिटेन ने अपनी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने का फैसला किया है। दोनों देशों ने साइबर सुरक्षा और महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सहयोग तेज करने पर सहमति जताई। यह समझौता ऐसे समय हुआ है, जब वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक और तकनीकी चुनौतियां तेजी से बढ़ रही हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने टोक्यो दौरे के दौरान कहा कि दुनिया इस समय भू-राजनीतिक, आर्थिक और तकनीकी झटकों से गुजर रही है। उन्होंने जापान की नेता साने ताकाइची के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में बताया कि दोनों देशों ने साइबर सुरक्षा को मजबूत करने और अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए नई साइबर स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप शुरू करने पर सहमति बनाई है। जापान को हाल के समय में चीन के साथ बढ़ते तनाव का सामना करना पड़ा है। खासकर ताइवान को लेकर संभावित सैन्य कार्रवाई की आशंकाओं ने क्षेत्रीय सुरक्षा पर सवाल खड़े किए हैं।

**साइबर सुरक्षा पर खास जोर**

विशेषज्ञों ने जापान की साइबर सुरक्षा को लेकर पहले भी चिंता जताई थी, खासकर तब जब देश अपनी सैन्य ताकत बढ़ा रहा है और अमेरिका सहित सहयोगी देशों के साथ नजदीकी बढ़ा रहा है। नई साझेदारी का उद्देश्य डिजिटल हमलों से बचाव, आर्थिक ढांचे की सुरक्षा और तकनीकी सहयोग को मजबूत करना है।

### नौ देशों को चीन के लड़ाकू विमान बेच रहा है पाक

**इनमें सऊदी अरब समेत आठ मुस्लिम देश शामिल**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की आर्थिक हालत किसी से छिपी नहीं है। देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए पाकिस्तान हर मुमकिन पैंतरा आजमाता है। इसी कड़ी में अब पाकिस्तान ने दलाली का काम भी शुरू कर दिया है। जी हां, पाकिस्तान 9 देशों को चीन के लड़ाकू विमान बेच रहा है। 9 देशों की इस लिस्ट में सऊदी अरब समेत 8 मुस्लिम देश शामिल हैं। पाकिस्तान ने चीन के लड़ाकू विमान जेएफ-17 की बोली लगाना भी शुरू कर दिया है। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में पाक और चीन का जॉइंट वेंचर स्थापित किया गया है, जिसके तहत जे-सीरीज लड़ाकू विमानों का प्रोडक्शन किया जा रहा है। इस्लामाबाद के कामरा में चीन की कंपनी चेंडु एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन और पाकिस्तान एयरोनॉटिकल कॉम्पलेक्स ने जॉइंट वेंचर की शुरुआत की है। इसमें वेंचर में चीन के 500 एयरोनॉटिकल इंजीनियर मौजूद हैं। चीन और पाकिस्तान की इस डील को ऑलवेज ब्रदर डील का नाम दिया गया है। इस डील के तहत 200 फाइटर जेट बेचने का लक्ष्य है, जिसका 80 प्रतिशत चीन के खाते में जाएगा और बाकी का 20 प्रतिशत पाकिस्तान लेगा। खरीदारों की लिस्ट में सऊदी अरब, नाइजीरिया, अजरबैजान, लीबिया, मोरक्को, इंडोनेशिया, इथियोपिया और सूडान का नाम शामिल है।

# यूक्रेन युद्ध खत्म कराने की कोशिशें तेज

- अमेरिका और रूस के बीच हुई सकारात्मक बातचीत

**फ्लोरिडा।** यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की दिशा में अमेरिका और रूस के बीच एक अहम बातचीत हुई है। अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और रूस के विशेष दूत किरिल दिमित्रिएव के बीच हुई इस बैठक को दोनों पक्षों ने सकारात्मक और उपयोगी बताया है। यह बैठक अमेरिका के फ्लोरिडा में हुई, जहां दोनों देशों ने यूक्रेन युद्ध का शांतिपूर्ण समाधान निकालने पर चर्चा की। बातचीत के बाद विटकॉफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि रूस शांति की दिशा में काम करने को तैयार दिख रहा है। अमेरिकी पक्ष की ओर से इस बैठक में अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट, ट्रंप के दामाद जेरेड कुश्नर और व्हाइट हाउस के वरिष्ठ सलाहकार जोश ग्रुएनबाम भी मौजूद थे। इससे एक दिन पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करने की दिशा में अच्छी प्रगति हो रही है। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच गहरी दुश्मनी शांति की राह को मुश्किल बना रही है।

# नेपाल में आम चुनाव के लिए प्रचार शुरू

**काठमांडू।** नेपाल में पांच मार्च को आम चुनाव होने हैं। चुनाव से पहले उम्मीदवारों ने प्रचार शुरू कर दिया है। काठमांडो के पूर्व मेयर बालेंद्र शाह बालेन और पूर्व प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड भी मैदान में उतर चुके हैं। दोनों नेता अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं और लोगों से मुलाकात कर रहे हैं। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को राजनीतिक दलों को प्रचार की अनुमति दी। यह प्रचार 16 फरवरी से शुरू होगा और 15 दिनों तक चलेगा। लेकिन उम्मीदवारों को इस तारीख से पहले भी घर-घर जाकर प्रचार करने की इजाजत है।

# 'निपाह एक दुर्लभ लेकिन गंभीर बीमारी'

- डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कहा- इसके मामले भारत तक ही सीमित

**जेनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयसस ने चेतावनी दी है कि निपाह वायरस के मामले दुर्लभ हैं लेकिन गंभीर भी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि निपाह वायरस के प्रकोप से जुड़े मामले केवल भारत तक ही सीमित हैं। किसी अन्य देश से इनकी सूचना नहीं मिली है। घेब्रेयेसस ने एक्स पर लिखा, पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस संक्रमण के दो मामले सामने आए है। वे 1998 में वायरस की पहली पहचान के बाद से इस राज्य में तीसरे मामले हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में अधिकारी 190 से अधिक संपर्कों की निगरानी कर रहे हैं। अभी तक किसी में भी यह बीमारी विकसित नहीं हुई है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख की यह चेतावनी वैश्विक स्वास्थ्य संस्था द्वारा यह कहने के एक दिन बाद आई है कि वायरस के फैलने का जोखिम कम है। किसी भी यात्रा या व्यापार प्रतिबंध की कोई आवश्यकता नहीं है।

# ट्रंप की टैरिफ धमकी पर तेवर में आया क्यूबा

- अमेरिका को दी चेतावनी

**हवाना।** कैरिबियाई सागर में स्थित देश क्यूबा को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आक्रामक नजर आ रहे हैं। ट्रंप ने पिछले दिनों कनाडाई विमानों पर 50 फीसदी और क्यूबा को तेल देने वाले देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। जिस पर अब क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज कैनेल बर्मुडेज ने तेल की आपूर्ति करने वाले देशों पर टैरिफ लगाने के अमेरिकी कदम की कड़ी निंदा करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि इसके पीछे का मकसद क्यूबा की अर्थव्यवस्था का गला घोंटना है। क्यूबा के राष्ट्रपति ने एक्स पर कई पोस्ट के जरिए अमेरिका पर निशाना साधा और कहा कि ट्रंप प्रशासन बल प्रयोग के जरिए अपनी विदेश नीति थोपने का खतरनाक तरीका अपना रही है। साथ ही कहा कि यह तय करने की कोशिश करने की भी जा रही है कि कौन से देश क्यूबा के साथ व्यापार कर सकते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि क्यूबा इस नए हमले का दृढ़ता, शांति और इस विश्वास के साथ सामना करेगा कि तर्क पूरी तरह से हमारे पक्ष में है।

# एपस्टीन फाइल्स में आया ब्रिटिश शाही खानदान का नाम

- पूर्व प्रिंस एंड्र्यू की आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल
- रॉयल फेमिली में मचा हड़कंप



**लंदन।** ब्रिटिश रॉयल फैमिली के पूर्व प्रिंस एंड्र्यू को लेकर एप्सटीन फाइल्स में नया खुलासा हुआ है। नये खुलासे में उन्हें हाथ और पैर के बल एक महिला के ऊपर लेटे देखा जा सकता है। ये तस्वीरें अमेरिकी न्याय विभाग ने शुक्रवार को जारी कीं, जिससे ब्रिटिश रॉयल फैमिली में हड़कंप मच गया है। ये तस्वीरें पूर्व प्रिंस एंड्र्यू पर राजनीतिक दबाव बढ़ाने वाली साबित हो रही है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने उन्हें अमेरिकी कांग्रेस के सामने गवाही देने की मांग की है। स्टार्मर ने जापान दौरे पर कहा कि एपस्टीन के पीड़ितों को न्याय मिलना सबसे जरूरी है। एक अनडेटेड तस्वीर में एंड्र्यू माउंटबेटन-विंडसर कैमरे की तरफ देखते हुए हाथ और पैर के बाल झुके हुए दिख रहे हैं।

नीचे एक महिला लेटी हुई है, लेकिन गोपनीयता के वजह से उसका चेहरा धुंधला कर दिया गया है। दूसरी तस्वीर में एंड्र्यू का हाथ उसी महिला के पेट पर रखा हुआ है। बैकग्राउंड में एक अज्ञात व्यक्ति टेबल पर पैर रखे बैठा है। इन तस्वीरों का कोई कैप्शन या संदर्भ नहीं दिया गया, इसलिए ये कब और कहां ली गई, ये साफ नहीं है। एपस्टीन दस्तावेजों में 2010 की एक ईमेल चेन भी शामिल है, जिसमें एपस्टीन ने एंड्र्यू को लंदन में एक दोस्त से मिलने का न्योता दिया। एंड्र्यू ने जवाब में कहा कि वो मिलने के लिए उत्सुक हैं और उसका संपर्क दें। एपस्टीन ने उस महिला को 26 साल की रूसी बताते हुए लिखा कि वो स्मार्ट, सुंदर और भरोसेमंद है। ये ईमेल एपस्टीन के नाबालिग से सेक्स सॉलिसिटेशन के दोषी ठहराए जाने के दो साल बाद भेजे गए थे। एक महीने बाद की ईमेल्स में दोनों लंदन में मिलने की योजना बनाते दिखते हैं। एंड्र्यू ने बकिंघम पैलेस में डिनर का सुझाव दिया, जहां बहुत प्राइवेसी होगी। एपस्टीन ने कहा कि उन्हें निजी समय की दरकार है।

# स्लोवाकिया बना वैश्विक कार हब

- कम मजदूरी के कारण बढ़ रहा निवेश
- 54 लाख कुल आबादी, हर साल बना रहा 10 लाख कारें



**लंदन।** यूरोप के मध्य में बसे छोटे से देश स्लोवाकिया ने वैश्विक ऑटोमोबाइल उद्योग में वह मुकाम हासिल कर लिया है, जिसकी कल्पना कभी पूर्वी यूरोप के समाजवादी दौर में मुश्किल लगती थी। महज 5.4 मिलियन यानी 54 लाख की आबादी वाला यह देश हर साल लगभग 10 लाख कारों का उत्पादन करता है और प्रति व्यक्ति उत्पादन के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा कार निर्माता बन चुका है। कोरियाई कंपनी किया से लेकर फॉक्सवैगन, स्टेलेंटिस और जगुआर लैंड रोवर तक, वैश्विक कार कंपनियों का भरोसा स्लोवाकिया की अर्थव्यवस्था, श्रम शक्ति और भौगोलिक स्थिति की ताकत को रेखांकित करता है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार उत्तरी स्लोवाकिया के जिलिना शहर के बाहर बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच स्थित किया की विशाल फैक्ट्री इस औद्योगिक सफलता की सबसे जीवंत तस्वीर पेश करती है। यहां 690 रोबोट स्टील कार बॉडी को वेल्ड कर असेंबली लाइन की शुरुआत तक पहुंचाते हैं। इसके बाद लाल पैंट और सफेद टी-शर्ट पहने हजारों कर्मचारी इन स्टील ढांचों को पूरी तरह तैयार कारों में बदलते हैं।

**खास हैं स्लोवाकिया में बनने वाली कारें**

चेकस्लोवाक सोशलिस्ट रिपब्लिक के दौर में यहां बनने वाली कारें पश्चिमी मानकों पर कमजोर, शोरगुल वाली और ज्यादा ईंधन खपत करने वाली मानी जाती थीं लेकिन 1989 की वेल्वेट रिवोल्यूशन के बाद तस्वीर बदलने लगी। 1991 में फॉक्सवैगन ने स्कोडा में निवेश शुरू किया और 2000 तक पूरी कंपनी खरीद ली। 1993 में चेक गणराज्य और स्लोवाकिया के अलग होने के बाद दोनों देशों में विदेशी कार निर्माताओं का निवेश तेजी से बढ़ा।

# बाइडेन ने मेलोनी को छोड़ सबको तोहफे बांटे

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने वर्ल्ड लीडर्स से मिले सारे तोहफे बांट दिए। लेकिन बाइडन ने एक तोहफा संभाल कर रखा है, जिसे इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने उन्हें दिया था।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाइडन को कस्टम-डिजाइन स्टर्लिंग-सिल्वर ट्रेन सेट गिफ्ट किया था, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने उसे भी अपने पास नहीं रखा है। दुनिया भर के नेताओं ने जो बाइडन को उनके कार्यकाल के आखिरी साल में कई तोहफे दिए थे, जिसे उन्होंने बांट दिया। लेकिन इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी के तोहफे के लिए उनके दिल में एक खास जगह है। अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट के पब्लिश किए गए रिकॉर्ड्स से पता चलता है कि मेलोनी ने मार्च 2024 में बाइडन को 723 डॉलर की बुकेलाटी कफलिंक की एक जोड़ी थी। बाइडन ने अपने कार्यकाल की आखिरी रिपोर्ट में एक और तोहफे को अपने पास रखने का जिक्र किया, जो उन्हें 2023 में पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने दिया था।

## सहज राजपूत को आलिया भट्ट से मिली प्रेरणा



**मुंबई।** लोकप्रिय ज़ी टीवी का शो 'जाने अनजाने हम मिले', जिसमें भारत अहलावत (राघव) और आयुषी खुराना (रीत) नजर आ रहे हैं, हाल ही में एक बेहद नाजुक और झकझोर देने वाला सीन लेकर आया। इस सीन में उन्नति का किरदार निभा रहीं सहज राजपूत पर शारीरिक हमला होता है। ये सीन सिर्फ कहानी का अहम हिस्सा नहीं बना, बल्कि सहज के लिए इसे शूट करना भी आसान नहीं रहा। हाल में टेलीकास्ट हुए इस सीन में घटना के बाद उन्नति जिस गहरे सदमे से गुजरती है, उसे बड़ी सच्चाई से दिखाया गया है। कैमरे के पीछे भी ये सीन सहज के लिए आसान नहीं था, क्योंकि पहली बार उन्होंने स्क्रीन पर इतना तीखा सीन किया। इस अनुभव को साझा करते हुए सहज राजपूत ने कहा, ''ये सीन मेरे लिए खास तौर पर मुश्किल था, क्योंकि इसमें काफी शारीरिक एक्शन था, जैसे हमलावर का सामना करना और उसे धक्का देना। इस सीन को करते हुए मैं अंदर तक प्रभावित हुई।'' इस सीन के लिए प्रेरणा के बारे में सहज ने आगे कहा, ''उस मायने में आलिया भट्ट मेरे लिए प्रेरणा रही हैं। फिल्म 'हाइवे' का वो सीन, जिसमें उनका किरदार अपने साथ हुए हमले के बारे में बताता है, मैंने अपनी एक्टिंग क्लासेस में किया था, इसलिए उन जज़्बातों को पहले से महसूस कर चुकी थी।''

## सस्पेंस, हंसी और हाई-वोल्टेज ड्रामा!




**मुंबई।** मनोरंजन से भरपूर एक खास हफ्ता, जहां घोस्ट ड्रामा, जबरदस्त कॉमेडी और इमोशनल ट्विस्ट एक साथ देखने को मिलेंगे। एण्डटीवी के लोकप्रिय शो 'घरवाली पेड़वाली', 'भाबीजी घर पर हैं 2.0' और 'हप्पू की उलटन पलटन' के आने वाले एपिसोड्स में सस्पेंस, हंसी और हाई-वोल्टेज ड्रामा का तड़का लगने वाला है। 'घरवाली पेड़वाली' में सावी का किरदार निभा रही सीरत कपूर ने बताया, ''कहानी तब और रोमांचक हो जाती है जब लड्डू और लतिका (प्रियंवदा कांत) अचानक परिवार को दिखाई देने लगते हैं, लेकिन सच्चाई सामने आने से पहले ही जीतू चालाकी से उन्हें वहां से भेज देता है।'' इधर, 'हप्पू की उलटन पलटन' के बारे में बताते हुए राजेश की भूमिका निभा रहीं गीतांजलि मिश्रा ने कहा, ''कहानी तब बिखर जाती है जब राजेश बच्चों को पढ़ाई में लापरवाही के लिए डांटती है, जिससे घर में बड़ा झगड़ा हो जाता है। बात इतनी बढ़ जाती है कि राजेश, हप्पू (योगेश त्रिपाठी) से अलग होने का ऐलान कर देती है।'' उधर, 'भाबीजी घर पर हैं' के बारे में बताते हुए अंगूरी भाबी की भूमिका निभा रहीं शिल्पा शिंदे ने कहा, ''हवेली में मेहमान की सुरक्षा का मिशन जारी रहते हुए कहानी अब मज़ेदार डर की और गहराई में पहुंच गई है।

बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु ।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089